## एक नजर

### चोरी की चार बाइक के साथ गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायतनगर पुलिस टीम ने एक आरोपी को चार चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। इनायत नगर इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह ने बताया उछाहपाली निवासी शेरे आलम उर्फ सोनू पुत्र मो. हक को कदनपुर मोड़ ग्राम भागीपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। चार मोटरसाइकिल बरामद हुई है। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेजा दिया गया है।

### पुलिस ने खाते में वापस कराए 33 हजार रुपये

**अयोध्या, अमृत विचार :** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर कार्रवाई कराते हुए ठगी गई रकम 33 हजार रुपये खाते में वापस कराई है। मंगलवार को साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दी थी कि 12 मार्च को साइबर ठगों ने उसको झांसा देकर उसके बैंक खाते से अलग-अलग किश्त में कुल 33 हजार रुपये ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। विधिक कार्रवाई कराते हुए पहले ठगी गई रकम को होल्ड कराया गया और फिर उसके खाते में वापस कराया गया है।

### ऑल इंडिया सीनियर उपाध्यक्ष बनने पर हुआ स्वागत


स्वागत करते पीएनबी स्टाफ यूनियन के सदस्य

**अयोध्या, अमृत विचार :** ऑल इंडिया पीएनबी एम्पलाइज एसोसिएशन के सीनियर उपाध्यक्ष बनाए जाने पर आरएस उपाध्याय का मंगलवार को पीएनबी एम्पलाइज एसोसिएशन ने स्वागत किया। गृह जनपद अयोध्या लौटने पर आरएस उपाध्याय का स्टाफ यूनियन के सदस्यों ने सम्मान किया। बैंकर्स प्रीमियर लीग के आयोजन अध्यक्ष रवि यादव, विपिन कुमार, महेन्द्र, कृति कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# करीना की कुर्ती, ऐश्वर्या के लहंगे व कराची की चूड़ियों की भी डिमांड

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **ईद को लेकर बाजारों में उमड़ रहे खरीदार**

**अमृत विचार :** ईद की आमद पर शहर से लेकर कस्बों तक बाजार खरीदारों से गुलजार है। इस बार जहां करीना की कुर्तियों और ऐश्वर्या के लहंगे की धूम मची है वहीं बाजार पर बनारसी सेवइयां सिर चढ़ कर बोल रही हैं। डिजाइनर रेडीमेड कपड़ों के साथ अफगानी कुर्ते और पजामे की डिमांड खूब है। इसी के साथ ही कराची से आई चूड़ियों की भी खूब मांग है।

ईद की तैयारियों का असर शहर के मुख्य बाजार चौक, बजाजा, रिकाबगंज में नजर आने लगा है। शाम ढलने के साथ ही बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ जा रही है। ईद को देखते हुए चौक और अन्य इलाकों में दो सौ से ज्यादा सेवईं की दुकानें सज गई हैं। शहर के मुख्य सेवईं व्यवसायी मीरू भाई का कहना है कि इस बार बनारस का लड्डू खूब पसंद किया जा रहा है। सेवईं 60 रुपए से लेकर 160 रुपये के रेट में उपलब्ध है। सभी आइटम वाराणसी का है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार लगभग 10 प्रतिशत दाम में इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि रोजाना दस से पंद्रह हजार की बिक्री हो रही है। लच्छेदार सेंवइयां 700 रुपये किलो तक है। मुलतानी सेंवइयां तीन सौ से 800 रुपये बताई जा रही है। बाजार में कश्मीरी कसोल भी बाजार में अपनी धाक जमाने के लिए बेताब हैं।


चौक घंटाघर में चूड़ियां खरीदती महिलाएं।


चौक में खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### लड़कियों को भा रहे रंग-बिरंगे डिजाइनर सूट

ईद की खरीदारी कर रही लड़कियां टीवी सीरियलों से प्रेरित होकर रंग बिरंगे डिजाइनर सूट पसंद कर रही हैं। इनमें अनारकली और पाकिस्तानी काटन सूट सबसे ज्यादा डिमांड में है। इसके अलावा करीना की कुर्ती और ऐश्वर्या का लहंगा भी छाया है। एक कुर्ती सूट 1600 से 2000 में तो लहंगा आठ से 16 हजार हजार में है। चंदेली सूट, फ्रॉक सूट, पंजाबी सूट, पटियाला सूट भी खूब भा रहे हैं। महिलाएं काटन, जार्जेट, नेट, सिल्क, शिफान की साड़ियां खूब पसंद कर रही है। चूड़ी की दुकानों पर रवीना और हिना मार्का चूड़ियों की डिमांड ज्यादा है।

### दिन में ग्रामीण तो शाम को शहर के बाजार हो रहे गुलजार

त्योहार को देखते हुए हर दिन दोपहर में ग्रामीण क्षेत्रों से भारी भीड़ जुट रही है तो शाम को नगरीय लोगों से खचाखच बाजार भरा रहता है। सभी अपनी पसंदीदा चीजों को खरीदने में व्यस्त हैं। महिलाओं और बच्चों का उत्साह तो देखते ही बन रहा है। माता-पिता बच्चों की फरमाइश पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। सबको अब चांद रात का इंतजार है। घर सजाने की सामग्री के साथ ईद में सजावट की सामग्री की भी भरमार है।

### इंडियन के आगे अरेबिक मेहंदी का रंग पड़ा है फीका

ईद पर मेहंदी कोन की मांग बढ़ गई है। महिलाओं के श्रृंगार में अहम मानी जाने वाली मेहंदी की बिक्री बाजारों में कई गुना बढ़ गई है। मेहंदी विक्रेता जमालुद्दीन ने बताया कि इंडियन मेहंदी की मांग अधिक है। गहरे लाल रंग की छाप छोड़ने वाली इस मेहंदी की मांग हर आयु वर्ग में है। अरेबिक मेहंदी भी इन दिनों बाजार में धूम मचा रही है।

# तीन रेलिंग के बाद चार फिट का गैप, व्यापारी असंतुष्ट

## हनुमानगढ़ी मार्ग पर लगाई गई रेलिंग का मामला, चौराहे और तिराहे पर दिया सात फिट का गैप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन द्वारा हनुमानगढ़ी मार्ग पर लगाई गई रेलिंग में गैप दिए जाने के बाद भी दुकानदार अभी संतुष्ट नहीं हैं। हालांकि फौरी तौर पर मिली राहत के बाद दुकानों का संचालन शुरू हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि गैप के निर्धारित मानक कम हैं। इसे और बेहतर करना चाहिए।

जिला प्रशासन के मानक के अनुसार हनुमानगढ़ी मंदिर से लगभग 300 मीटर सड़क पर आठ फिट लंबे और दो फुट चौड़े रेलिंग को 10 फिट चौड़ा करके सड़क पर पांच लाइन में रेलिंग के अंदर भक्तों को दर्शन कराए जायेंगे। पहले रेलिंग सटाकर लगाई गयीं थीं। दुकानदारों के विरोध के बाद अब हर तीन रेलिंग के बाद चार फिट का और दर्शन मार्ग में पड़ने वाले चौराहों और तिराहों पर सात-सात फिट का गैप स्वीकृत किया गया है। जिसे मंगलवार को पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही भक्ति पथ पर आठ जगह ड्रॉप बैरियर की भी व्यवस्था की गई है जो स्थाई तौर से लगाया गया है। इन ड्रॉप बैरियर के आसपास भी दो फिट का गैप दिया गया है। गैप देने की बात पर स्थानीय व्यापारियों ने राहत की सांस ली है, लेकिन धरातल पर बैरियर से होने वाले नुकसान से आशंकित हैं। व्यापारी लालजी गुप्ता ने बताया कि जिस तरह से गैप करने के लिए कहा गया था। उतना नहीं किया गया। अरविन्द गुप्ता ने कहा कि गैप करने के बावजूद श्रद्धालु को दुकान तक आने में असुविधा हो रही है।


गैप को लेकर निरीक्षण करते अधिकारी।


देर शाम तक व्यापारियों और अधिकारियों की चल रही थी बातचीत।

### यलो जोन में रहने वालों के लिए बनेगा पास

अयोध्या धाम में यलोजोन में रहने वाले दुकानदारों और निवासियों को पास मिलेगा। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया जिला प्रशासन से बातचीत के बाद यलो जोन वासियों को राहत देने के एक प्रशासनिक पास की व्यवस्था पर सहमति बन गयी है। जिससे यलो जोन में आने-जाने वाले समस्त व्यापारियों व नागरिकों को भविष्य में कोई दिक्कत न हो।

> जिलाधिकारी से बात करने पर रेलिंग में गैप की प्रक्रिया पूरी कराई गई है। जहां- जहां व्यापारियों को ज्यादा दिक्कत थी वहां गैप करवाकर सुनिश्चित किया गया है। रेलिंग की व्यवस्था को अभी सिर्फ ट्रायल के तौर पर देखा जा रहा है। उसके बाद अन्य प्रयोग से सभी का हित देखते हुए कार्य करवाया जाएगा। - **पंकज गुप्ता, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष।**

### ग्रीष्मकालीन ट्रेन चली, कुछ का समय व मार्ग बदला

**अयोध्या,अमृत विचार :** उत्तर रेलवे ने वाराणसी-लखनऊ मार्ग पर एक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। वहीं लखनऊ स्टेशन स्थित फर्स्ट क्लास फुट ओवर ब्रिज को डिसमेंटल किये जाने को लेकर कुछ ट्रेनों का मार्ग और समय बदला है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सहूलियत के लिए 15 अप्रैल को गुवाहाटी से श्रीगंगानगर वनवे विशेष रेलगाड़ी का संचालन करने के निर्णय लिया है। यह ट्रेन 16 अप्रैल को 23:33 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी और 23:35 पर प्रस्थान करेगी। अयोध्या कैंट पर आगमन व प्रस्थान 23:53 व 23:58 बजे होगा। इसके अलावा लखनऊ रेलवे स्टेशन पर 11 से 13 अप्रैल तक ब्लॉक लिए जाने के चलते 13 अप्रैल को 15108 लखनऊ-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस,लखनऊ स्टेशन से समय 13:10 के स्थान पर 15:30 बजे प्रस्थान करेगी।



# पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा शिक्षिका की मौत का राज

पूरा बाजार, अयोध्या

▸▸ **मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों हुई थी मौत**

**अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र मया के प्राथमिक विद्यालय अमौनी में तैनात शिक्षिका प्रिया सिंह की मंगलवार को बेहद संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। प्रथम दृष्टया बीमारी से मौत बताई जा रही है लेकिन संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण पता चलेगा।

बताया जाता है शिक्षिका प्रिया सिंह (35) पत्नी संदीप सिंह निवासी रोहिली थाना रौनाही अयोध्या पाराखान दर्शन नगर में मकान खरीद के परिवार सहित रहती थी। मंगलवार सुबह अचानक तबीयत खराब होने से परिजन मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर लेकर पहुंचे जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राथमिक शिक्षक संघ मया के अमरनाथ वर्मा, मंत्री पंकज पांडे, कोषाध्यक्ष शमशाद अली, जिला संगठन मंत्री शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूरा ब्लॉक के अध्यक्ष डॉक्टर सत्येंद्र गुप्ता शोक जताया है। चौकी प्रभारी दर्शन नगर आशीष ने बताया कि घटना की जानकारी सुबह 8:00 बजे हुई। बताया शव को दोनों परिवारों की सहमति से तहसीलदार सदर की उपस्थिति में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य जांच भी की जा रही है।

# प्रबंध समिति ने डीआईओएस के खिलाफ खोला मोर्चा

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **राजकरण वैदिक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति का मामला**

**अमृत विचार :** आर्य समाज प्रबंध समिति द्वारा राजकरण वैदिक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति मामले को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया गया है।

समिति के अध्यक्ष और आर्य समाज के प्रधान अधिवक्ता हिमांशु त्रिपाठी ने आरोप लगाया है जिला विद्यालय निरीक्षक मनमानी ढंग से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा डीआईओएस प्रबंध समिति को अनावश्यक रूप से इंटरमीडिएट एक्ट के नियमों के विपरीत कालातीत बता कर कालेज संचालन में हस्तक्षेप कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समिति को संज्ञान में लिए बिना राजकरण वैदिक इंटर कॉलेज में उदय नारायण तिवारी को कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिया जबकि पूर्व में कार्यरत रहे स्वामीनाथ राम का त्यागपत्र समिति द्वारा पांच अप्रैल को स्वीकार किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि समिति के चुनाव और उससे संबंधित सभी पत्रावली जिला विद्यालय निरीक्षक के यहां दी गई उसके बाद भी समिति को मान्यता नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंध समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों को भी अनदेखा कर सीधा हस्तक्षेप किया जा रहा है जो सर्वथा अनुचित और नियमों के विपरीत है। आरोप लगाया है कि डीआईओएस द्वारा दशकों से पंजीकृत और संचालित आर्य समाज को भी गलत बताया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बिना प्रबंध समिति के अनुमोदन के कार्यवाहक प्रधानाचार्य की नियुक्ति अवैधानिक है। बताया कि जेडी द्वारा डीआईओएस की संस्तुति निरस्त की गई इसके बाद भी मनमानी कार्रवाई की जा रही है। अध्यक्ष ने कहा कि इसके खिलाफ आगे की लड़ाई लड़ी जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार आर्या का कहना है कि आरोप निराधार है, नियमों के तहत नियुक्ति की गई है।


पत्रकारों को जानकारी देते प्रबंध समिति के अध्यक्ष। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### भाजपा ने कई गांवों में आयोजित किया जनसंवाद कार्यक्रम

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा ने कुमारगंज मंडल के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। पिठला, पालपुर, घोड़वल, रसूलपुर, पहाड़पुर, भखौली, पाकड़पुर, रौतांवा, धमथुआ, अकमा में आयोजित कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह पहुंचे। उन्होंने कहा कि गरीबों, मजदूरों व किसानों के उत्थान को लेकर केन्द्र व प्रदेश सरकार ने योजनाओं की श्रृंखला दी। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा। गरीबों को आवास, शौचालय, गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। इलाज के आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख की व्यवस्था की गई है। रामनगरी अयोध्या में पर्यटन से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो रहा है। भ्रष्टाचार के प्रति सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। जनसंवाद कार्यक्रम में पदाधिकारियों के साथ गांव के लोग शामिल थे।

### महाआरती के साथ नौ दिवसीय चेटीचंड महोत्सव का आगाज


संत नवलराम दरबार में महाआरती के दौरान मौजूद श्रद्धालु महिलाएं।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नौ दिवसीय प्रभु झूलेलाल जयंती चेटीचंड महोत्सव के अवसर पर भक्त प्रहलाद सेवा समिति द्वारा महाआरती हुई। सोमवार को रामनगर कालोनी स्थित संत नवलराम दरबार मे छप्पन भोग व मंगलवार को पंच मेवा भोग लगाकर सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी ने महाआरती के समापन की घोषणा की। समिति के महासचिव ओम प्रकाश ओमी ने बताया कि दस अप्रैल बुधवार को महाराष्ट्र के शहर गोंदीया व मध्य प्रदेश के शहर भोपाल के जलसा म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्य आकर्षण चलित झांकियों का प्रदर्शन होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण किए जायेंगे। समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल सागर ने बताया कि ग्यारह अप्रैल गुरुवार को रामनगर कालोनी से दिन में दो बजे सिन्धु एकता यात्रा स्कूटी बाइक रैली शहर के मुख्य मार्गों से निकल कर शाम चार बजे गुप्तारघाट पहुंचेगी। जहां पर भजन कीर्तन होगा व बहिराणा साहिब का विसर्जन होगा। जिसके लिए घर घर जाकर महिलाएं पत्रक वितरण कर रही है। तैयारियों में राकेश तलरेजा, कपिल हासानी,कन्हैया माखेजा, हरीश सावलानी, नारायण दास, सागर आहूजा, दिलीप माखेजा, गोल्डन खत्री, संजय मध्यान्ह लगे हैं।

### दो यात्रियों से चोरी हुआ जेवरात व नकदी बरामद

**अयोध्या,अमृत विचार।** राजकीय रेलवे पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शख्स के पास से जेवरात और नकदी बरामद की है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए सीओ रेलवे विकास कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि जीआरपी अयोध्या कैंट के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय की पुलिस टीम ने प्लेटफार्म दो और तीन के बीच से सुबह शनि यादव निवासी दलपतपुर खमरिया थाना औराई जिला संत रविदासनगर (भदोही) को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने चोरी के दो मामलों से जुड़ा सोने की एक चैन, एक झुमका, एक अंगूठी टूटी हुई तथा चांदी की एक जोड़ी पायल और 2730 रूपये बरामद किया है। उन्होंने बताया कि शनि ने करीब डेढ़ माह पूर्व बिल्वहरघाट के पास उत्सर्ग एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में यात्रा कर रही महिला का जेवरात व नकदी समेत पर्स चोरी किया था। जिसकी रिपोर्ट जीआरपी थाने में दर्ज की गई थी। जबकि एक माह पहले सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के पास सुहेलदेव एक्सप्रेस के स्लीपर कोच की महिला यात्री का जेवरात और आधार कार्ड समेत पर्स पार कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट सुल्तानपुर जीआरपी में अज्ञात के खिलाफ चोरी की धारा में दर्ज कराई गई थी। दर्ज मामलों में बरामदगी की धारा बढ़वा आरोपी का चालान किया गया है।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव, मानसिक रूप से थी परेशान



**पूरा बाजार, अयोध्या।** थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत जलालुद्दीन नगर में मंगलवार को घर में एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे सूचना मिली कि पूरा बाजार निवासी कृष्णा तिवारी पत्नी प्रदीप तिवारी ने मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी लेते हुये शव को पंचायत नामा की कारवाई कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया। थानाध्यक्ष का कहना है कि परिवार से जानकारी ली तो पता चला कि मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे पति और पुत्र किसी काम से बाहर निकले और जब वापस 8 बजे घर पहुंचे तो देखा कि पत्नी कृष्णा तिवारी फंदे पर लटकी थी। महिला का काफी वर्षों से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी जिसका इलाज चल रहा था।

# तैयारी : चुनाव में हल्के वाहन एक लीटर फ्यूल में चलेंगे 10 किमी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **10 पेट्रोल पंप किए गए हैं चिह्नित डीएसओ जारी करेंगे स्लिप**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। चुनाव की ड्यूटी के लिए वाहनों के अधिग्रहण की सूचना भी जल्द जारी होने वाली है। इससे पहले ही चुनावी गाड़ियों का एवरेज फाइनल कर लिया गया है। ड्यूटी के दौरान हल्के वाहन एक लीटर में 10 किलोमीटर का एवरेज देंगे। सभी वाहनों को रूट चार्ज में डिस्टेंस के आधार पर फ्यूल दिलाया जाएगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गत दिनों बैठक के दौरान चुनाव को लेकर नोडल अधिकारी की ओर से दो सहायक नियुक्त किए गए हैं, जिसमें आरटीओ और जिला आपूर्ति अधिकारी को शामिल किया गया है। आरटीओ वाहनों का अधिग्रहण कराएंगे, जबकि जिला आपूर्ति अधिकारी की ओर से वाहनों में फ्यूल की व्यवस्था की जाएगी। बृजेश मिश्रा ने बताया कि फ्यूल के लिए जिले के दस पेट्रोल पंप चिह्नित किए गए हैं। क्रेडिट स्लिप की व्यवस्था विभाग की तरफ से की जाएगी। छोटे और बड़े वाहनों का एवरेज भी निकाला गया है। बड़े वाहनों को एक लीटर में चार से छह किलोमीटर के एवरेज की व्यवस्था दी जाएगी। उन्होंने बताया कि काउंटिंग के पोलिंग पार्टियों के लिए भोजन के प्रबंध के लिए भी डीएसओ और सहायक डिप्टी आरएमओ को नोडल बनाया गया है।

> वाहनों का अधिग्रहण कराया जाना है। अभी अधिसूचना नहीं आई है। आते ही जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। -ऋतु सिंह, आरटीओ प्रशासन

### आम के बाग में मिला शव पेड़ से लटका मिला गमछा

**रुदौली, अयोध्या।** कोतवाली रुदौली के लखमीपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव आम की बाग में पाया गया है। कोतवाली के लखमीपुर गांव में महमूद मियां के भट्ठे के पीछे आम की बाग में मंगलवार को ग्रामीणों ने सुबह युवक का शव आम की बाग में पड़ा देखा। आम के पेड़ में गमछे लटका था। ग्रामीणों ने शव की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। युवक की पहचान ग्राम लखमीपुर निवासी शेषनाथ उर्फ बाबू (24) पुत्र साहब सरन के रूप हुई है। वह घर से सोमवार की रात निकला था। बताया कि शव गमछा के फंदे से नीचे गिरा पड़ा था। मृतक युवक के चाचा रामजीत ने तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# ईंट भट्ठे के मजदूरों को लेकर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के सैदपुर पुलिस चौकी के निकट बिहारा गांव के पास कृष्णा होटल के निकट ईंट भट्ठे के मजदूरों को लेकर पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसके बाद पहुचीं पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर मारपीट,गाली गलौच व धमकी देने के आरोप में चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू किया है।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित हरिश्चन्द्र शुक्ला पुत्र जगजीवन बक्श शुक्ला उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम रौतावां थाना खण्डासा मंगलवार को दोपहर सैदपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित कृष्णा होटल के पास भट्ठे के सामने पक्की सड़क पर मौजूद थे। आरोपी रामसजीवन गिरी ,आनन्द गिरी उर्फ मोनू,रामू गिरी ,रामनरायन, रामशंकर गिरी ग्राम गुमान गोसाई का पुरवा मजरे सैदपुर के बीच भट्ठे पर से मजदूर भगा ले जाने की बात को लेकर पुरानी रंजिश में कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ने पर मारपीट हो गई। वहीं पीड़ित हरिश्चंद्र शुक्ला की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि ईंट भट्ठे पर दूसरे राज्यों से आए मजदूरों को लेकर मंगलवार को दोनों पक्षो में मारपीट हो गई। मामले की जांच चौकी प्रभारी मां कामाख्या धाम को सौंपा गया है।

**बैठक** — अफसरों की ब्रीफिंग में सुविधा के साथ सुरक्षा के निर्देश, कहा-कमियों को जल्द से जल्द किया जाए दूर

# श्रद्धालुओं के लिए पानी, छाया व विनम्र व्यवहार जरूरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** धूप तेज है। राम नवमी मेले में श्रद्धालुओं के लिए पानी, छाया और विनम्र व्यवहार जरूरी है। अफसरों की ब्रीफिंग में सुविधा के साथ सुरक्षा पर फोकस रहा। ब्रीफिंग डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरन नैय्यर ने की।

आयुक्त कार्यालय सभागार में अब तक की तैयारी की समीक्षा की गई। इसमें प्रशासन व पुलिस के अफसरों के साथ जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। नए अफसरों को क्षेत्र भ्रमण का निर्देश दिया गया। कमियों को दूर कराने के लिए कहा। श्रद्धालु इस बार ज्यादा आएंगे। इसे रेखांकित किया गया। पार्किंग की व्यवस्था की जानकारी दी गई। बताया गया कि चिकित्सालयों में बेड रिजर्व किए गए है। अस्थायी चिकित्सा शिविर बनाए जाने की जानकारी दी। डीएम ने सभी चिकित्सा शिविरों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस और औषधियां रखने का निर्देश सीएमओ को दिया। कहा कि मजिस्ट्रेट भी इसकी जानकारी रखें। जिससे जरूरत पर या विषम परिस्थिति में तत्काल इसका उपयोग किया जा सके।

सुविधाओं की चर्चा की गई। राम जन्मभूमि पथ पर शेड व कारपेट लग गया है। भक्तिपथ पर भी शेड व कारपेट लगाए जाने की जानकारी दी गई। गर्मी के मद्देनजर वाटर क्रियास्क लगाए गए। कहा कि और अधिक जरूरत हो तो तत्काल इसे लगवाएं। सरयू में फ्लोटिंग बैरीकेटिंग के आगे कोई भी न जाने पाए। जल पुलिस को इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई को राम की पैड़ी के लिफ्ट पम्प को लगातार चालू रखने का निर्देश दिया। सभी से व्यवहार मर्म व बेहतर रखने और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने, श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को मेले में आए श्रद्धालुओं के साथ विनम्रता का व्यवहार करने के लिए कहा। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी बीकापुर ध्रुव खाडिया, अपर जिलाधिकारी नगर/ मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



आयुक्त सभागार में बैठक करते जिले के अफसर। अमृत विचार

### अलग-अलग तिथियों में करें रामलला का दर्शन

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के बाद अब पुलिस-प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं से अलग-अलग तिथियों में आयोध्या आने की अपील की है। मेले की तैयारी समेत राममंदिर में दर्शन-पूजन की व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे एडीजी जोन अमरेंद्र प्रताप सिंह व मंडलायुक्त गौरव दयाल ने व्यवस्था का जायजा लिया। इस बार अप्रत्याशित भीड़ की संभावना के मद्देनजर श्रद्धालुओं को एक ही दिन नवमी को आने के बजाय अलग-अलग पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी और दशमी को दर्शन के लिए अपील की। एडीजी ज़ोन ने आयुक्त सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक भी की और सभी को समन्वय बना उपलब्ध कराएं सुलभ दर्शन व व्यवस्था की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि कहा कि इस बार भारी भीड़ आने की संभावना है, ऐसे में मेले को सकुशल संपन्न कराने तथा सुलभ दर्शन व्यवस्था के लिए पुलिस-प्रशासन व अन्य आपस में समन्वय बना काम करें। भीड़ नियंत्रण के लिए अयोध्या धाम समेत अन्य रेलवे स्टेशनो व हाल्ट पर पर्याप्त व्यवस्था की जाय। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने गर्मी से बचाव की व्यवस्था,पर्याप्त पेयजल प्वाइंट,शौचालयों की साफ-सफाई तथा व्यवस्था की बात कही।

# फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज

14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001

नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)

डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य

Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646






**द्वितीय ब्रह्मचारिणी**



दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा




एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555


# तीसरी मंजिल से रामलला के ललाट पर उतरेंगी सूर्य की किरणें

- ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम का हो रहा प्रयोग
- दर्पण से परिवर्तित होकर आएंगी किरणें

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला का मस्तिकाभिषेक करेंगी। इसके लिए राम मंदिर के तीसरी मंजिल पर स्थाई रूप से ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम को स्थापित किया गया है। जहां से सूर्य की किरणें दर्पण से परिवर्तित होकर वर्टिकल पाइप के जरिए गर्भगृह में रामलला के मस्तक पर पांच मिनट तक 75 मिमी आकार का गोलाकार तिलक बनाएगी।

राम मंदिर के गर्भगृह में सूर्य की किरणों को पहुंचाने के लिए बीते 15 दिन से कार्य किया जा रहा था, जिसमें सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट रुड़की के वैज्ञानिकों ने सूर्य किरणों को रिफ्लेक्टर, दो दर्पण, तीन लेंस और वर्टिकल पाइप के माध्यम से मार्ग परिवर्तित करने का सफल परीक्षण किया है, जिसके लिए सबसे पहले तीसरी मंजिल पर एक रिफ्लेक्टर बॉक्स को लगाया गया है, जिसमें एक मुख्य लेंस है जो बिना बिजली के 19 गियर के जरिए काम करेगा। वहीं प्रथम और द्वितीय तल से वर्टिकल पाइप को गर्भगृह में उतारा गया है, जिसके अंदर तीन स्थान पर लेंस लगाया गया है। जहां से सूर्य की किरणें गर्भगृह में लगे दर्पण पर पड़ने के बाद 60 डिग्री में परिवर्तित होकर सीधे रामलला के मस्तक पर सुशोभित होंगी।




राम मंदिर।

### दो चरणों में किया गया ट्रायल: अनिल मिश्र

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र के मुताबिक वैज्ञानिकों ने उपकरण को गर्भगृह के ठीक ऊपर तीसरी मंजिल पर लगाया है, जिसका ट्रायल दो चरणों में किया गया है। रामनवमी पर रामलला का सूर्य की किरणों से तिलक होना तय हो गया है।

### सेकेंड्स में दर्पण व लेंस बदलेंगे चाल

सीबीआई रुड़की के वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप चौहान के मुताबिक राम मंदिर में सूर्य तिलक रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे समय पर हो। इसके लिए सिस्टम में 19 गियर लगाए गए हैं। सिस्टम पर किरणों के पड़ते ही सेकेंड्स में दर्पण और लेंस चाल बदलेंगे। इसके बाद सूर्य की किरणें सीधे गर्भगृह में पहुंचेंगी।

## पहली बार रामलला के वस्त्रों की बदली गई शैली

- गर्भगृह में चांदी का कलश स्थापित
- कलश स्थापना के साथ मठ और मंदिरों में शुरू राम जन्मोत्सव का उल्लास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चैत्र शुक्ल नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही अयोध्या में रामनवमी मेले का आगाज हो गया है। पहले दिन दो लाख श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाई। हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर में नवरात्र प्रारंभ पर सुबह चार बजे रामलला का जलाभिषेक कर श्रृंगार पूजन किया गया।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पहली बार प्रभु के वस्त्रों की शैली को बदला गया है। मयूर व अन्य वैष्णव चिह्नों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ सोने और चांदी के तारों से कढ़ाई किए गए सूती वस्त्र में श्रद्धालुओं को रामलला अद्भुत दर्शन हुआ। मंदिर परिसर में 11.30 मिनट पर गर्भगृह में चांदी का कलश स्थापित किया गया। 11 वैदिक आचार्यों के द्वारा वाल्मीकि रामायण का नवाह परायण, राम रक्षास्त्रोत और दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ 9 दिवसीय आयोजन की शुरुआत हुई है। मठ मंदिरों में रामकथा, रामलीला और भजन संध्या के अयोजन किए जा रहे हैं। दशरथ महल में डॉ. रामानंद दास, बड़ा भक्तमाल की बगिया में रमेश भाई ओझा, राम वल्लभा कुंज में प्रेमभूषण, सियाराम किला में प्रभंजनानंद शरण, हिंदू धाम डॉ. रामविलास दास वेदांती, आचार्य लक्ष्मण दास और अन्य मंदिरों में भी रामकथा का संगीतमयी आयोजन लोगों के लिए आकर्षण बना हुआ है। इसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं।



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जारी की रामलला की तस्वीर।



कनक भवन में चैत्र रामनवमी के पहले दिन एक श्रद्धालु कृष्ण के स्वरूप में बांसुरी बजाता।



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.31 बजे
इफ्तार : 06.13 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.27 बजे
इफ्तार : 06.13 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### नहीं दिखा चांद अब ईद कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** ईद के लिए बस एक दिन का और इंतजार करना होगा। मंगलवार को चांद की तस्दीक न होने के बाद अब ईद का पर्व 11 अप्रैल को मनाया जाएगा। शिया और सुन्नी दोनों के धर्म गुरुओं ने मंगलवार को चांद न दिखने की पुष्टि की है। बताया गया कि बुधवार को चांद रात होगी और गुरुवार को ईद का पर्व मनाया जाएगा।

## पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक समेत 11 लोग दोष मुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** निषेधाज्ञा के उल्लंघन के एक मामले में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, पूर्व विधायक जयशंकर प्रसाद बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री मंसूर इलाही तथा अब भाजपा नेता गिरीश पांडे उर्फ डिंप्पुल समेत 11 लोगों को कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया है।

दो अभियुक्तों ने पहले ही जुर्म स्वीकार कर लिया था जबकि एक की मौत हो गई थी। यह फैसला विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट प्रशांत शुक्ला की अदालत से मंगलवार को हुआ। अधिवक्ता गणेश दत्त पांडेय और रोहित मेहरोत्रा ने बताया कि घटना 22 फरवरी 2011 दिन में करीब 3:30 बजे की है। पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय के नेतृत्व में करीब 25-30 सपा कार्यकर्ता मजिस्ट्रेट की अनुमति एवं सूचना के बिना सपा कार्यालय गुलाब बाड़ी से जुलूस की शक्ल में बैनर लिए सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए चौक घंटाघर जाकर रोड जाम करते हुए जिले में लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया। जिसके कारण चौक घंटाघर में अव्यवस्था फैल गई और आम जनता आहत हुई। पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय एवं उनके अन्य सहयोगी पूर्व मंत्री बार एसोसिएशन मंसूर इलाही, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, पप्पू हलीम, इश्तियाक, गिरीश कुमार पांडेय उर्फ डिंपल, जसबीर सिंह सेठी, सूर्यकांत पांडेय, मनोज जायसवाल, वसीम हैदर उर्फ गुड्डू, उस्मान जहीर, मोहम्मद वाहिद, कैसर अंसारी व जीतू यादव तथा 10--12 अन्य सपा कार्यकर्ता द्वारा मिलकर जानबूझकर निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया गया। विवेचना के बाद इस मामले में 14 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया था। मोहम्मद वाहिद और जीतू यादव द्वारा कोर्ट में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया गया। इसलिए उनको 9 मई 2015 को अर्थ दंड से दंडित किया गया था। अभियुक्त हयात शमीम की मौत हो गई। इसलिए उनके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया। अन्य अभियुक्तों का विचारण हुआ जिसमें सुनवाई के बाद कोर्ट ने 11 लोगों को दोष मुक्त कर दिया।



एमपी एमएलए कोर्ट से दोष मुक्त होने के बाद बाहर निकलते पूर्व मंत्री पवन पांडेय। अमृत विचार

- निषेधाज्ञा के उल्लंघन मामले में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय और पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय समेत 11 पर दर्ज हुआ था केस

### मकान पर कब्जे के मामले में सात पर केस

**तारुन, अयोध्या:** एक महिला को बंटवारे में मिले पुश्तैनी मकान को पट्टीदारों द्वारा कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना तारुन थाना अंतर्गत विजयनपुर सजहरा भवानी गांव की है। सुन्दरावती पत्नी भग्गल का आरोप है कि 5 अप्रैल की रात में पुश्तैनी घर के पिछले कमरे की दीवार को तोड़कर विपक्षी संजय, सुग्रीव, राजकुमार, विनय, अनामिका, ज्योति, सीतापति ने जबरन घुसकर अनाज, चारपाई सहित अन्य सामान को बाहर फेंक दिया। पीड़ित महिला ने जब इसका विरोध किया तो गाली व जान से मारने की धमकी दी है। एसओ ओपी राय ने बताया कि महिला की तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच चल रही है।

## ग्राम पंचायत की जमीन को लेकर भाइयों में चली लाठी, एक की मौत

मिल्कीपुर/कुमारगंज, अयोध्या

- कुमारगंज थाना क्षेत्र के बघौड़ा की घटना, 9 माह पूर्व भी हुई थी मारपीट

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के बघौड़ा गांव में ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर चल रहे विवाद में मंगलवार को दो भाइयों के बीच लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई। लाठी के प्रहार से घायल एक भाई की मौत हो गई।

कुमारगंज क्षेत्र के बघौड़ा गांव निवासी विजय कुमार मौर्य व उनके छोटे भाई जगदीश मौर्य के बीच घर के सामने स्थित ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में दोनों पक्ष मंगलवार को भिड़ गए। वाद-विवाद के बाद नौबत मारपीट तक जा पहुंची तो दोनों पक्षों का परिवार भी लाठी-डंडा लेकर मैदान में आ गया और लाठियां चलने लगी। इस दौरान एक लाठी विजय कुमार मौर्य के सिर पर लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट में अनीता पत्नी प्रदीप कुमार मौर्य, अंशु पुत्री विजय कुमार मौर्य घायल हो गईं, जबकि आशा पत्नी विजय कुमार मौर्य व प्रदीप कुमार पुत्र राम शंकर को मामूली चोटे आई हैं। पुलिस ने घायलों को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. संतोष कुमार सिंह ने विजय कुमार पुत्र राम शंकर की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विवाद में शामिल मृतक के पिता राम शंकर व भाइयों जगदीश मौर्य, अरविंद मौर्य को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी रतन सिंह ने बताया कि अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।

## सात साल से ठप हैं दूरबीन विधि से ऑपरेशन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (दूरबीन विधि) से सात साल से ऑपरेशन ठप पड़ा है। 2017 में सर्जन डॉ.घनश्याम सिंह के तबादले के बाद से आज तक दूरबीन विधि से ऑपरेशन नहीं हुआ है। आलम यह है कि लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के तमाम उपकरणों में जंक लग गया है। अब अगर ऑपरेशन शुरू भी करना होगा तो उनकी खरीदारी करनी पड़ेगी। इसका असर मरीजों पर पड़ रहा है। पित्त की थैली में पथरी और अपेंडिक्स के मरीजों का चीरा लगाकर किया जा रहा है।

अयोध्या में रामलला के विराजमान होते ही श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। सीएम योगी आदित्यनाथ यहां स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बढ़ाने पर बल दे रहे हैं, लेकिन जिला अस्पताल में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। 2017 से ठप पड़ा दूरबीन विधि से ऑपरेशन आज तक शुरू नहीं हो सका। अस्पताल के विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि पड़े-पड़े उपकरणों में जंक भी लग गया है। हर महीने पित्त की थैली में पथरी और अपेंडिक्स से 60 से 70 ऑपरेशन हो रहे हैं, लेकिन मरीजों को चीरा लगवाना पड़ता है। इसके बाद उन्हें छह से सात दिन तक भर्ती भी रहना पड़ता है। अगर दूरबीन विधि से ऑपरेशन होंगे तो मरीजों को दूसरे दिन ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।



- जिला अस्पताल में हर महीने पित्त की थैली व अपेंडिक्स के 60 से 70 ऑपरेशन हो रहे चीरे से

### ऑपरेशन के लिए रखे इन उपकरणों में लगा जंग

दूरबीन विधि से ऑपरेशन के लिए कई सारे चिकित्सकीय उपकरणों की आवश्यकता होती है। कैमरा सिस्टम में केबल, मॉनिटर। लाइट सिस्टम में बक्सानुमा स्टेब्लाइजर, टेलीस्कोप केबल। सीओटू गैस सिस्टम में इन्सफलेटर, पाइप, सीओटू सिलेंडर। कोट्री सिस्टम में बक्सानुमा स्टेब्लाइजर, छह हैंड इंस्ट्रूमेंट और केबल शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि इनमें सीओटू सिलेंडर व इन्सफलेटर नहीं है। बाकी के उपकरणों में रखे-रखे जंक लग गया है।

> मैंने अभी जल्दी में ही चार्ज संभाला है। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। मैं बुधवार को दोनों सर्जनों को बुलवाकर बात करूंगा। अगर उन्हें ट्रेनिंग नहीं ली है तो भेजा जाएगा। -डॉ. अरुण प्रकाश, सीएमएस



सिद्धपीट बड़ी देवकाली मंदिर में माता के दर्शन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### घरों में विराजीं माता, मंदिरों में भक्तों का तांता

**अयोध्या, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र मंगलवार से प्रारंभ होते ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रथम दिन देवी मंदिरों में दर्शन पूजन का क्रम देर शाम तक चलता रहा। भगवान श्रीराम की कुलदेवी मां बड़ी देवकाली व मां सीता की कुलदेवी छोटी देवकाली मंदिर, कैंटोनमेंट स्थित पाटेश्वरी देवी, मां जालपा देवी मंदिर, मरी माता, रुदौली के पाटेश्वरी देवी समेत अन्य मंदिरों में देर शाम तक पूजन अर्चन जारी रहा। वहीं घर-घर में कलश स्थापना के साथ मां को विराजमान किया गया।

### छोटी देवकाली मंदिर पर 1051 बत्ती से महाआरती

शक्तिपीठ मां छोटी देवकाली मंदिर में देर शाम मां छोटी देवकाली मंदिर में 1051 बत्ती की महाआरती की गई। श्री देवकली समाज के व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह ने बताया कि बड़ी संख्या में भक्त इस आरती में शामिल हुए।

## सार-संक्षेप

### नौ मंडलों ने विद्यालयीय खेल आयोजन में नहीं ली रुचि

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रदेश के विद्यालयीय खेलों के विकास व खेलों के संचालन को लेकर शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में गत दिनों खेल निदेशालय लखनऊ में बैठक हुई। इसमें प्रदेश का विद्यालयीय खेल कार्यक्रम निर्धारित होना था, लेकिन नौ मंडलों ने खेलों के आयोजन के लिए प्रस्ताव नहीं भेजा, जबकि ये वह प्रमुख खेल हैं जिसमें प्रदेश के अधिकतर खिलाड़ी प्रतिभाग कर पदक दिलाते हैं। शिक्षा निदेशक माध्यमिक महेंद्र देव की अध्यक्षता में उप शिक्षा निदेशक व्यावसायिक शिक्षा पीसी यादव, सहायक शिक्षा निदेशक खेल शालिनी सिंह और मंडल के क्रीड़ा सचिव व व्यायाम शिक्षकों को शिक्षा निदेशक की सहमति से तय हुआ कि आयोजक मंडल से प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद ही खेल कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

### तीन को जल पुलिस ने डूबने से बचाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** सरयू के घाट पर तैनात जल पुलिस और पीएसी बाढ़ राहत दल के जवानों ने मंगलवार को सरयू में डूब रहे तीन लोगों को सकुशल बाहर निकाला है। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य ने बताया कि स्नान के दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण सरयू स्नान घाट पर शिवांश मिश्र (7) पुत्र राहुल मिश्र निवासी सिटी स्टेशन पकौड़े वाली गली, पंजाब तथा बलदेव (10) पुत्र रविंद्र सिंह कुमार निवासी बनवारी जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश डूबने लगे। लाल बहादुर (25 वर्ष) पुत्र विजयमल निवासी गोपालीपुर थाना वजीरगंज जनपद गोंडा ने पुराने सरयू पुल से नदी में छलांग लगा दी थी। ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस एसडीआरएफ तथा 30 बटालियन पीएसी गोंडा के जवानों और स्थानीय नाविकों ने सक्रियता दिखाते सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया।

### ग्रामीणों ने कोयले की साइडिंग को लेकर किया प्रदर्शन



आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते आरपीएफ के जवान। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** विल्वहरिघाट रेलवे स्टेशन पर कोयले की रैक लगाए जाने से नाराज कई गांवों के लोगों ने मंगलवार को एक बार फिर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद धरने पर बैठे ग्रामीणों ने कोयले की लदाई और उतरवाई का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि कोयला उतारे जाने से भयंकर धूल उड़ रही है। घरों में भोजन तक नहीं बन पा रहा है। 15 मार्च को दूसरी रैक आने पर चेतावनी दी गई थी की यदि जल्द ही रैक लगाने को बंद नहीं किया गया तो इससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उसके बाद भी ठेकेदार की मनमानी व स्थानीय जिम्मेदार लोगों की मिली भगत के कारण सोमवार से फिर कोयला उतारा जा रहा है। ग्रामीणों ने एकत्रित होकर लोडिंग हो रहे कोयले को रोक दिया और धरने पर बैठ गए। जिसकी सूचना स्टेशन मास्टर आरएस यादव ने आरपीएफ को दी। आरपीएफ के दीवान योगेंद्र कुमार ने मौके किसानों से वार्ता कर विवाद को निपटाने की कोशिश किया। वहीं ग्रामीण इस बात पर पड़े हैं कि जब तक रेलवे विभाग लिखकर नहीं दे देता तब तक लोडिंग नहीं होने देंगे। चरेरा ग्राम सभा के प्रधान प्रदीप, रामराज, रवींद्र, मुकेश, गुड्डू, मीना देवी, शिव कुमारी, कलावती, रामअवतार, पुनवासी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**नया प्रयोग** अब खाने-पीने व मौज करने से इतर होगा आयोजन, नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर किया निर्णय

## रामनगरी में बदला किटी पार्टी का स्वरूप

- गहन सामाजिक सरोकार के साथ मदद होगा पार्टी का उद्देश्य

राजेंद्र कुमार पांडेय

**अमृत विचार :** रामनगरी में महिलाओं की किटी पार्टी का स्वरूप बदल रहा है। नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर आयोजित किटी पार्टी में महिलाओं ने नया प्रयोग, नई परंपरा शुरू की। खाने-पीने व मौज करने से इतर गहन सामाजिक सरोकार से जोड़ने की कोशिश की गई और आगे भी इसी उद्देश्य से पार्टियों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। आज के आयोजन में मदद के साथ रामनगरी की संस्कृति की झलक महसूस की गई।

अतीत में महिलाओं की किटी पार्टी अनौपचारिक बचत क्लब वाले सामाजिक कार्यक्रम के रूप में जानी जाती थी। अमूमन घर से न निकलने वाली महिलाएं भी इसमें शामिल होती थीं। बातें करती थीं। अच्छे भोजन के साथ मनोरंजन का आनंद लेती थीं। पार्टी में सभी मिलकर एक निश्चित राशि का योगदान करके किसी एक सदस्य को प्रदान करती थीं। इससे बाद में मध्यम से उच्च वर्ग में किटी पार्टियों का स्वरूप बदला। बताने की जरूरत नहीं है। मनोरंजन इसके मूल में आ गया।

अब रामनगरी में किटी पार्टी का स्वरुप बदलने का अभिनव प्रयोग शुरू किया गया है। नवसंवत्सर की पूर्व संध्या सोमवार शाम सरयू विहार कॉलोनी की सुमन अग्रवाल के घर पर आयोजित पार्टी का स्वरूप अलग दिखा। भगवान रामलला की तस्वीर। बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति। रोली, अक्षत, फूल, भोग प्रसाद। भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम। मनोरंजन भी भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमानजी की कठपुतलियों से। कठपुतलियां अंगुली के पोर पर। राम का नाम आया तो श्रीराम की कठपुतली वाली अंगुली सामने आ गई। मनोरंजन का आनंद लिया। आरती की। रोली अक्षत लगाया। गले मिलीं। बचत क्लब से सहयोग भी किया। नवंवत्सर की बधाई और शुभकामना दी।



किटी पार्टी के समाप्त होने के बाद खड़ी महिलाएं। अमृत विचार

### संस्कृति व संस्कार से कई गुना बढ़ेगा आनंद

आयोजक सुमन अग्रवाल ने बताया कि अपनी संस्कृति और संस्कार से जुड़ी पार्टी हो तो आनंद कई गुना बढ़ेगा। आज की नई परंपरा से इसका अंदाजा लग गया। इसे आगे बढ़ाया जाएगा। पार्टी में अंजू सिंघल, अलका अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, ज्योति, नलिनी जैसवाल, नीता गोयल, भावना सिंघल, ऋतु अग्रवाल, अंजना अग्रवाल,पूजा गोयल, प्रगति आदि मौजूद रहीं।

## ईद पर जिले को जोन व सेक्टर में बांटा

**अयोध्या, अमृत विचार :** ईद-उल-फितर पर शांति व सुरक्षा को लेकर जिले को जोन व सेक्टर में बांटकर मजिस्ट्रेट व पुलिस के अफसर लगाए गए हैं। उन्हें ऐसे अवसरों पर विवाद के कारणों के बारे में भी जानकारी दी गई है। ईद पर ईदगाह और मस्जिदों में सात से 11 बजे के बीच नमाज अदा की जाती है। सिविल लाइन में नमाज नौ बजे से अदा की जाएगी। इस दौरान शांति व सुरक्षा के लिए नगर क्षेत्र पांच जोन व 33 सेक्टर में बांटकर मजिस्ट्रेट और पुलिस के अफसर लगाए गए हैं। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र को पांच जोन और 13 सेक्टर में बांटकर अफसरों को लगाया गया। इसके साथ ही 11 मजिस्ट्रेटों को सुरक्षित रखा गया है। जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने निर्देश दिया है कि लगाए गए अफसरों को निर्देश दिया है कि वह अपने क्षेत्र में सुबह पांच बजे से पहुंचेंगे। अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे।

## सार-संक्षेप



प्रतिपदा वर्ष स्वागत कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं और मुख्य वक्ता।

### मातृ शक्ति ही कर सकती है संस्कृति व सभ्यता की रक्षा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : राष्ट्र सेविका समिति की ओर से मंगलवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर एक दूसरे को नव संवत्सर की बधाई देते हुए राष्ट्र के प्रति श्रद्धा और कर्म का संकल्प लिया गया।सिविल लाइन्स स्थित आईएमए अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पांडेय के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और सभ्यता को लेकर मंथन किया गया। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश राजकुमार सिंह रहे। उन्होंने वर्ष प्रतिपदा के बारे में व्याख्यान देते हुए उसके महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता को बचा सकती है। इसके लिए मातृ शक्ति द्वारा भावी पीढ़ी को हर तरह से जागरूक करना होगा और उन्हें भारतीय संस्कृति के महत्व को बताना होगा। मुख्य वक्ता ने कहा कि आज वर्तमान समय में समाज में तमाम विसंगतियां आ गई है जिससे भावी पीढ़ी भटक रही है। कार्यक्रम को जिला कार्यवाह डॉ अनामिका त्रिपाठी, डॉ आभा सिंह, शिखा सिंह, मंजूला त्रिपाठी, अमृता द्विवेदी, शालिनी राजपाल, हेमलता सिंह, रेखा शर्मा, अमृता, देविका सिंह, प्रतिमा शुक्ला, अनीता द्विवेदी, नीता शर्मा, विनीता सिंह, किरनपाल समेत तमाम बहनें मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात चिकित्सक डॉ मंजूषा पांडेय ने की।

### महिला ने छेड़खानी का लगाया आरोप,केस दर्ज

**रानीबाजार, बाराबंकी : अमृत विचार** : उधारी का पैसा वापस करने के बहाने आए व्यक्ति पर महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। सीतापुर की एक महिला ने थाने पर दी तहरीर में कहा कि मोहम्मदपुर खाला के अमर के पास उसके 25 हजार रुपए बकाया थे। वह सोमवार को रामनगर थाना क्षेत्र में अपने जीजा के घर में थी। अमर ने उसके साथ छेड़खानी की।

### किशोर को बंधक बना वाहन में लाद ले गए 16 बकरियां

**सतरिख, बाराबंकी। अमृत विचार** : किशोर को बंधक बनाकर फार्म हाउस से बदमाश 16 बकरियां पिकअप में लाद ले गए। मुकदमा दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गयी है। सतरिख थाना क्षेत्र के शरीफाबाद निवासी निसार अली का पचासी गांव के पास एक बाग में फार्म हाउस है। निसार सोमवार की शाम बकरियों को चारा पानी देने के बाद तालाबंद करके चले गए थे। निसार का 13 वर्षीय बेटा इमरान अली फार्म हाउस पर बकरियां देखने आया और बाहर पड़े तख्त पर सो गया। इसी दौरान पिकअप से पहुंचे बदमाशों गमछे से उसके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद गमचे का ही टुकड़ा मुंह में भी ठूंसस दिया और उसे ले जाकर फार्म हाउस के पीछे बाग में फेंक दिया। बदमाश फार्म हाउस के शटर का ताला खोलकर 16 बकरियां वाहन में लाद ले गए। सुबह कुछ किसानो ने उसे देखा तो बंधन मुक्त किया। निसार अली ने बताया है कि 16 बकरियों की कीमत करीब 1 लाख 60 हजार रुपये है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज़ कर खुलासे के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं।

### टीम ने प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के लिए 10 नमूने



एक प्रतिष्ठान में जांच करतीं एफएसडीए की सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह।

**बाराबंकी : अमृत विचार** : त्योहारों को देखते हुए खाद्य औषधि विभाग ने मंगलवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चला कर मिलावटी खाद्य पदार्थों एवं पेय पदार्थों के 10 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। एफएसडीए की सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह के नेतृत्व में टीम ने सतरिख स्थित रामनरेश किराना स्टोर से साबूदाना व किशमिश, सुरेश किराना स्टोर सफदरगंज चौराहे स्थित दुकान से चाय, पैक्ड, लूज काजू, कुकीज़, मेराज किराना स्टोर सफदरगंज से ही लूज काजू, जबकि सतरिख स्थित अनुज किराना स्टोर से कट्टू का आटे के साथ सिंघाड़े के आटे का नमूना लिया। वहीं बेलहा चौराहा स्थित दिलीप की दुकान से साबूदाना व बेलहा के ही साहू किराना की दुकान से साबूदाना के नमूने लिये सहायक खाद्य एवं औषधि आयुक्त प्रियंका सिंह ने बताया जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जायेगी।

### एडीओ ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**मसौली बाराबंकी, अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव को लेकर एडीओ पंचायत जानकी राम ने विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत में बनाये गये बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत घर मसौली के बूथ संख्या 38, 39 सहित अन्य बूथों का निरीक्षण किया।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र का नाम न्याय पत्र

## लोकसभा चुनाव : नेताओं ने स्थानीय स्तर पर किया जारी

अयोध्या कार्यालय



कमला नेहरू कार्यालय में चुनावी घोषणा पत्र दिखाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद और महासचिव मनोज कुमार गौतम ने मंगलवार को स्थानीय स्तर पर कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया। इसको न्याय पत्र का नाम दिया। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पत्रकार वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसाद और महासचिव गौतम ने कहा कि कांग्रेस पांच न्याय और 25 गारंटियों से इस देश की बदहाल तस्वीर बदलने का प्रयास करेगी।

कांग्रेस का संकल्प है कि भाजपा के अन्याय को खत्म कर न्याय का राज स्थापित करेंगे। 25 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या स्नातक के लिए निश्चित रूप से नौकरी, एमएसपी को कानूनी अधिकार, सरकारी पदों पर 30 लाख रिक्तियां भरना, एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर 50 फीसदी सीमा को हटाने के लिए संवैधानिक संशोधन,राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 10फीसदी आरक्षण लागू किए जाने सहित अन्य है। वार्ता में जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, प्रवीण श्रीवास्तव आदि थे।

## केन्द्र में अबकी इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय : हाजी फिरोज

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार** : लोक सभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी 15 अप्रैल को सोहावल में पार्टी कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तर पर सम्मेलन आयोजित कर जीत का गुरु मंत्र देगी। इसकी तैयारी चल रही है और ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को इकट्ठा कर करने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यह बात मंगलवार को सपा के वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज खान गब्बर ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। वह सपा के कार्यालय पर स्थानीय पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने कहा अगली सरकार इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में बनेगी। फैजाबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद निश्चित रूप से विजय की ओर बढ़ रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष एवं बीकापुर विधानसभा प्रभारी एजाज अहमद ने बताया 15 अप्रैल को सोहावल तहसील रोड पर बीकापुर विधानसभा का सम्मेलन आयोजित कर लोकसभा चुनाव को धार दी जाएगी। पूर्व सम्मेलन में जोन, सेक्टर एवं बूथ प्रभारी सहित अन्य प्रकोष्ठ के संगठन एवं क्षेत्र की शामिल होगी। इस मौके पर अशोक पासी, मेराज खान मौजूद रहे।



वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज खान गब्बर

## पांच लाख गबन का लगाया आरोप

**फतेहपुर, बाराबंकी: अमृत विचार** : प्रबन्धक ने अध्यापक पर छल-कपट एवं धोखाधड़ी कर पांच लाख रुपये गबन करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे के नेशनल इण्टर कालेज के प्रबन्धक श्याम बिहारी वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि विद्यालय में शिक्षक रहे अखण्ड प्रताप सिंह विद्यालय में जीव विज्ञान (वित्त विहीन) के छात्रों को पढ़ाते थे। शासन के आदेश के अनुपालन में 16 नवम्बर 2023 को उनकी सेवा समाप्त कर दी गयी थी। आरोप है कि अध्यापक ने छल-कपट, धोखाधड़ी करते हुए जीव विज्ञान के 255 छात्रों से कुल 5 लाख 10 हजार रुपये वसूले थे परन्तु मात्र 11 हजार 6 सौ रुपये ही जमा किये। विद्यालय शुल्क 12675 रुपये भी जमा न कर 511055 रुपये का गबन किया है।

## तांत्रिक पीठ के नाम से विख्यात श्री शक्तिपीठ





श्री शक्तिपीठ

शहर से 25 किमी. दूर मुबारकगंज में श्री अध्यात्म शक्ति पीठ स्थापित है। यहां भगवती पीताबंरा (बगलामुखी), भगवती तारा, भगवान भैरव, भगवान शनि सहित अन्य देवी देवताओं के विग्रहों की स्थापना है। इसे तांत्रिक पीठ के नाम से भी जाना जाता है। स्वामी जी महराज पीताबंरा पीठ दतिया के अनुमति से इसकी स्थापना सिद्ध साधक पं. राम कृष्ण पांडेय आमिल ने कराई। नवरात्रि के दौरान यहां बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं।

**मनोकामनाएं होती हैं पूरी**

पीठ के आचार्य पं. गिरजा प्रसाद मिश्र और मुख्य अर्चक सुधीर पांडेय बताते हैं कि नवरात्रि सहित विशिष्ट पर्वों पर लोक कल्याण के निमित्त यहां विशेष अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। श्रद्धालु अजीत प्रताप सिंह बताते हैं कि दूर दराज से श्रद्धालु अपनी मुराद मांगने पहुंचते है। श्रद्धालुओं से मांगी गई की मनोकामनाएं पूरी होती है।

## शहादत को किया गया याद, मेडल लगा हुआ सम्मान

अयोध्या कार्यालय

▶▶ 63वीं वाहिनी सीआरपीएफ शिविर में आयोजित हुआ शौर्य दिवस

**अमृत विचार:** रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 63 वीं वाहिनी की ओर से परंपरागत रूप से इस वर्ष भी चांदपुर हरबंस स्थित शिविर में मंगलवार को शौर्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीदों का नाम पढ़ा गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मेडल पहनाया गया। विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।

वाहिनी क्वार्टर गार्ड पर सलामी लेने के बाद अपने संबोधन में कमांडेंट छोटे लाल ने कहा कि 9 अप्रैल 1965 को पाकिस्तान की 3500 जवानों की पूरी इन्फेंट्री ब्रिगेड ने गुजरात के रण आफ कच्छ की सरदार पोस्ट पर हमला कर दिया था, सीआरपीएफ की छोटी सी टुकड़ी ने अपने अदम्य साहस और अद्भुत शौर्य का परिचय देते हुए पाक सेना को वापस खदेड़ दिया।



शौर्य दिवस पर जवान को मेडल लगाते कमांडेंट।

पाक सेना के दो अधिकारी और 34 सैनिकों की मौत हुई तथा द्वितीय वाहिनी के 7 जवान वीरगति को प्राप्त हुए। तभी से जवानों के बलिदान को याद करने के लिए शौर्य दिवस मनाया जाता है। उन्होंने वाहिनी के 21 शहीदों के नाम मंच से पढ़कर सुनाया और श्रद्धांजलि दी। कहा कि इस बल को अब तक 2700 से ज्यादा वीरता पदको से सम्मानित किया जा चुका है। कमांडेंट सरकार राजा रमन के अतिरिक्त अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारीगण तथा जवान उपस्थित रहे।

## निरीक्षण में विद्यालय से गायब मिली शिक्षिका

हैदरगढ़, बाराबंकी

**कार्रवाई**

● बीईओ ने की दो दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई

**अमृत विचार** : सभासद की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को नगर पंचायत सुबेहा के सराय चंदेल वार्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय खानपुर द्वितीय का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक अध्यापिका विद्यालय से नदारद पाई गई। उनका दो दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि सरायचंदेल वार्ड की सभासद सुनीता ने शिकायत की थी कि उनके वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय खानपुर द्वितीय पर तैनात हेडमास्टर 31 मार्च को रिटायर्ड हो चुकी हैं और सहायक अध्यापिका जो कभी विद्यालय नहीं आती हैं और शिक्षामित्र के भरोसे विद्यालय संचालित किया जा रहा है जिससे बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। सभासद की शिकायत का संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने मंगलवार को विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षा मित्र तो उपस्थित थीं परन्तु सहायक अध्यापिका बिना सूचना के विद्यालय से गायब मिलीं।



## जमीन की हेराफेरी करने वाला गिरफ्तार

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी: अमृत विचार:** अभिलेखों में हेराफेरी कर दूसरे की जमीन बेचने वाले गिरोह के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दो आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

एसएसआई जय प्रकाश ने बताया कि लखनऊ निवासी लाजवती ने ककरी गांव के ओम प्रकाश, ज्ञानेन्द्र व अंकित के विरुद्ध जालसाजी कर ककरी गांव में इनकी जमीन दूसरे को बैनामा करा देने का आरोप लगाते हुए लोनी कटरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें ओम प्रकाश व ज्ञानेन्द्र को गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। अंकित फरार चल रहा था। मंगलवार को अलादादपुर चौराहे पर खड़े अंकित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## आत्मबल से विस्मृत समाज को नई दिशा दे गए डॉ. हेडगेवार: कौशल

अयोध्या कार्यालय

▶▶ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर संघ ने मनाया संस्थापक का जन्मदिवस

**अमृत विचार** : चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक का जन्मदिवस महानगर के स्वयंसेवक ने सरयू तट पर स्थित भजन संध्या स्थल पर पूर्ण गणवेश में आद्यसरसंघचालक प्रणाम कर मनाया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक के छह उत्सव में से एक यह वर्ष प्रतिपदा का प्रमुख उत्सव होता है। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल ने डॉ हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा 1925 से संघ की स्थापना से पूर्व डॉ हेडगेवार लगातार देश का भ्रमण कर आमजन और समाज की नब्ज टटोलते रहे। उन्होंने अनुभव किया की भारत के अधिकांश हिन्दू अपनी शक्ति को भूल गया है, जिसे उसकी शक्ति और क्षमता का अहसास करा कर संगठित किया जा सकता है। यहीं से उनके मन में संगठन की नींव पड़ी जिसका विशाल स्वरूप आज हम सभी के सामने हैं। इससे पूर्व नववर्ष के प्रथम दिवस पर उगते सूर्य को सरयू तट पर अर्ध्य देकर नव संवत्सर का स्वागत के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क टोली के सदस्य मुकुल कानिटकर, अवध प्रांत के सह प्रांत प्रचारक संजय, विभाग प्रचारक कृष्णचंद्र, महानगर संघचालक विक्रम प्रसाद पांडेय, सह महानगर संघ चालक अजय मोहन, सह महानगर कार्यवाहक राहुल, सूरज महानगर प्रचारक सुबन्धु विभाग व्यवस्था प्रमुख केदार नाथ, विभाग सेवा प्रमुख बालेन्दु , महानगर व्यवस्था प्रमुख सुधीर, महानगर शारीरिक प्रमुख अवनि, अभय, राजीव, प्रमोद, शिवम, जीतेन्द्र आदि स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे।

## मतदानकर्मियों की आज निकलेगी ड्यूटी स्लिप

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार** : पांचवें चरण में 20 मई को मतदान कराने को लेकर चुनाव कार्मिकों को प्रशिक्षण देने से पहले उनकी चुनावी ड्यूटी की स्लिप बुधवार को निकाली जाएगी। इसके लिए एनआईसी में जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी में पीठासीन और मतदान कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन किया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर लीं हैं। ड्यूटी स्लिप निकलने के बाद संबंधित विभाग के कार्यालयाध्यक्ष को भेजी जाएंगी। कर्मचारियों को स्लिप का वितरण 11 अप्रैल से कराया जाएगा। चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए शहर के जीआईसी ऑडीटोरियम को चुना गया है। प्रशिक्षण की शुरुआत 18 अप्रैल से शुरू होगी जो 24 तक चलेगी। इससे पहले बुधवार को पीठासीन अधिकारियों और मतदान कार्मिकों का एनआईसी में रेंडमाइजेशन होगा। वहीं अन्य कार्मिकों की दूसरे प्रशिक्षण से पहले चार मई को ड्यूटी स्लिप निकाली जाएगी। छह से आठ मई तक स्लिप का वितरण होगा।

## तैयारी : सात निकायों के 10 हजार मीटर नंगे तारों पर लगेंगी केबल

अयोध्या कार्यालय

▶▶ बिजली से होने वाली दुर्घटना रोकने की कवायद, सभी एसडीओ से मांगी गई रिपोर्ट

**अमृत विचार** : जिले के निकाय वासियों के लिए राहत भरी खबर है। उनके क्षेत्र में नंगे बिजली तार की जगह अब केबल लगेंगे। नंगे तारों से होने वाले हादसों को रोकने के लिए पॉवर कॉरपोरेशन ने कवायद शुरू की है। इसके तहत 10 हजार मीटर से अधिक नंगे तारों पर केबल लगाने का काम किया जाएगा। इसके लिए सभी एसडीओ से उनके क्षेत्रों की रिपोर्ट तलब की गई है।

जिले में सात नगर निकाय हैं। इन निकायों में करीब 10 हजार मीटर हाईटेंशन व एलटी तार दौड़ाए गए हैं। शासन ने नंगे तार से हो रहीं दुर्घटनाएं रोकने के लिए इनके जगह केबल लगाने का आदेश दिया है। विभाग ने शहर और गांवों में दौड़ रहे नंगे तारों की जगह केबल बिछाने की योजना बनाई है। इसके लिए बंच कंडक्टर और क्लिप गार्ड लगाए जाने हैं। जिससे तेज हवा में तारों को एक-दूसरे से टकराने से होने वाले हादसे रोके जा सकें।

**निकाय क्षेत्र**

▶▶ गोसाईगंज ▶▶ कुमारगंज
▶▶ भदरसा ▶▶ खिरौनी सुच्तितागंज
▶▶ कामाख्या धाम ▶▶ रुदौली नगर पालिका परिषद ▶▶ बीकापुर नगर पंचायत

" गर्मी को देखते हुए योजना बनाई गई है। शासन के आदेश के अनुपालन में एसडीओ से आवश्यकता रिपोर्ट मांगी गई है। शीघ्र कार्य शुरू कर दिया जाएगा। -सुशील गर्ग, अधीक्षण अभियंता "

## मझवा गद्दोपुर में दिनदहाड़े हुई वारदात के बाद उलझी पुलिस

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : कैंट थाना क्षेत्र के मझवा गद्दोपुर में सोमवार को दिनदहाड़े एक वृद्धा की पिटाई कर घर में रखे कीमती सामान चोरी किये जाने के आरोप के मामले में पुलिस अभी भी उलझी हुई है। पीड़ित परिवार वारदात की बात कह रहा है, लेकिन आरोप और घटनाक्रम मेल नहीं खा रहे। मामले में पुलिस ने अभी कोई रिपोर्ट नहीं दर्ज की है। मझवा गद्दोपुर में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहने वाली 73 वर्षीय निर्मला देवी पत्नी स्व. राम मिलन की सोमवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर पिटाई कर घायल किए जाने तथा घर में रखा कीमती सामान उठा ले जाने का मामला प्रकाश में आया था। घायल वृद्धा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वारदात के समय वृद्धा की पोती अंशिका वर्मा अपने कोचिंग गई थी, जबकि उसका भाई शिक्षण प्रशिक्षण के लिए बीकापुर क्षेत्र स्थित स्कूल गया हुआ था। भाई अर्पित ने तहरीर कैंट थाना पुलिस को दी है। थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का कहना है कि बयान और आरोप मेल नहीं खा रहा है।

▶▶ घटना को मान रही संदिग्ध, तहरीर मिलने के बाद भी नहीं दर्ज किया केस

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विकास यादव पुत्र लाल जी, निवासी-142, ग्राम-मिश्रपुर, पोस्ट-गुडम्बा, कुर्सी रोड, लखनऊ** (उ0प्र0)-226026, मेरे ड्राईविंग लाइसेंस संख्या-UP32A20089003969 में त्रुटिवश मेरा नाम Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav दर्ज हैं जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji है। यह कि उपरोक्त दोनों नाम विकास यादव Vikas Yadav / Vikas Kuamr व पिता का नाम Lal Ji/ L.J. Yadav एक ही पिता/पुत्र के नाम हैं। अतः मेरे ड्राईविग लाईसेंस नं0- UP32A20089003969 में Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav के स्थान पर वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1778918 वर्ष 2014 वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **बबीता यादव पुत्री बैजनाथ यादव, निवासिनी- ग्राम-खरगापुर रानी बाजार, आयोध्या।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम यादव प्रद्युम्मन कुमार पुत्र रामहरख से बदलकर प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **-प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव, निवासी- ग्राम- मठिया उर्फ अटकहा, पोस्ट फरदहा, थाना कप्तानगंज, तहसील हाटा, जिला कुशीनगर**

**प्रारूप संख्या 4**
**अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने की उद्घोषणा**
मु0अ0सं0 190/2023
धारा- 376, 452, 506 IPC व 3/4 Pocso Act थाना-
**श्रीदत्तगंज, जनपद- बलरामपुर**
बनाम-
**रेहान उर्फ गुल्ली जिला बलरामपुर**
**न्यायालय AST/SPL/Pocso Act कोर्ट 03**

मजिस्ट्रेट, चूंकि मेरे समक्ष परिवाद किया है कि नाम रेहान उर्फ गुल्ली पुत्र आफत अली आदि मुस्लिम निवासी बायभीट थाना श्रीदत्तगंज जिला- बलरामपुर ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा नं0 376, 452, 506 IPC व 3/4 Pocso Act के अधीन दण्डनीय का अपराध किया है, या (उस पर ऐसा संदेह किया जाता है) और तद्उपरान्त किये गये गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौट दिया गया है कि उक्त .... (नाम) मिलता नहीं है। अतः मुझे समाधान प्रदरूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त रेहान उर्फ गुल्ली (नाम) फरार हो गया है।(उक्त वारन्ट से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।) अतएव एतदद्वारा उद्घोषणा की जाती है कि रेहान उर्फ गुल्ली के उक्त ... से यह अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के तारीख ....को हाजिर हो।

आज्ञा से- न्यायालय

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष-2018 अनुक्रमांक 2320645 अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **प्रीती मौर्या पुत्री सूर्यलाल, निवासी- ग्राम- हररैया माथेपुर, पोस्ट- बनकटवा देहात,जनपद- गोंडा, मोबाइल नं- 723486942**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम STUTI के स्थान पर STUTI MISHRA रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए STUTI MISHRA पुत्री ANIL KUMAR MISHRA निवासी- ग्राम-धरमपुरा पोस्ट-लहुरा देवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संत कबीर नगर -272175

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SUSHIL KUMAR BHARDWAS S/O BHARDWAS DHONU से बदलकर SUSHIL KUMAR S/O DHANNU रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **सुशील कुमार पुत्र धन्नू निवासी ग्राम गाह, पोस्ट दरगाह, जिला मऊ 276306**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र के नेम की स्पेलिंग Aishwarye Aanand में संसोधन कर Aishwarya Anand कर दिया है अब उसे इसी नाम की स्पेलिंग से जाना एवं समझा जाए। मैं **शशिकांत पुत्र लालमन प्रसाद बी 352 आवास विकास कालोनी शाहपुर, पोस्ट गीता वाटिका, जिला गोरखपुर 273006**

**कोर कमेटी की बैठक** | चुनाव तक डोर-टू-डोर संपर्क साधने की शुरू हुई कवायद, जनप्रतिनिधियों सहित सभी कार्यकर्ताओं को बनाया गया पन्ना प्रमुख

# भाजपा की सबसे मजबूत कड़ी हैं पन्ना प्रमुख : अवनीश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह।



ग्राम औलिया लालपुर में चौपाल को संबोधित करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा।

**अमृत विचार** : जैदपुर विधानसभा की कोर कमेटी की बैठक में एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पन्ना प्रमुख अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल की सबसे मजबूत बूथ संरचना की सबसे मजबूत कड़ी पन्ना प्रमुख ही हैं। पन्ना प्रमुख सौ प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में अहम किरदार निभायेंगे। उन्होंने पन्ना प्रमुख को पार्टी के विस्तार और मजबूत नींव तैयार करने का श्रेय देते हुए उन्हें पार्टी की शक्ति बताया। उन्होंने सभी पन्ना प्रमुखों को मैं भी पन्ना प्रमुख हैशटैग के साथ सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विगत दो माह से चल रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के साथ भाजपा ने मैं भी पन्ना प्रमुख अभियान को धार देने की कवायद शुरू की है। जिले की सभी छह विधानसभाओं में लगभग 25 हजार पन्ना प्रमुख अभी से चुनाव तक उस क्षेत्र के लोगों से डोर टू डोर संपर्क कर उन्हें भाजपा से जोड़ने और पार्टी की विचारधारा के साथ लाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि बी और सी ग्रेड के बूथों पर पन्ना प्रमुखों को अधिक मेहनत करके भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करनी है। इस मौके पर शील रत्न मिहिर, लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा व अमरीश रावत मौजूद रहे।

### बिना भेदभाव हो रहा विकास : राज्यमंत्री

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : हमारी सरकार बिना किसी भेदभाव के सबके लिए विकास के काम कर रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाने का काम किया जा रहा है। ये बातें मंगलवार को राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने ब्लॉक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम तुरकानी, औलिया लालपुर व जलालपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। इस अवसर पर प्रधान धर्मेंद्र वर्मा, बिरौली प्रधान अनिल वर्मा, भुल्लन वर्मा आदि थे।


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

## एक नजर

### 530 ग्राम गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना अलीगंज पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को थाना अलीगंज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गंगाराम पाल निवासी इस्माइलपुर थाना अलीगंज को 530 ग्राम अवैध गांजा के साथ पाल किराना स्टोर इस्माइलपुर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह, कांस्टेबल शैलेश मिश्रा, कांस्टेबल निखिल कुमार शामिल रहे।

### पुलिस ने चाकू के साथ शातिर को दबोचा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली टांडा पुलिस ने अवैध चाकू के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना कोतवाली टांडा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बहोरापुर नहर पुलिया के पास से अभियुक्त अजय कुमार यादव पुत्र स्व लल्लन यादव निवासी शाहपुर कुरमौल थाना .कोतवाली टांडा उम्र 27 वर्ष को को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

### गिले-शिकवे भूल तीन जोड़े साथ रहने को हुए राजी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष, प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रियंका पांडेय व महिला कांस्टेबल सोनी गौतम द्वारा पति पत्नी के दो जोड़े और थाना अहिरौली में महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े के विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी खुशी विदा किया गया। बता दें कि महिला थानाध्यक्ष प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रियंका पाण्डेय और महिला कांस्टेबल सोनी गौतम द्वारा पति-पत्नी के दो जोड़े और थाना अहिरौली में महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी ने दंपति को समझाकर उनके बीच विवाद सुलझाया।

# मतदाताओं को लुभाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

**बैठक**

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफएसटी टीम और अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर


लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व साथ में मौजूद अन्य अधिकारी व कर्मचारी।

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए समस्त एसडीएम और एफएसटी टीम के साथ बैठक का आयोजन किया गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी टीमों को कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। स्थानीय विधि या न्यायालय के आदेशों के तहत प्रतिबंधों के अधीन राजनीतिक दल, अभ्यर्थी, उनके अभिकर्ता, कार्यकर्ता और समर्थक अपनी सम्पत्ति पर बैनर, ध्वज कट आउट लगा सकते है। वह ऐसा अपनी स्वेच्छा से और किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की असुविधा न हो। यदि बैनर, ध्वज आदि के ऐसे प्रदर्शन का उद्देश्य किसी विशेष अभ्यर्थी के लिए मत मांगना है, तो भारतीय दंड सहिता की धारा 171 के प्रावधान लागू होंगे।

आयोग के निर्देशों के पालन का दिया निर्देश : आयोग के निर्देशानुसार पार्टी कार्यालयों पर किसी पार्टी उम्मीदवार के झंडे की सख्या तीन से अधिक नहीं होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अक्षरशः पालन के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, एडीएम न्यायिक दयाशंकर पाठक, डीडीओ सुनील कुमार तिवारी व समस्त उपजिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी और अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं ने देवी मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री का किया पूजन

## मंदिरों में दर्शन के लिए सुबह से ही लग गया था भक्तों का तांता

**नवरात्र**

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। नवरात्र के पहले दिन विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने देवी मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री का पूजन-अर्चन किया। भक्तों का सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए तांता लगा रहा। इस मौके पर प्रमुख देवी मंदिरों की बिजली की झालरों से आकर्षक सजावट की गयी थी। जलालपुर नगर स्थित मठिया माता मंदिर पर भक्त पूजा-अर्चना करने के लिए जुटे रहे।

श्रद्धालुओं द्वारा द्वारा घरों में भी कलश की स्थापना की गई है। इसी प्रकार से क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्त गोलू जायसवाल, नीरज कुमार, विकास कुमार आदि ने बताया कि नवरात्र का त्योहार बहुत ही महत्वपूर्ण होता है, जिसमें 9 दिनों तक मां देवी की पूजा की जाती है। मठिया माता मंदिर के मुख्य पुजारी हरिश्चंद्र पांडे ने बताया कि


मठिया माता मंदिर में देवी मां की प्रतिमा का किया गया श्रृंगार। अमृत विचार


पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

यह मंदिर कई वर्ष पूर्व स्थापित हुआ था। यह मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है। उन्होंने बताया कि वैसे तो प्रतिदिन लोग मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए आते हैं, लेकिन साल के दोनों नवरात्र में दर्शन-पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। नवरात्र के पहले दिन क्षेत्र के अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने पूजन-अर्चन किया।

### रामनवमी मनाने को लेकर भक्तों में उत्साह


माता की पूजा करती श्रद्धालु महिला।

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** आदि शक्ति माता दुर्गा की पूजा, अर्चना, उपासना और कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि का पवित्र और पवन पर्व धार्मिक अनुष्ठान के साथ मंगलवार को शुरू हो गया है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली नवरात्र और रामनवमी का महापर्व पड़ रहा है। इस कारण लोग इस पर्व को दोगुने उत्साह के साथ मनाने की तैयारी में जुट गए हैं। चैत्र नवरात्रि और महानवमी के महापर्व को मनाने के लिए क्षेत्र के मठ मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिरों व घरों में मां के भजनों और पूजा-अर्चना व आरती से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति मय हो गया है।

### चोरी की घटना के चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

**फॉलोअप**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** घर के अंदर घुसकर लॉकर, बॉक्स आदि का ताला तोड़कर उसमें रखी लाखों की नकदी और लाखों के सोने-चांदी के जेवर चुराने के मामले में चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ है। घटना कटका थानाक्षेत्र के अमोला बुजुर्ग निवासी अंकुर सिंह के घर बीते गुरुवार की रात घटित हुई थी।

रात में अंकुर सिंह अपने परिवार के साथ भोजन कर रोजमर्रा की भांति कमरे में सो गए। लेकिन जब सुबह परिजनों ने खिड़की का दरवाजा टूटा हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। कमरे में बॉक्स का दरवाजा टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। वहीं इसमें रखी गई दो लाख 20 हजार रुपए की नकदी, सोने का हार, कंगन, अंगूठी, सोने की चेन, बाली समेत 10 लाख रुपए के आभूषण चोरी हो गए। अंकुर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन आज तक पुलिस उन चोरों का पता लगाने मे असफल है। सीओ देवेन्द्र कुमार मौर्या ने बताया कि मामले का खुलासा करने के लिए टीम लगायी गई है।

## सार-संक्षेप

### आधुनिक शिक्षा के साथ दीनी तालीम जरूरी


अली रहबर तकवी को सम्मानित करते हुए मौलाना अकबर अली वायज।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अंजुमन अकबरिया मीरानपुर द्वारा रमजानुल मुबारक में एक माह का तालीमी प्रशिक्षण शिविर बड़ा इमामबाड़ा परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन सोमवार की रात्रि में नतीजा घोषित किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को पुरस्कृत किया गया। मौलाना अकबर अली वायज जलालपुरी की अध्यक्षता और रेहान जैदी के संचालन में वक्ताओं ने उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर बल दिया। अयोध्या के डॉ. मिर्जा शहाब शाह ने कहा कि मंजिल पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। डॉ. हैदर मेहदी ने कहा कि दीनी तालीम के साथ दुनियावी इल्म भी हासिल करना अनिवार्य है। बालक नूर अस्करी, सादिक अब्बास, शान अब्बास, गाजी अब्बास, अजल अब्बास, इमरान हैदर, हसन अली, रजी अब्बास, फरहान हैदर, मिन्हाल मेहदी, जौन, शुजा, गाजी अली, मेहदी अकबर इत्यादि को पुरस्कार देकर हौसला आफजाई की गई। दूसरी तरफ यासिर हुसैन, अहमद मेहदी, अली रहबर तकवी, डॉ. आमिर अब्बास, रजा अनवर, कमर अब्बास, शुजाअत, समीर, जियो, मोहम्मद काजिम को सम्मानित किया गया। मौलाना मोहम्मद मूनिसए मौलाना इम्तियाज अब्बास रिजवान ए मौलाना कमर मेहदी अयोध्या ने भी संबोधित किया।

### श्रद्धालुओं ने किया सरयू की महाआरती और दीपदान



सरयू तट पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति के तत्वावधान में पिंगल नामक भारतीय नव वर्ष के स्वागत में वासंतिक नवरात्र के पहले दिन हनुमानगढ़ी मंदिर चौक के समीप पतित पावनी मां सरयु की पावन जलधारा में बनाए गए विशाल मंच पर सायंकाल ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश मिश्रा ने यजमान दंपतियों दिनेश नारायण सिंह, राजेश कुमार साहू, अंशुल अग्रवाल आदि को संकल्प कराकर विधि-विधान से पूजन कराया। पूजन के पश्चात मां सरयू की 21 हजार 511 दीपों से महाआरती पूजन तथा दुग्धाभिषेक किया गया। समिति के महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने नदियों को सदानीरा बनाए रखने के लिए उनकी शुद्धता को बनाए रखने का संकल्प दिलाया। अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल ने आभार प्रकट किया।

### महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

### कवि तारकेश्वर सम्मानित

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** प्रयागराज के अल्लापुर व्यापार मंडल और अल्लापुर मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में जिज्ञासु आमंत्रित थे। ना आमंत्रित अतिथियों विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, महेश चंद्र श्रीवास्तव भाजपा प्रभारी प्रयागराज, महानगर अध्यक्ष भाजपा प्रयागराज राजेंद्र मिश्र, महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी की मौजूदगी में जनपद के कवि डॉ. जिज्ञासु को सम्मानित किया गया गया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# शॉट सर्किट से लगी आग में 50 बीघा गेहूं की फसल जली

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के राजेपुर में गेहूं के खेत में बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग से दर्जनों किसानों की करीब 50 बीघा फसल राख हो फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर दो घंटे बाद पहुंची। इससे किसानों में काफी आक्रोश रहा। वहीं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राजस्व टीम ने नुकसान का आकलन किया है।


आग लगने से जलती गेहूं की फसल।

राजेपुर, केवलापुर और औरंगनगर के बीच स्थित गेहूं के खेत में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। आसपास के ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए, लेकिन थोड़ी ही देर में आग ने भयानक रूप ले लिया और देखते-ही-देखते दर्जनों किसानों की करीब 50 बीघा गेहूं की फसल राख हो गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी करीब दो घंटे की देरी से पहुंची।

### शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जलालपुर पुलिस ने दो लोगों को मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के साथ हिरासत में लेते हुए न्यायालय भेज दिया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंगुराडिला पुल के पास से एक व्यक्ति को पकड़ा। उसके पास से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अशोक कुमार गौतम निवासी वाजिदपुर थाना जलालपुर बताया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने कन्नूपुर गांव के निकट एक व्यक्ति को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम हरिवंश निवासी जैतपुर थाना जैतपुर बताया है।

# शिया-सुन्नी रोजेदारों ने सद्भाव का दिया संदेश

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** उर्दू बाजार स्थित करामतिया दारूल फैज जामा मस्जिद में शिया-सुन्नी रोजेदारों ने साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया। अंजुमन असगरिया के तत्वावधान में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में हजारों लोगों ने शिरकत की। वहीं मौलाना नजीबुल्लाह की इमामत में नमाज भी अदा की। शिया धर्म गुरु मौलाना मेंहदी हसन वाइज ने शिया-सुन्नी इफ्तार पार्टी को इतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द को बल मिलता है। इफ्तार पार्टी में हाजी फैज मोहम्मद, कारी आफाक, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद खालिद कासिमी, मोहम्मद अशजद, मोहम्मद सऊद मुजफ्फर हुसैन, अमीर हैदर, इब्ने अली जाफरी आदि मौजूद रहे। नगर के जाफराबाद स्थित सिद्दीकिया मस्जिद परिसर में केयर इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इफ्तार पार्टी में साम्प्रदायिक सौहार्द का रंग चढ़ा।


रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद लोग।

बड़ी संख्या में हिंदू भाई भी रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। केयर इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मुहम्मद इसहाक अन्सारी के नेतृत्व में कारी गुलाम यासीन, ओसामा, अहमद अयाज़ ने व्यवस्था संभाली। उक्त अवसर पर सहयोग फाउंडेशन के आशुतोष सिंह, सप्रिय गोयल, राजकुमार सोनी, समीर चौधरी, मौलाना सरफराज़, मौलाना खालिद कासमी समेत हिन्द एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे।

**बैठक** एडीएम ने की बैठक, मातहतों को दिए निर्देश

# आचार संहिता का पालन कर मनाएं बाबा साहब की जयंती

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाए जाने के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

एडीएम ने निर्देशित किया कि नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत में मलिन बस्तियों में सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि जनपद के सभी राजस्व ग्रामों में तैनात सफाईकर्मियों के सहयोग से सफाई अभियान चलाया जाए। वहीं नगर पालिका परिषद अकबरपुर की मलिन बस्ती शहजादपुर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाए। उन्होंने शिविर की व्यवस्था और शिविर में मरीजों के लिए चिकित्सकों और दवाओं की व्यवस्था के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय में मरीजों को फलों का वितरण किया जाए।


डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाए जाने की तैयारी बैठक करते एडीएम।

**भाषण प्रतियोगिता का किया जाए आयोजन :** एडीएम ने बाबा साहब के जीवन कृत्य और उनके आदर्शों के सम्बन्ध में भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर में करने के लिए बीएसए और डीआईओएस को निर्देशित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।


मरकजी ईदगाह अकबरपुर। अमृत विचार

### ईद की नमाज को मस्जिद व ईदगाह तैयार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिले में ईद-उल-फितर को लेकर काफी उत्साह है। त्योहार की तैयारियां जोरों पर है और लोग बेसब्री से इस दिन का इंतजार कर रहे हैं। ईद की नमाज को लेकर मरकजी ईदगाह सहित नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों और ईदगाहों का रंग रोगन और साफ-सफाई और का कार्य मुकम्मल हो चुका है। यहां हाफिज शकील अख्तर नमाज अदा कराएंगे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक मां बाराही का मंदिर

## जनपद मुख्यालय से महज 35 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम सभा मुकुंदपुर में स्थित है शक्तिपीठ

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** जिला मुख्यालय से महज 35 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम सभा मुकुंदपुर में स्थित शक्तिपीठ मां बाराही का मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य का द्योतक है। सूकर क्षेत्र में विशाल वटवृक्ष के नीचे बना हुआ शक्तिपीठ मां बाराही मंदिर में माथा टेक कर मांगने वालों की सभी मुरादें पूरी होती हैं। यहां हिंदुओं के साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोग भी माथा टेकने पहुंचते हैं। प्रत्येक सोमवार शुक्रवार के साथ-साथ नवरात्र के महीने में हजारों की संख्या में भक्त मां के दर्शन कर अपनी मन्नत मांगते हैं। शक्ति की साधना अनंत काल से चली आ रही है, क्योंकि सत्य के बिना शरीर निर्जीव की भांति रहता है। शक्ति और सर्वेश्वर से सारा जगत व्याप्त है। कहीं भी शक्ति के बिना शब्द भी बनना असंभव है।


बाराही देवी मंदिर में पिंडी और पुजारी।


मां बाराही देवी का मंदिर। अमृत विचार

प्रचलित मान्यता के अनुसार मां बाराही के चरणों में माथा टेककर मांगने वाले की सभी मुरादें पूरी होती हैं। दुर्गा सप्तशती के अनुसार जब रक्तबीज का बध करना था तो उस समय मां जगदंबा ने अपनी अद्भुत शक्तियों का प्रदर्शन किया है। उनके आह्वान पर बाराही, इंद्राणी, ब्राह्मी, वैष्णवी, नरसिंही आदि देवियाँ उक्त आताताई के संहार के लिए रणभूमि में उपस्थित हुईं। वराह पुराण के अनुसार जब हिरण्याक्ष नामक दैत्य पृथ्वी को चुरा ले गया था तो उस दैत्य का वध करने के लिए भगवान विष्णु को वराह का रुप धारण करना पड़ा और पाताल लोक पहुंचने के लिए शक्ति की आराधना की तो सुखमनी नदी (अब सुखनई) के तट पर मां बाराही देवी अवतरित हुई थी इसलिए प्रारंभ काल में इस स्थान को अवतरी भवानी के नाम से जाना जाता था और अब उत्तरी भवानी के नाम से जाना जाता है। यहां की पुजारी साध्वी रामा ने बताया कि मंदिर में सुरंग आज भी सुरक्षित है। सुरंग के ऊपर बने अरघे में दिन रात दीपक जलता रहता है। नवरात्र माह में मंदिर को प्रतिदिन अलग-अलग रंगों से सजाया जाता है और माता के अलग-अलग रूपों की पूजा होती है।

### अंखियां चढ़ाने का है प्रचलन

मान्यता है कि आंखों की रोशनी चली जाने के बाद मंदिर का दर्शन कर यहां का नीर और वट वृक्ष का दूध आंखों में डालने पर रोशनी वापस आ जाती है और इसके लिए पीड़ित श्रद्धालु 15 दिनों तक यहां रहकर श्रद्धा भाव से माता की सेवा करते हैं और उनकी कृपा प्राप्त करते हैं।

## एक नजर

### प्रभु श्रीराम ही रोशनी राम ही दिनमानः संध्या त्रिपाठी

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : राम ही रोशनी राम दिनमान है। हरदोई से पधारे कवयित्री संध्या त्रिपाठी ने अपने गीतों और छंदों से पूरे वातावरण को प्रेममय बना दिया। लखनऊ से पधारे देश के प्रसिद्ध ओज कवि योगेश चौहान ने पढ़ा- नववर्ष तुम्हें मंगलमय हो नववर्ष तुम्हें मंगलमय हो, कह रही सम्पूर्ण प्रकृति आज ही परमेश्वर तेरी जय हो। आयोजन में मुख्य रूप से सहयोगी और मार्गदर्शक प्रधान प्रतिनिधि नन्दौर जय प्रकाश सिंह बब्बू, भानु प्रताप सिंह बंटी, के अतिरिक्त सुरेंद्र बहादुर सिंह, धर्मवीर सिंह बबलू, उमेश्वर प्रताप सिंह राठौर, अजय प्रताप सिंह टिंकू, शिव प्रताप सिंह, समेत क्षेत्र के हजारों श्रोता पूरे समय तालियों को गड़गड़ाहट से कवियों का उत्साहवर्धन करते रहे। मंचाध्यक्ष हीरा सिंह मधुर के अध्यक्षीय काव्यपाठ किया। कार्यक्रम संयोजक ने आभार जताया।


कलशयात्रा निकालती महिलाएं। अमृत विचार

### परसपुर में हर्षोल्लास पूर्वक निकाली गई कलशयात्रा

परसपुर, अमृत विचार : राजपुर मुहल्ले में स्थित गूंगी भवानी मंदिर पर नवरात्रि के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथाकलश पूजन के साथ शुरू हुआ। परसपुर कस्बा में डीजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों महिलाओं-पुरुषों और बच्चों ने अबीर-गुलाल उड़ाया। पीला वस्त्र धारण कर भगवा लहराते हुए युवाओं ने जयकारे लगाए। डीजे, ढोल, ताशा, डमरू, शंखनाद ध्वनि पर थिरकते पैर आगे बढ़ रहे थे। राजपुर मुहल्ला से प्रारंभ शोभायात्रा आटा हनुमान गढ़ी, ब्रह्मदेव मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, बेलसर व बालपुर मार्ग समेत विभिन्न स्थलों पर भ्रमण करते हुए सरयू तट को प्रस्थान किया। ओंकार सोनी ने बताया कि 17 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मां भगवती का जागरण तथा 17 अप्रैल को हवन पूर्णाहुति एवं भंडारा आयोजित होगा। इस मौके पर धनलाल सोनी, ओंकार सोनी, संजीव त्रिपाठी, सुभाष तिवारी, कृष्णा सैनी, बबलू सोनी, कल्लू सोनी, धर्मा सोनी रहे।

# श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री के दरबार में लगाई हाजिरी

## मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, कलश स्थापना के साथ व्रत शुरू

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** आदिशक्ति जगत जननी मां की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र आज प्रारंभ हो गया। श्रद्धालुओं ने मंगल कलश स्थापना के साथ व्रत का शुभारंभ किया। व्रत के पहले दिन मां भक्तों ने मंदिर में जाकर देवी मां के दर्शन किए।

नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन अर्चन किया गया। नवरात्रि में मां के नौ स्वरूपों की आराधना अलग-अलग विधान से पूरी श्रद्धा से की जाती है। पहले दिन मां शैलपुत्री की, दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्रघंटा, चौथे दिन कूष्मांडा, पांचवे दिन स्कंदमाता, छठवें दिन कात्यायनी, सातवें दिन कालरात्रि, आठवें दिन महागौरी तथा नवें दिन सिद्धिदात्री की आराधना होती है। सभी नौ देवियों के स्वरूपों के स्तोत्र मंत्र व आह्वान मंत्र अलग अलग हैं। लेकिन मंदिरों में सभी मां के एक ही विग्रह को भक्त पूजते हैं और मनोवांछित फल व अभीष्ट की प्राप्ति होती है। पहले दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने जिले के विभिन्न मंदिरों में जाकर मां के दर्शन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। चैत्र नवरात्र को लेकर श्रद्धालु कई दिन से तैयारी में जुटे हुए थे। घरों में कलश व अखंड ज्योति की स्थापना से लेकर मां की उपासना की विभिन्न प्रक्रिया अपनाई जाती है। श्रद्धालु 9 दिन व्रत रखकर देवी मां के चरणों में उपासना करते हैं। माना जाता है चैत्र नवरात्र सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग आदि के लिए बहुत ही अनुकूल होता है। इस बार चैत्र नवरात्र पर विशेष योग बन रहा है। इसकी उपासना विशिष्ट फल दायी है। मंगलवार को सुबह लोगों ने स्नान आदि कर मंदिरों पर जाकर शीश झुकाया। शहर स्थित मां काली भवानी मंदिर, बड़गांव स्थित खैरा मंदिर विंध्यवासिनी मंदिर, मनसा देवी आदि पर सुबह से ही भीड़ रही। उत्तरी भवानी में भारी भीड़ जुटी।


काली भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

करनैलगंज के भैरव मंदिर में मां के दर्शन को लोगों ने सुबह चार बजे से ही लाइन में लग गए। चैत्र नवरात्र को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। प्रशासन की ओर से भी मंदिरों पर साफ सफाई की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने दिन की शुरुआत पूजा व व्रत के साथ किया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी थानों की पुलिस को मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है।

# एक लाख घरों में भगवा ध्वज लहराने का संकल्प

## नगर के कई मोहल्लों में विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने की शुरुआत, नववर्ष की दीं शुभकामनाएं

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** विक्रम संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय नव संवत्सर के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर भगवा ध्वज का वितरण किया एवं रोली चंदन लगाकर नूतन वर्ष की बधाइयां दीं।

● तिलक लगाकर लोगों को सौंपा भगवा ध्वज

प्रातः काल नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात बजरंग दल कार्यकर्ताओं का जत्था प्रांतीय नेता राकेश वर्मा गुड्डू के नेतृत्व में निकल शास्त्री नगर, इमामबाड़ा, मझरतिया, पेरी पोखर, आवास विकास कालोनी, ठठेरी बाजार, दयानंद नगर इत्यादि क्षेत्रों में पहुंचे और यहां पर हर घर को भगवा ध्वज प्रदान कर उन्हें अपने निवास के शिखर पर लगाने को आग्रह किया एवं माथे पर तिलक लगाकर नूतन वर्ष की बधाई देकर आगामी चैत्र रामनवमी के अवसर पर अपने-अपने निवासियों को पुनः एक बार सुसज्जित कर प्रभु श्री रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने के पश्चात प्रथम रामनवमी को भव्य बनाने का आह्वान किया। प्रांतीय नेता राजेश वर्मा गुड्डू ने बताया कि पूरे जिले में चैत्र रामनवमी तक एक लाख भगवा ध्वज एक लाख हिंदुओं के घर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी निमित्त आज से कार्यक्रम आरंभ हो गया है जिसमें आज नगर क्षेत्र, झंझरी, पडरी कृपाल, रूपईडीह, मुजेहना इत्यादि प्रखंडों में कार्यक्रम आरंभ हो गया है। इसके लिए अलग-अलग प्रखंडों में नगरों में व बस्तियों में वार्ड व ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दे दी गई है।


हिंदू घरों में भगवा ध्वज सौंपते विहिप के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा गुड्डू। अमृत विचार

आज के कार्यक्रम में विहिप विभाग सह मंत्री भरत गिरी बाबा, जिला सह मंत्री ऋषि वर्मा बबलू, सोनू सोनकर, आशीष मोदनवाल, संदीप यादव, कमल बाबा, सुनील निदास, तिलक धर दुबे, ललित मोहन तिवारी, कमलापति गुप्ता, अनिल बजरंगी, विजय वर्मा, दशरथ गौतम, शिवकुमार गौड, गोविंद मिश्रा, रत्नेश मिश्रा, अजय निषाद, मुन्ना गौतम, दीपेंद्र गौतम इत्यादि उपस्थित रहे।

# भक्तों ने निकाली कलशयात्रा

संवाददाता, इटियाथोक

**अमृत विचारः** इटियाथोक ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत परसिया गूदर पंचायत के चितैयाजोत मे स्थित श्री चितेश्वर नाथ महादेव मंदिर मे हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नौ अप्रैल से श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आम जनमानस के सहयोग से किया जा रहा है। मंगलवार को भव्य कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य अनूप वाजपेई महाराज, यज्ञाचार्य आचार्य मनीष चतुर्वेदी, नीरज दास महाराज, गंगादास महाराज, नवल किशोर सोनी, प्रवेश शर्मा समेत क्षेत्र के तमाम भक्त शामिल हुए।


इटियाथोक में कलशयात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

कथा नौ से 15 अप्रैल तक शाम को 6 बजे से रात 9 बजे तक प्रतिदिन चलेगी। इस दौरान हर दिन रात नौ बजे से देर रात तक वृन्दावन की प्रसिद्ध रासलीला व मनमोहक झांकी दिखाई जायेगी। कार्यकर्ता नवल किशोर सोनी ने बताया की यह कार्यक्रम राजकुमार दास महाराज श्री राधावल्लभ कुंज श्री अयोध्या धाम के सानिध्य में हो रहा है। अंतिम दिवस पूर्णाहुति व विशाल भंडारा 16 अप्रैल को होगा।

## सार-संक्षेप

### कलशयात्रा के साथ पैड़ी में रामकथा शुरू

**रुपईडीह, अमृत विचार :** क्षेत्र के पैड़ीबरा गांव में क्षेत्रीय जनता के सहयोग से प्राचीनतम काली माता के स्थान पर श्रीराम कथा का आयोजन शुरु हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत किए जाने के क्रम में मंगलवार को भव्य कलश शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। कलश यात्रा काली माता मंदिर प्रांगण से शुरू होकर ग्राम भ्रमण करते हुए फलाहारी धाम के कुटिला तट पर पहुंची, जहां मां भक्तों द्वारा कलश में जल भरकर मंदिर प्रांगण में लाकर एकत्रित कर विधिवत पूजन शुरू किया गया। कथा व्यास शिवशरण शास्त्री ने बताया कि श्रीराम कथा का शुभारंभ आज से शुरू होकर नौ दिनों तक भगवान प्राकट्य, राम विवाह, राज्याभिषेक, पूर्णाहुति तक चलेगी। इसमें राम कृष्ण शुक्ल, विनोद शुक्ल, शिवपाल तिवारी, रजनी कान्त तिवारी, बाबू तिवारी, अजय पाण्डेय, विजय तिवारी, लल्लन शुक्ल, रिंकू तिवारी, अजय शुक्ल, जगदीश शुक्ल, सोनेलाल, मोहित, नानबाबू, बबलू पाण्डेय, जसवंत लाल, शिवानंद आदि मौजूद रहे।

### किताब पाकर बच्चों ने जताई खुशी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का नया सत्र शुरू होने पर मंगलवार को इंदर पुर प्राथमिक विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी चन्द्र भूषण पांडेय के मौजूदगी में बच्चों के लिए नई किताबें वितरित किया गया। इस दौरान विधालय स्टाफ ने विद्यार्थियों को रोली तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। निजी विद्यालयों के फलस्वरूप सरकारी विधालय एक अप्रैल से नया सत्र शुरू हो गया है। नई किताबें पाकर बच्चों ने खुशी जताई। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सिंह, सोनी सिंह, बसंत पाण्डेय, प्रीति चतुर्वेदी, रागिनी सिंह, धर्मेंद्र तिवारी समेत विधालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### नाबालिग के अपहरण मामले में रिपोर्ट दर्ज

**परसपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव नाबालिग लड़की को अपहरण कर ले जाने के मामले में उसके पिता द्वारा नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द ही आरोपी सहित नाबालिग को बरामद कर लिया जायेगा।

### कैसरगंज सांसद का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन


बेलसर में कैसरगंज सांसद का स्वागत करने के लिए उमड़ी भीड़। अमृत विचार

**बेलसर, अमृत विचार :** कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह का रगड़गंज चौराहे पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय जनता ने माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत होकर सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार सभी क्षेत्रों में अद्वितीय कार्य कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने सड़कों, बिजली, आवास, पेयजल तथा स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाकर लोगों का विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने आगे कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के बदौलत संसद में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता रहा है। पूर्ण विश्वास है कि आगे भी मिलता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह, नगर पंचायत बेलसर प्रतिनिधि गोलू सिंह, मोनू सिंह, सूरज सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, संतोष सिंह, विनय सिंह, मनीष सिंह लिटिल, राघव राम तिवारी, पप्पू सिंह सिधौटी, शैलेंद्र सिंह, रविंद्र पांडेय जिला पंचायत सदस्य, संतोष दुबे, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद सलीम, यशवंत सिंह, अतुल सिंह विक्की, संतोष मिश्रा, पिंटू सिंह, सौरभ सिंह, अनिल चौरसिया, अशोक कुमार, पवन कौशल, विजय बहादुर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधान ने सड़क निर्माण की उठाई मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कमड़ावा में हौसी पुरवा गांव से होते हुए बरई पुरवा तक जाने वाली सड़क की दशा अत्यंत खराब है। इससे क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान नीलम दुबे ने भाजपा के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप से उक्त सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

### वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल

**परसपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत स्थित महाकवि तुलसीदास पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय के एएनओ डॉ हरेंद्र यादव ने बताया कि मंगलवार को कालेज के एनसीसी कैडेटों ने प्राचार्या डॉ वीना सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रांगण से सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता पखवाड़े के तहत परसपुर चौराहे तक वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल। लोकतंत्र की सुनो पुकार,मत खोना अपना मताधिकार आदि स्लोगन के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के जनपद में 20 मई को होने वाले मतदान में शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की। वही 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं से मतदाता सूची से जुड़ने की अपील की।

# प्रवेशोत्सव समारोह में मेधावी सम्मानित

## स्कूल चलो अभियान रैली को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** मुजेहना के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेसहूपुर में मंगलवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समारोह में पास आउट छात्र छात्राओं को विदाई दी गयी और पिछले सत्र में अपने क्लास में टॉपर रहे मेधावी बच्चों को परीक्षाफल के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


मेधावी बच्चों के साथ बीएसए, बीईओ व शिक्षक। अमृत विचार

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होने खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी के साथ मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बीएसए ने सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। आठ उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को परीक्षाफल संग पुरस्कार वितरण करके उनकी विदाई की गई। बीएसए ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने विद्यालय की सभी कक्षाओं एवं किचेन गार्डन का निरीक्षण किया और स्कूल के प्रधानाध्यापक की तारीफ की। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष मुनीजर, सुरेन्द्र राही, विनोद कुमार यादव अनुदेशक, रवीन्द्र नाथ गुप्ता, जनक राम वर्मा, अमित कुमार सिंह, बलजीत कुमार वर्मा, अनुज कुमार सिंह, अजीत कुमार वर्मा, लवलेश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष शरद सिंह ने किया।

# नववर्ष पर काव्य सम्मेलन आयोजित

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचारः** भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन संयुक्त विद्यालय नंदौर के परिसर में सोमवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के युवा नेता दिग्विजय सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में जीत बहादुर सिंह, रिंकू प्रधान प्रतिनिधि पसका ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

वरिष्ठ कवि हीरा सिंह मधुर की अध्यक्षता व कवि रवीन्द्र पाण्डेय 'रवि' के संचालन में सोमवार रात आठ बजे से शुरू हुआ कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा। बहराइच से आए कवि देशराज सिंह मधुसूदन ने सरस्वती वंदना के पश्चात पंक्तियां पढ़ीं कि – जिंदगी भर जले तो जाना मोहब्बत क्या है, हमको अपने नसीब से भी शिकायत क्या है। इसके बाद बस्ती से आये कवि केदारनाथ मिश्र 'ललक' ने अपनी हास्य रचनाओं से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए पढ़ा " कुछ पढ़े लिखे परिवारन मा बिटिया का बेटा कहै लाग, यहके कारन से रिसियाय केर बेटवा बिटिया अस रहै लाग। ओज कवि कृष्ण कुमार सिंह दीप ने पढ़ा "जाति धरम भाषाओं का मौसम सतरंगा हो जाए, इंद्रधनुष यदि बने लेखनी धन्य तिरंगा हो जाए। कार्यक्रम संयोजक जय दीप सिंह सरस ने पढ़ा "है दोष हमारा कि गाय छुट्टा छोड़कर, बाजार में हम गाय का घी ढूंढ़ रहे हैं। शैलेन्द्र मणि मिश्र ने पढ़ा "राम ही जान हैं, राम पहचान हैं।

**गड़बड़झाला** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा पटल सहायक पर लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन

# बीएसए दफ्तर में खेल, वेतन बाधित कर हो रही वसूली

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** बीएसए कार्यालय में शिक्षकों के वेतन बाधित करने और बहाली करने में खेल हो रहा है।.जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय में तैनात पटल सहायक पर नियम विरुद्ध शिक्षकों का वेतन बाधित करने तथा बहाली के लिए वसूली करने का आरोप लगाया है।


एडी बेसिक को ज्ञापन सौंपते जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने देवी पाटन मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सिंह व जिला अध्यक्ष किरन सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने एडी बेसिक को बताया कि बीएसए कार्यालय में शिक्षकों का वेतन नियम विरुद्ध बाधित कर अनियमितता का खेल चल रहा है। इसमें बीएसए कार्यालय के पटल सहायक जनमेजय सिंह की भूमिका है।

उन्होंने बताया कि नियमों को विपरीत पहले सैकड़ों शिक्षकों का बाधित कर दिया गया और फिर अनुचित मांग पूरी करने वाले का वेतन बहाल कर दिया गया जिन्होंने मांग पूरी नहीं की उनका वेतन अब तक बाधित है। जिन शिक्षकों का मेडिकल स्वीकृत है, बीईओ की आख्या भी महीनों पूर्व कार्यालय को प्राप्त है फिर भी उसे छुट्ची नहीं मिल रही है। एक अनुचर को आईसीटी लैब सामाग्री की सुरक्षा के लिए बीआरसी पर संबद्ध किया गया था। 8 महीने पहले लैब की स्थापना हो चुकी है लेकिन अब तक विद्यालय के लिए कार्यमुक्त नहीं किया गया है। जिलाध्यक्ष किरन सिंह ने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक विद्यालय उधारी लेकर एमडीएम योजना को संचालित कर रहे हैं जबकि कई विद्यालय ऐसे हैं जहां धनराशि डंप पड़ी है। उन्होने मांग की कि उधारी वाले विद्यालयों का सम्पूर्ण भुगतान होने तक इन स्कूलों में कोई भी राशि प्रेषित न की जाए। संगठन ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर एडी बेसिक को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रांतीय सदस्य अनिल कुमार सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, मण्डल मंत्री मोहित प्रकाश सिंह, मण्डल संयुक्त मंत्री बृजेश कुमार, जिला संयुक्त मंत्री तिलक राम वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष परसपुर नंदकुमार सिंह, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनकापुर लोकेश कुमार, ब्लॉक संयुक्त मंत्री मनकापुर कृष्ण कुमार वर्मा आदि सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मी का दो दिन का रोका वेतन

**रुपईडीह, अमृत विचारः**विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने के आरोप में ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत बेलवा बाजार के सफाई कर्मी मोहम्मद कलीम व पड़री सविता के जयप्रकाश का दो दिनों का वेतन अवरुद्ध किए जाने का खंड विकास अधिकारी ने मृत्युंजय यादव ने आदेश दिया है। ब्लॉक के एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त दोनों सफाई कर्मियों को दो दिनों तक विभागीय कार्यों के लिए जियो टैगिंग का दायित्व दिया गया था। इसके बावजूद उन दोनों लोगों द्वारा जियो टैगिंग के प्रगति की रिपोर्ट ब्लॉक मुख्यालय पर निर्धारित अवधि में नहीं उपलब्ध कराया गया।

## एक नजर

### मुकदमे में वांछित तमंचा के साथ गिरफ्तार

रुपईडीह, अमृत विचार : कौड़िया के बड़हरा जोत गांव निवासी तथा विभिन्न मुकदमे में आरोपित छैल बिहारी को पुलिस ने अवैध देसी तमंचा बारह बोर व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध विभिन्न थानों को मिलाकर चोरी, लूट आदि जैसी घटनाओं के दस मुकदमे दर्ज हैं।

### साढ़े छह लाख की हुई वसूली

रुपईडीह, अमृत विचार : इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर के तत्वावधान में फरेंदा गांव में बकाया वसूली शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि इस वसूली शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड योजना व अन्य योजना के तहत आठ बकायादारों से छह लाख 50 हजार रुपए का बकाया वसूल किया गया है।

# मंडी में गेहूं की आवक तेज, भाव में आई गिरावट

## लगभग 2260 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खुले बाजार में हो रही गेहूं की खरीद, कई किसान पहुंचे मंडी

गोंडा कार्यालय


मंडी में खड़ी गेहूं लदी ट्राली।

**अमृत विचार:** नवीन गल्ला मंडी में नए गेहूं की आवक शुरू हो गई है। अन्नदाता उपज को बेचने के लिए मंडी का रुख करने लगे हैं। गेहूं के दाम में भी अब गिरावट देखे जा रही है। जहां दो-तीन दिन पहले गेहूं 2400 प्रति क्विंटल के भाव से व्यापारी खरीद कर रहे थे। वहीं अब इसमें गिरावट आ गई है। मंगलवार को कई किसान अपनी उपज को बेचने के लिए मंडी में आए।

किसानों के मुताबिक अभी-अभी फसल कटनी शुरू हुई है। ऐसे में आने वाले दिन में गेहूं तेजी के साथ मंडी में आएगा। मंडी के व्यापारी 2260 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद रहे हैं। गेहूं आने से अब मंडी में स्थापित सरकारी केंद्र भी गुलजार होने लगे हैं। मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं का मूल्य इस वर्ष 2275 रुपए प्रति क्विंटल सरकार ने रखा है। गेहूं खरीद की गति धीमी होने से जिला प्रशासन से लेकर शासन तक परेशान है। जहां एक और गेहूं खरीद हो इसके लिए जिला प्रशासन ने रेल प्रशासन को रैक पॉइंट से गेहूं बाहर भेजने के लिए इंडेंट पर रोक लगा दी है। वहीं व्यापारियों पर भी गेहूं खरीदने को लेकर मुखर नहीं हो रहे हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि जब मूल्य समर्थन योजना व व्यापारियों के मूल्य में कोई विशेष अंतर नहीं होगा, तो लोग अपनी उपज को बेचने के लिए सरकारी केंद्र पर जरूर आएंगे। हालांकि मूल्य समर्थन योजना का उद्देश्य यह है कि जो सरकारी दर खरीद के लिए जारी हो उस कम मूल्य पर खुले बाजार में किसानों की उपज न खरीदी जाए। वही व्यापारियों का दावा है कि वे लोग किसानों से गेहूं नहीं खरीदेंगे तो उनका व्यापार चौपट हो जाएगा। सरकार की मंशा है कि पहले सरकारी केंद्र पर खरीद हो जाए उसके बाद व्यापारी खरीद फरोख्त करते हुए व्यापार करें। कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली है। उसमें गेहूं खरीद से ही इकट्ठा किए गए खाद्यान्न को ही सरकार गरीबों के बीच वितरित करती है। यदि खरीद नही होगी तो योजना के लिए खाद्यान्न की अलग से व्यवस्था करनी पड़ेगी। बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी में किसानो की आवाजाही बढ़ी है। पछुआ हवा चलने से गेहूं की फसल भी तैयार हो गई है। अन्नदाता जिसको बेचने के लिए मंडी में आ रहे हैं। मंडी प्रशासन की माने तो प्रतिदिन 300 से 400 क्विंटल गेहूं की आमद हो रही है। मंडी में किसान अपने उपज को बेचने के लिए आ रहे हैं । जो आवक है उसमें से अधिकांश किसान सरकारी करें केंद्र पर ही अपना गेहूं बेच रहे हैं। बाजार में गेहूं के के दाम में गिरावट आने से सरकारी केंद्र प्रभारियों की चांदी होगी। जो अभी गेहूं की तलाश में गांव गांव जाकर किसानों के घर दस्तक दे रहे हैं इन लोगों को आराम से गेहूं मिलने लगेगा। नवीन गल्ला मंडी के निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मंडी में गेहूं की आवक हो रही है। अधिकांश किसान सरकारी केंद्र पर ही अपनी उपज बेच रहे हैं। खुले बाजार में भी गेहूं के भाव में गिरावट देखी जा रही है।

# कालाबाजारी के लिए ले जा रहे थे राशन, विरोध पर पीटा

दबंगई

- पीड़ित ने जिलापूर्ति अधिकारी से की शिकायत

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सरकारी खाद्यान्न बेचने का आरोप लगाते हुए गांव के ही युवक ने विरोध किया तो आरोपियों ने पिटाई कर दी। युवक ने जिला पूर्ति अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच करने की मांग की है।

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के चिलबिला खत्तीपुर के रहने वाले रघुनाथ प्रसाद ने जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि हमारे गांव की ही रहने वाले रामू उर्फ शिव शंकर अवस्थी 6-7 कट्टी सरकारी चावल गाँव के कोटेदार के दुकान से लाद कर कालाबाजारी की नीयत से सोमवार को ले जा रहे थे। विरोध किया गया तो दबंग शिव शंकर अवस्थी, कोटेदार के पति सहित अन्य लोगों ने मारपीट किया।

पीड़ित के मुताबिक मारपीट की घटना होने के बाद कोतवाली देहात में मुकदमा भी किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया की शिकायत मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई भी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सादुल्लाह नगर में नीलगाय से भिड़ी प्रधान की कार, मौत

## सांसद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने व्यक्त की संवेदना

संवाददाता, तरबगंज



**अमृत विचार:** बलरामपुर जिले के सादुल्लाह नगर क्षेत्र में ठेकेदारी कर रहे तरबगंज ब्लाक के शीशौ के प्रधान राजदत्त तिवारी की गाड़ी सोमवार की भोर में नीलगाय बचाने के चक्कर में पुलिया से लड़ कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। गंभीर हालत में प्रधान राजदत्त तिवारी को लखनऊ स्थित सहारा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने रात में लगभग 12 बजे अंतिम सांस ली। प्रधान के निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अलावा भारी संख्या में शुभचिंतक भी लखनऊ पहुंच गए मंगलवार को पोस्टमार्टम होने के बाद शव को अंतिम यात्रा के लिए उनके पैतृक निवास शीसो लाया गया है। जहां पर भारी संख्या में भीड़ जमा रही।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार प्रधान तिवारी गांव में लगने वाली पेयजल परियोजना में ठेकेदारी का काम करते थे। रविवार को देर रात तक काम चलता रहा। रात्रि लगभग 2 बजे काम समाप्त होने के बाद वह अपने सहयोगी प्रमोद तिवारी के साथ घर के लिए निकले। सादुल्लाह नगर के पास जंगल में अचानक नीलगाय आ जाने से उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें प्रधान तिवारी को गंभीर चोटे आईं। उनके सहयोगी प्रमोद तिवारी ने किसी तरह गाड़ी से बाहर निकाल कर प्रशासनिक सहायता मांगी। एंबुलेंस से पहले तिवारी को स्थानीय सीएससी सादुल्लाह नगर ले जाया गया जहां से फिर उन्हें जिला अस्पताल गोंडा के लिए रेफर कर दिया गया। गोंडा में एक निजी चिकित्सालय में गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें सहारा हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां पर सोमवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रधान के निधन पर सांसद बृजभूषण शरण सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल पांडेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नान बच्चा पांडेय आदि ने गहरा दुख जाता है।

# बिना अनुमति जनसभा की तो दर्ज होगा केसः डीएम

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 दृष्टिगत मंगलवार को जिलाधिकारी ने सभी एआरओ व एमसीएमसी टीम के सदस्यों साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि कोई भी राजनैतिक दल बिना अनुमति के रैली, जनसभा व जुलूस आदि निकाल कर प्रचार-प्रसार करता है तो उसके खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की उचित धाराओं में कार्यवाही की जाये। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्र की एफएसी व एसएसटी टीमों को सक्रिय कर ऐसे मामलों में तत्काल कार्यवाही की जाये। किसी भी राजनीतिक दल को जनसभा, जुलूस रैली आदि करना हो तो पहले सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अनुमति प्राप्त करे उसके बाद ही कार्यक्रम करें। बिना अनुमति के जनसभा रैली आदि करने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा सुविधा ऐप के माध्यम से अनुमति / परमीशन ली जा सकती है। बिना अनुमति के कोई भी आयोजन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। व्यवस्था के अनुसार जिस चीज की अनुमति लेनी हो उसका ऑनलाइन ऐप के माध्यम से आवेदन करना होगा।

# सोशल मीडिया पर एक गलत पोस्ट खिलाएगी जेल की हवा


एमएसएमसी कार्यालय का निरीक्षण करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव- 2024 के दृष्टिगत चुनाव आचार संहिता लागू है। ऐसे में अगर आप सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट कर रहे हैं तो सतर्क हो जाएं। आपका एक गलत पोस्ट आपको जेल भी पहुंचा सकता है। जनपद में पहले ही इस तरह के दो मामलों में जिला निर्वाचन कार्यालय के स्तर पर एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। अब इनको लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय और भी सतर्क हो चला है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमएसएमसी) को सक्रिय कर दिया गया है। समिति में कुछ सोशल मीडिया एक्सपर्ट्स को भी शामिल किया गया है। जो, 24 घंटे सोशल मीडिया अकाउंट्स पर जारी हो रही पोस्ट पर नजर रख रहे हैं। हर फोटो, वीडियो पर परीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने खुद मंगलवार को मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति ऑफिस का निरीक्षण किया। जिम्मेदारों को इस संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी।

# सरयू के किनारे मिला युवक का शव

संवाददाता, नवाबगंज


मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरयू नदी के किनारे 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के सरयू घाट के महेशपुर गांव में मंगलवार की सुबह सरयू नदी के किनारे गांव वालों ने एक युवक की लाश पानी में औंधे मुंह पड़ा हुआ देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सरयू घाट पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाल कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन स्थानीय लोग मृतक की पहचान नहीं कर सके। इस बीच आसपास के लोगों को भी बुलाया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी पहचान नहीं हो सकी। सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# भाजपा का घोषणा पत्र तैयार करते हैं उद्योगपतिः मुकेश चौहान


प्रेसवार्ता करते कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मुकेश चौहान। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** कांग्रेस ने घोषणा पत्र को लेकर जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता आयोजित की। कांग्रेस प्रदेश महासचिव व देवी पाटन मंडल प्रभारी मुकेश चौहान ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र न्याय पत्र है। कांग्रेस की सरकार बनते ही देश की जनता के साथ न्याय होगा।

भाजपा के घोषणा पत्र को उद्योगपति बनाते हैं। कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने बताया कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में 5 न्याय और 25 गारंटी की बात है। कांग्रेस का घोषणा पत्र गरीबों की आवाज है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी न्याय पत्र देखकर बौखला गए हैं, उनको पता है कि 2024 में विदाई तय है। पीएम मोदी उलूल जुलूल बोल रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा ने जो वादा किया था उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ है। एनडीए का घोषणा पत्र उद्योगपति बनाते है जबकि कांग्रेस के न्याय पत्र को जनता ने बनाया है। ये जनता की आवाज है। 2024 में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार। उन्होंने केशव मौर्य को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि केशव मौर्या को योगी भाव नहीं देते हैं, सरकार में साइड लाइन है, इसलिए लाइमलाइट के लिए बयान देते रहते हैं।

## सार-संक्षेप


### दबंगों ने तोड़ा खेत में लगा सीमेंटेड पिलर

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के खड़ौआ गांव निवासी पाटेश्वरी प्रसाद ने तहरीर देते हुए बताया कि उनके विपक्षी रामकुमार विश्वकर्मा, अमर विश्वकर्मा, शिवा विश्वकर्मा का खेत उनके खेत के बगल से सटा है। विपक्षी ने दबंगई के बल पर खेत के किनारे लगा आरसीसी पिलर तोड़ दिया। विरोध करने पर गाली देने लगे और मार-पीट करने पर उतारू हो गए। कोल्हमपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनों आपस में सुलह कर चुके हैं।

### प्रेमी के साथ भाग रही पत्नी को पति ने पकड़ा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** अपने आशिक के साथ भागने की तैयारी में रेलवे स्टेशन पहुंची एक युवती को उसके पति ने ही पकड़कर डायल 112 की पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि पुलिस ने एक तरफ पति तो दूसरी तरफ आशिक को बैठाकर पति-पत्नी के बीच समझौता कराकर घर भेज दिया। प्रकरण कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत एक गांव का है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, धू-धूकर जलीं दुकानें


करनैलगंज में दुकानों में लगी आग। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** गोंडा-लखनऊ मार्ग पर सीएचसी तिराहे के पास स्थित दुकानों में मंगलवार की सुबह शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जिसमें फल, सब्जी व होटल समेत आधा दर्जन दुकानें जल कर राख हो गईं। स्थानीय लोगों के मुताबिक मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 5 बजे सीएचसी तिराहे के पास हाईवे के किनारे स्थित दुकानों में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक एक के बाद एक दुकाने धू-धूकर कर जलने लगीं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर टेंडर की गाड़ी आग बुझाने में लग गईं करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू मिला तब तक आधा दर्जन दुकानें जल कर राख में तब्दील हो गईं। घटना में सूर्य कुमार का होटल, मुन्नवर नाई की सैलून की दुकान, मोतीलाल त्यागी की सब्जी की दुकान, मोहम्मद शाहिद की फल व सब्जी की दुकान, इम्तियाज़ अहमद की पान मसाला व अंडे की दुकान, मोहित मौर्य की कोल्ड्रिंक की दुकान में रखा नकदी समेत लाखों के सामान जल गए। तहसीलदार मनीष कुमार ने बताया कि लेखपाल को भेज कर नुकसान का आकलन कराया जाएगा।

### भाजपा नेता के दो बेटों सहित चार बच्चे लापता

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** नगर पंचायत कटरा बाजार व शाहजोत गांव के चार नाबालिग बच्चे सोमवार को अपने-अपने घर से निकले थे जो अभी तक घर नहीं पहुंचे, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। गायब बच्चों में दो सगे भाई भाजपा नेता के बेटे हैं। इसकी सूचना परिजनों ने थाने पर दी है। शाहजोत गांव के मजरे अचल पुरवा निवासी राधा देवी पत्नी दिनेश कुमार गुप्ता ने थाने में तहरीर दी है कि उनका पुत्र अवधेश कुमार( 16 ) सोमवार को 12 बजे दिन से कहीं लापता हो गया है। वह आधार संशोधन कराने की बात कहकर घर से निकला था। नगर पंचायत के मोहल्ला चरेरा निवासी नवल तिवारी ने भी बताया कि उनका लड़का आदित्य ( 14 ) भी कल ही से गायब है। नगर पंचायत कटरा के ही मुहल्ला पाठक पुरवा निवासी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बलदेव राज पासवान ने कहा कि उनके भी दो लड़के दिव्यांश व लवकुश भी कल ही से लापता हैं। उन्होंने थानाध्यक्ष से बच्चों के गायब होने सूचना दी है। बच्चों का कहीं अता-पता नहीं है।

### मतदाता लोकतंत्र की शानः रमेश विमल


मतदाता जागरूकता रैली निकालते बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य राजकरन वर्मा, प्रधानाध्यापिका अमिता पाण्डेय, प्रधानाचार्य गीता यादव कस्तूरबा बालिका इंटर कालेज के संयोजन में मतदान स्वीप कार्यशाला, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक नारी बेचारी नहीं, प्रभात रैली स्लोगन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रवक्ता रमेश विमल ने मतदाता संदेश में कहा “नारी बेचारी नहीं अधिकार सम्पन्न मजबूत लोकतंत्र की शान है” नारी के जागरूक होने से शत प्रतिशत मतदान अवश्य संभव है।


बच्चों को प्रोत्साहित करतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### पूजन-अर्चन और सुंदरकांड पाठ से शैक्षणिक सत्र शुरू

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** अप्रैल माह में जहां सभी विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई वहीं जनपद गोंडा में अपनी संस्कृति और सभ्यता के साथ आधुनिक शिक्षा के लिए विख्यात विद्यालय वेदम इंटरनेशनल स्कूल में भगवान के पूजन, अर्चन एवं सुंदरकांड पाठ से नए सत्र का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्रबंधक जय शंकर तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में आधुनिकता की अंधी दौड़ में पूरा समाज भाग रहा है। ऐसे समय में बच्चों को अपनी संस्कृति और वैदिक सभ्यता के बारे में बताना बहुत जरूरी हो जाता है। प्रधानाचार्या ज्योति तिवारी ने कहा कि हनुमान जी हमारी संस्कृति में बुद्धि, बल और भक्ति के देवता हैं उनके जीवन चरित्र के बारे में बच्चे आत्मसात करते हैं तो उनका सर्वांगीण विकास संभव है। सभी बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया, सुंदरकांड का पाठ किया एवं नन्हे मुन्हे बच्चों का तिलक लगा कर भव्य स्वागत किया गया।

# बालू का 674 घनमीटर स्टॉक बरामद

## निर्माणाधीन पुल का एप्रोच बनाने के लिए बिना अनुमति ठेकेदार ने कराई थी खोदाई

शिकंजा

- 17,331 घनमीटर मिट्टी के खनन का भी हुआ खुलासा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** अवैध खनन के खिलाफ चल रही कार्यवाही में मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल हुई। खनन अनुभाग की टीम ने मनकापुर में साधारण बालू का 674 घनमीटर अवैध स्टॉक बरामद किया है। साथ ही, मनकापुर के केशवपुर ग्रन्ट पश्चिमी में 17,331 घनमीटर मिट्टी के अवैध खनन का भी खुलासा हुआ है। निर्माणाधीन पुल के अप्रोच बनाने के लिए बिना अनुमति ठेकेदार ने यह खुदाई कराई थी।

खान अधिकारी अभय रंजन ने बताया कि इन्हें नोटिस भेजकर जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं, दो अन्य मामलों में बालू और गिट्टी के बिना अनुमति परिवहन के मामलों में करीब एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। खनन विभाग की टीम की जांच में गोंडा-मनकापुर रोड पर मनकापुर थाने के पास सोमवार को ट्रेलर पकड़ा गया। इस पर डोलो स्टोन गिट्टी लगभग 34 घनमी० लोड पाया गया। बिना वैध अभिवहन पास के परिवहन करते हुए पाया गया। इसका 57,640 रुपये का ऑनलाइन चालान किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में गोण्डा-अयोध्या रोड पर दर्जी कुआं के पास ट्रक में 35 घनमीटर बालू लोड पाई गई। इसका भी कोई वैध अनुमति के परिवहन करने की पुष्टि न होने पर 38,650 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### 55 घनमी. की अनुमति, 729 घनमीटर का स्टॉक मिला

टीम के मनकापुर से वापस आते समय ग्राम बल्लीपुर में रोड से लगभग 100 मीटर की दूरी पर साधारण बालू का अवैध स्टॉक पाया गया। 27×18 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 1.5 मीटर की ऊँचाई में लगभग 729 घनमीटर में साधारण बालू पाया गया। मौके पर उपस्थित अनिल सिंह ने बताया कि मेसर्स सिंह ट्रेडर्स नाम का उनका फर्म है व सरिया सीमेंट की दुकान है। फर्म स्वामी द्वारा बताया गया कि बालू संचालित पट्टे से खरीदकर भण्डारित किया गया है। लगभग 55 घनमीटर के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत कर सका। इससे स्पष्ट है कि फर्म स्वामी द्वारा लगभग 674 घनमीटर बालू का भण्डारण अवैध रूप से किया गया है। खान अधिकारी ने बताया कि सम्बन्धित फर्म स्वामी को नोटिस के माध्यम से अवसर देने के उपरान्त नियमावली-2018 के नियम-13 के अनुसार पांच लाख रुपये का जुर्माना सहित खनिज मूल्य व रायल्टी अधिरोपित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

# ग्राम न्यायालय को लेकर निकाला जुलूस


कचहरी परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** ग्राम न्यायालय को लेकर अधिवक्ता मंगलवार को भी शांतिपूर्ण हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के सभागार में इकट्ठा होकर नारेबाजी करते हुए दीवानी परिसर पहुंचे जहां पर बरगद के पेड़ के नीचे धरना समाप्त हुआ। एसोसिएशन की बैठक में यह तय हुआ है कि कुछ बिंदुओं पर जनपद न्यायाधीश से बात की जाएगी। शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी ने किया। इस दौरान अधिवक्ता ने जुलुस निकाल कर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर से घूमते हुए दीवानी परिसर पहुंचे। इस मौके पर चंद्रमणि तिवारी, दिनेश नारायण पांडे, जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला, राम बुझारत दूबे, मनोज मिश्रा, माधव राज मिश्रा, केके पांडेय, सुनील पांडे, लाल बिहारी शुक्ला, अजय तिवारी, संदीप तिवारी, रितेश यादव, धनलाल तिवारी, गौरी शंकर चतुर्वेदी, अश्वनी मिश्र, अशोक कुमार तिवारी, शशिकांत शुक्ला, आदेश वर्मा, महेश शुक्ला, पाटेश्वरी दत्त पाण्डेय, गिरवर चतुर्वेदी, लाल जी पांडे, मनोज मिश्रा, रामफेर प्रजापति, देवेंद्र सिंह, रामगोपाल पाठक, संजय सिंह, अरविंद शुक्ला, उमापति शुक्ला, रमेश चौबे, मनोज चतुर्वेदी, दिवाकर श्रीवास्तव, देवेंद्र शुक्ला अन्नू आदि मौजूद रहे।

### अर्द्धसैनिक और पुलिस बल ने किया रूट मार्च

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** अर्धसैनिक और पुलिस बल लगातार लोकसभा चुनाव को लेकर रूट मार्च निकालकर आम जनमानस में सुरक्षा की भावना जगा रहे हैं। चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव को लेकर हर संभव तैयारी कर रहा है। थाना कौड़िया, थाना इटियाथोक पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ आगामी त्योहारों श्री राम नवमी, रमजान माह व लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने, लोकसभा सामान्य चुनाव-2024 के दौरान आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने, अवांछनीय व आपराधिक तत्व के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने के लिए एरिया डोमिनेशन किया गया।

# बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर जाना पड़ा भारी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मंगलवार को अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मंडल एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-एक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बिना अनुमति प्राप्त किए मुख्यालय से बाहर जाने के चलते यह कार्यवाही की गई है। दोनों अधिकारियों को अपने जवाब प्रस्तुत करने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि नियत समय में स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने की दशा में यह मान लिया जाएगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है। इसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मंडल आशीष सिन्हा और अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-1 राधेश्याम भाष्कर सोमवार को मुख्यालय पर उपस्थित नहीं थे। जिलाधिकारी ने किसी कार्यवश इन्हें बुलाया, तब जाकर इसका खुलासा हुआ। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि अवकाश के उपभोग अथवा शासकीय कार्य के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को मुख्यालय से बाहर जाने से पूर्व जिलाधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। इस बाबत शासन द्वारा कई बार निर्देश जारी किए गए हैं।

# आग लगने से दो दर्जन से अधिक मकान राख

मिहीपुरवा/जरवलरोड

**अमृत विचार :** जिले के जारवा लोड और मोतीपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को अग्निकांड की घटनाएं हो गई। जिसमें दो दर्जन से अधिक फूस के मकान जलकर राख हो गए। लाखों का नुकसान आग लगने से हुआ है पीड़ित खुले आसमान तले रहने को विवश हैं।


आग लगने से जले मकान। अमृत विचार


जांच करते एसडीएम। अमृत विचार

तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत मंझरा के मिर्जवनपुरवा में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे दो दर्जन ग्रामीणों के मकान पूरी तरह जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गए। आग लगने से नकदी, कपड़ा, बर्तन और जेवरात पूरी तरह जल गए। ग्राम प्रधान की सूचना पर उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार व नायब तहसीलदार अर्सलान रसीद एवं राजस्व कर्मी पहुंचे। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम आग बुझाने में लगी। नायब तहसीलदार ने बताया कि सर्वे कराया गया है। सबको सरकारी अनुदान दिलवाने की कार्रवाई की जाएगी इस दौरान पीड़ित घर स्वामियों को राशन एवं तिरपाल की व्यवस्था कराई जा रही है। उधर जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहाता के डमरीपुरवा में मंगलवार को दोपहर ग्राम निवासी गुड्डू पुत्र दयाराम का फूस का घर नाबालिग बच्ची द्वारा चूल्हे पर दूध गर्म करते समय निकली चिंगारी से जलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटों ने अगल-बगल के आठ फूस के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर जरवल रोड थाने से पहुंचे घाघरा घाट चौकी प्रभारी आदित्य कुमार, हेड कांस्टेबल रंजय साहनी, धीरेन्द्र यादव व ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक नौ घर जलकर राख हो गए। अग्निकांड में गुड्डू पुत्र दयाराम, राम वृक्ष पुत्र विश्राम, धनीराम पुत्र दयाराम, रमेश पुत्र राम प्रगास, हनुमान पुत्र श्रीपाल, दयाराम पुत्र राम शंकर, पराना पत्नी राम प्रकाश, जगजीवन पुत्र दयाराम, व पवन पुत्र राम सरन के घर जलकर राख हो गए है। सूचना पर पहुंचे हलका लेखपाल राम किशुन ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी हैं। लेखपाल राम किशुन ने बताया कि अग्निकांड में सभी घरों की गृहस्थियां जलकर राख हुई हैं। क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दिया गया है। सभी को मुआवजा दिलाया जायेगा। अग्निकांड में लाखों का नुकसान हुआ है। तत्काल राहत के लिए अनाज व तिरपाल पीड़ितों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

## फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार :** रानीपुर क्षेत्र में स्थित एक ग्राम में घर के कमरे महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गिलौला थाना क्षेत्र के रामपुर पैडा निवासी मीना की एक वर्ष पूर्व रानीपुर के गोडहिया ग्राम के रहने वाले अशोक के साथ शादी हुई थी। मंगलवार सुबह घर के कमरे में मीना का फंदे से लटकता शव मिलने से ससुराल के लोगों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने महिला की मौत की सूचना मायके वालों के साथ रानीपुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रानीपुर थाना प्रभारी आरती वर्मा ने बताया कि फंदे से लटकता महिला का शव मिला है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, अभी कोई तहरीर नही मिली है।

## चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में भीड़ माता शैलपुत्री की हुई पूजा

**बहराइच, अमृत विचार:** जिले में मंगलवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर के बाहर और अंदर कतार में खड़े श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा की।


मरी माता मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

चैत्र नवरात्र की शुरुआत मंगलवार को हो गयी। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी सुबह से ही श्रद्धालु माता की पूजा अर्चना के लिए कतार में लग गए। सभी ने मां को सिंदूर और अगरबत्ती अर्पित करते हुए परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। शहर के संहारण माता मंदिर, मरीमाता मंदिर, गुल्लावीर मंदिर, मां गांवट देवी मंदिर में काफी भीड़ रही। कुछ इसी तरह पयागपुर, नानपारा, कैसरगंज, जरवल रोड, जरवल, मिहीपुरवा, चफरिया और उर्रा में स्थित दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना हुई। मंदिर के पुजारी ने माता की पूजा अर्चना करवाई।

# सड़क हादसों में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

## मुंशी का काम करने के बाद वापस जाते समय हुआ हादसा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** नानपारा बहराइच बाईपास मार्ग पर बाइक सवार को स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उधर दूसरे हादसे में युवक घायल हो गया।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेहटा भया निवासी राहुल शुक्ला उर्फ मनीष (23) पुत्र बबलू नाथ मिश्रा मुंशी का काम करते थे। वह सोमवार शाम को सड़क निर्माण में कामकाज देखने के बाद वापस बाइक से अपने घर जाने लगा। नानपारा बहराइच बाईपास मार्ग पर बेगमपुर के पास बाइक सवार को स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि युवक छोटा था। उसकी बहन का विवाह 25 अप्रैल को है। दो दिन पूर्व ही पिता को हार्ट अटैक भी पड़ा था। उधर श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र अंतर्गत गिलौला बाजार निवासी ललित शुक्ल (30) पुत्र राम बचन शुक्ल बहराइच से समान लेकर वापस घर जा रहे थे। तभी कोतवाली देहात अंतर्गत धरसवा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। जिसे बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। जिन्हें उपचार के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

## ईद में बनारसी किमामी सेंवई की भारी मांग



शहर के घंटाघर में लगी सेंवई की दुकान। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में ईद के त्योहार पर बनने वाली लजीज़ सिवइयों से बाज़ार सज गई है। इस बार ईद पर बाजार में बनारसी किमामी सिवय्यों की भारी डिमांड है, लोग बनारसी सिवय्यों की काफी खरीदारी कर रहें है। रमज़ान के पवित्र महीने के बाद आने वाले ईद के त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई है। बहराइच में भी बाज़ार ईद में बनने वाली सेंवई से सज गए। इस बार बनारसी सेवई के बाज़ार में ज़्यादा डिमांड देखी जा रही है, वैसे तो बाज़ार में भुनी सिवई, कच्ची सेवई, इलाहाबादी सेवईयो से लेकर कानपुर और लखनऊ की सेवईयां दुकानों पर सजी हुई है मगर जो लोगो की डिमांड है वो है बनारसी किमामी सिवइयां, सिवइयों के साथ ही लजीज़ लच्छे भी खूब बिक रहे हैं। इन सिवइयों के रेट की बात करें तो 80 रुपए से लेकर 120 और 140 रुपए तक है। दुकानदार हफीजुर्रहमान और नियाज़ ने बताया कि सेंवई की काफी मांग है। उधर शहर के कपड़ों की दुकान पर भी लोगों की भीड़ एकत्रित हो रही है। ईद को लेकर लोग जमकर कपड़ों की खरीद कर रहे हैं। दुकानों पर रह रह कर भीड़ एकत्रित होने से जाम भी लग रहा है।

## प्रधानाचार्य को दी गई भावभीनी विदाई

मोतीपुर, बहराइच

**अमृत विचार:** तहसील मिहीपुरवा क्षेत्र अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज मधवापुर के प्रधानाचार्य शत्रुधनलाल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विदाई समारोह में बोलते हुए प्रभारी प्रधानाचार्या शकुंतला ने कहा कि वह इस विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य रहे। इन्होंने विद्यालय को कम संसाधनों में भी सफलता पूर्वक चलाया। छात्रों में अनुशासन एवं संस्कार पर विशेष बल दिया। हम लोगों को एक अभिभावक के रूप में ध्यान दिया। निवर्तमान प्रधानाचार्य शत्रुधनलाल ने कहा कि मेरे 32 वर्ष के सेवा काल मे यहां के लोगों का सबसे ज्यादा सहयोग और सम्मान मिला। कार्यक्रम में विद्यालय के बालिकाओं ने विदाई गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। अन्य वक्ताओं में एसपीवीपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार, प्रबन्धक अनिल कुमार व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उर्रा की प्रधानाचार्या किरन यादव, शिक्षिका रश्मि किरण आदि रहे। समारोह में शिक्षक मलखान सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, कृष्ण कुमार मौर्य, प्रधान मधवापुर प्रेमराजभर, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। संचालन लक्ष्मी देवी इंटर कालेज मधवापुर कर प्रधानाचार्य विजय कुमार सिंह ने किया।


राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य को विदाई देती छात्राएं। अमृत विचार

## ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** गोंडा-बहराइच मार्ग पर ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत हो गई है। दरगाह थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरौरा गांव निवासी 72 वर्षीय राम शंकर पुत्र राम आधार की पैसेंजर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। कोतवाली देहात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ साम राज ने बताया की बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गया था। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग घर से तकरीबन चार बजे शाम को निकला था। सूचना मिली कि ट्रेन से कटकर उनकी मौत हो गई।

## एसपी ने भिनगा कोतवाली का किया औचक निरीक्षण

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने थाना को.भिनगा का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया इस दौरान थाना परिसर, मालखाना, बंदीगृह, भोजनालय आदि का भ्रमण कर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने उपनिरीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों के साथ मीटिंग की तथा त्योहारों के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने व लोकसभा चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपनिरीक्षक से व्यवहारिक प्रशिक्षण को मन लगाकर सीखने के लिए बताया गया। तत्पश्चात लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत फोर्स ठहरने के लिए कस्बा भिनगा स्थित दीपवाटिका मैरिज लॉन का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए साथ ही साथ थाना को0 भिनगा क्षेत्र का भ्रमण कर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक भी किया गया।


भिनगा कोतवाली का निरीक्षण करते एसपी।

## मांगों को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाताश्रावस्ती

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ( नरेश टिकैत) की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत खंड विकास कार्यालय परिसर में ब्लॉक अध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में मंगलवार को आयोजित की गई । तहसील अध्यक्ष सोम शर्मा ने सात सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास कार्यालय में किसान यूनियन पंचायत की ओर से एडीओ पंचायत इकौना को सौपा। किसान यूनियन (नरेश गुट) के ब्लॉक अध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में मांग पत्र में किसानों की समस्याओं का हवाला देते हुए कहा है कि जयचंदपुर कटघरा में बने गौशाला को संचालित करवाया जाए। ग्राम पंचायत बेलहा राघव के मजरा पंड़रिया में राजू यादव के घर से शंभू गुप्ता घर से होते हुए भूतही तालाब तक नाली निर्माण करवाया जाए। विकासखंड क्षेत्र ग्राम पंचायत दहांवरकला मे इंडिया मार्का नल खराब पड़ा हुआ है उस नल को बनवाने की व्यवस्था सुनश्चित करवाई जाए। ग्राम पंचायत कंजडवा में छुट्टा जानवरो का आतंक है जिसे किसी गौशाला में सुनिश्चित कराया जाए ।किसान यूनियन ने अपनी सभी मांगों को अगली पंचायत के अंतर्गत निस्तारण कराए जाने की मांग पत्र सौंपी गई है । किसान यूनियन पंचायत में दिए गए मांग पत्र का लिखित रूप से निस्तारण कराए जाने की मांग की है ।इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सोम शर्मा सोमई यादव सहित किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।


एडीओ पंचायत इकौना को ज्ञापन पदाधिकारी अमृत विचार

## श्रावस्तीः मुख्यालय पर जाम आम बात

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा नगर में जाम की समस्या इस तरह हावी हो गया है कि आम लोगों को भी पैदल निकलना दुश्वार हो गया है ।जनपद मुख्यालय भिनगा में बैटरी रिक्शा चालकों तथा ऑटो वालों के चलते प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है ।भिनगा का तहसील मार्ग चाहे भिनगा सिरसिया मार्ग या ईदगाह तिराहा हर जगह बैटरी रिक्शा चालक तथा ऑटो चालक अपने वाहन को पटरी पर ना खड़ा करके मुख्य मार्गों पर खड़ी करके सवारियां भरने लगते हैं ।जिसका नतीजा यह रहता है कि लोगों को जाम में फंस जाने के कारण समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है ।जबकि पुलिस विभाग की ओर से ईदगाह तिराहा भिनगा सिरसिया मार्ग पर पीआरडी के जवानों को तैनाती कर रखी है लेकिन यह जवान ना तो वाहन चालकों से कहते हैं कि रोड पर ना खड़ा करो और ना ही ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने में कोई मदद कर पाते हैं जिसका नतीजा यह है कि हमेशा विभिन्न मार्गों पर जाम की समस्या बनी रहती है ।इसी जाम की समस्या के कारण रविवार को एक पंचवर्षीय किशोर की ईदगाह किराए पर डंपर ट्रक से कुचलकर मौत हो गई थी लेकिन इसके बाद भी प्रशासन नहीं जाग रहा। प्रशासन की लापरवाही अगर इसी तरह जाम की समस्या पर जारी रही तो कभी भी कोई भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है ।

## जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जन समस्याएं

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 07 भूमि विवाद 05 पारिवारिक विवाद व 10 अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया।


जनता की समस्याएं सुनते पुलिस अधीक्षक।


## वर्ग पहेली-35

**बाएं से दाएं**

1. पिटवाना, पीटने का काम दूसरे से कराना।
2. अनुज अर्थात छोटे भाई के साथ।
4. देह, काया, शरीर।
5. 1. ढीला करना, कसा या तना हुआ न रखना 2. किसी डोर या रस्सी की लंबाई बढ़ाना; तान को ढीली करना 3. बंधनमुक्त करना, छोड़ देना 4. किसी गाढ़ी चीज़ को पतला करना 5. नियंत्रण मुक्त करना, थोड़ी आज़ादी या छूट देना।
7. 1. फैलना, छा जाना, व्यापना 2. आरंभ होना
9. सुख या आनंद देने वाला, सुखद, सुखदायी।
10. 1. मुस्लिम धर्म अर्थात शरीअत के मुताबिक धर्म-अधर्म संबंधी विवादों पर न्याय करने वाला, न्यायकर्ता, मुंसिफ, विचारक 2. निकाह पढ़ाने वाला मौलवी।

**ऊपर से नीचे**

1. गेहूं या जौ आदि का आटा।
2. 1. दो वस्तुओं को आपस में मिलाना, मिश्रित करना, सम्मिलित करना 2. गूंथना 3. किसी व्यक्ति को अपराध आदि में लपेटना या सम्मिलित करना।
3. जल से पूर्ण या जलनिर्मित।
4. 1. गवाहों को बुलाने के लिए न्यायालय में जमा किया जाने वाला ख़र्च 2. मालगुज़ारी समय से न जमा किए जाने पर लगने वाला अर्थदंड।
6. चरखे में लगी हुई चमड़े की चकती जिसमें तकला या तकुआ पहनाया जाता है।
8. 1. यज्ञवेदी, यज्ञ के लिए ठीक किया गया स्थान 2. आंगन के बीच में बना चबूतरा।




### वर्ग पहेली -34 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 अं | | 2 म | ति | |
| 3 उ | प | धा | नी | | | 4 वा |
| | | धुं | | 5 सु | रा | ही |
| | 6 धुं | ध | 7 का | र | | |
| 8 से | | | 9 ला | सा | | 10 गु |
| ब | | | प | | | ड़ी |
| | 11 पि | स | न | हा | री | |

## सुडोकू-114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 3 |
| | | | 8 | | | 9 | 7 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | | 5 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 4 | | | 2 | | | | |
| | | 5 | | 8 | | 4 | 2 | |
| | 7 | 2 | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 5 | | | | 7 |

### सुडोकू -113 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 17 .32 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 11 अप्रैल 03 .05 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** – आज व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए बड़ा धन निवेश करने की योजना बना सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जल्दबाजी में कोई नया कार्य शुरू न करें। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन काफी शुभ है।

**वृष** – आज किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें।

**मिथुन** – आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

**कर्क** – आज समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग आकर्षित रहेंगे। अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करें।

**सिंह** – आज लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है। आप प्रकृति के बीच एकांत समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें।

**कन्या** – आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है, किंतु वे आपकी बातों को लोग ज्यादा गंभीरता से नहीं लेंगे।

**तुला** – आज व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेन्ट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे।

**वृश्चिक** – आज अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के उत्तम अवसर मिलेंगे।

**धनु** – आज घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।

**मकर** – आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। ऑफिस की परिस्थितियां आपके लिए कुछ प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। अपनी कूटनीतिक योग्यता का परिचय देंगे। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं।

**मीन** – आज सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त रहेंगे। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी – सुबह : 10 .53
बादशाह – रात : 07 .01

&pictures
सैंडविच – सुबह : 10 .43
प्लेयर्स – शाम : 04 .22

SONY PIX
एनाकोंडा – सुबह : 09 .44
बैड बॉयज़ II – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
बाम्बे टू बैंकॉक – सुबह : 10 .15
दीवार – रात : 07 .05

StarGold SELECT
छपाक – सुबह : 10 .15
वीरे की वेडिंग – रात : 09 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स परसुबह : 10 .43 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड – जानू, मेरे सिर में बहुत दर्द है।
बॉयफ्रेंड ने लड़की के सिर को चूमते हुए पूछा – अब सही हुआ?
गर्लफ्रेंड – हां, अब बिल्कुल सही हो गया।
पास में ही खड़ा एक डॉक्टर मन ही मन में भुनभुनाते हुए – लानत है मेरी एमबीबीएस की डिग्री पर!

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।



30वां रोजा

शिया
सहरी : 04.12 बजे
इफ्तार : 06.37 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .25 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# 100 मीटर की दूरी तय करने में लग गया 25 मिनट

- शहर में लगे जाम में मरीज को ला रही एंबुलेंस भी फंसी
- पुलिस और ट्रैफिक की व्यवस्था दिखी खराब

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर शहर में भीषण जाम लग गया। जिसके चलते जाम में मोतीपुर से मरीज को ला रही एंबुलेंस भी फंस गई। शहर में 100 मीटर की दूरी तय करने में 25 मिनट का समय लग गया।

शहर में जाम की समस्या आम लोगों के लिए मुसीबत का शबब बनती जा रही है। कहीं जाम में अधिकारी तो कहीं एंबुलेंस से जा रहे मरीज ही फंस जा रहे हैं। कुछ यही हाल सोमवार रात को देखने को मिला। रात में आठ बजे शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम से डिगिहा तक लंबा जाम लग गया। जाम में लोग पैदल नहीं निकल पा रहे थे। वहीं गुरुनानक चौक और दिगिहा तिराहे पर लगे ट्रैफिक और सिविल पुलिस कर्मी की व्यवस्था भी पूरी तरह से ध्वस्त दिखी। जाम में मोतीपुर तहसील के बकोइया गांव निवासी आठ वर्षीय बालक को तबियत खराब होने पर एंबुलेंस से उसके पिता विनोद कुमार ला रहे थे, वह भी फंस गए। जिसके चलते डिगिहा से अस्पताल के नीचे की दूरी 100 मीटर तय करने में 25 मिनट लग गया। इसी तरह राम गांव में सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में जिला अस्पताल आ रहे थानाध्यक्ष रामगांव शशि राणा भी फंस गए। लगभग एक घंटे जाम की स्थिति रही। लोग काफी परेशान दिखे। इस मामले में नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभियान चलाया जाएगा। पटरियों पर लग रहीं दुकानों को हटवाने के साथ उन्हें नगर पालिका से नोटिस जारी करने के लिए कहा जाएगा।


जिला अस्पताल के सामने जाम में फंसी एंबुलेंस और बाइक। अमृत विचार

### सड़क की पटरियों पर दुकान लगने से हो रही दिक्कत

चैत्र नवरात्र और ईद को लेकर लोगों की ओर से दुकान के सामने सड़क की पटरियों पर भी दुकान लगा दी गई या भाड़े पर दे दिया गया है। इसके बाद सामने खड़ी बाइकें जाम की समस्या उत्पन्न कर रही है। इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

## दूसरे दिन मतदान प्रशिक्षण से नदारद रहे 41 कर्मी

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रशिक्षण चल रहा है। अपर जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिन प्रथम पाली में 27 तथा द्वितीय पाली में 14 कुल 41 कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने बताया कि सभी अनुपस्थित मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि प्रशिक्षण के तीसरे दिन 10 अप्रैल को केडीसी में उपस्थित होकर प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अन्यथा 10 अप्रैल को प्रशिक्षण में उपस्थित न होने वाले कार्मिकों का वेतन बाधित करते हुए उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# महसी में भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन


चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते विधायक । अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** बहराइच सीट के महसी में मंगलवार को भाजपा कार्यालय का उद्घाटन विधायक सुरेश्वर सिंह और प्रत्याशी डॉक्टर आनंद गोंड ने किया। लोकसभा चुनाव के निमित्त महसी विधानसभा के अन्तर्गत लोकसभा चुनाव कार्यालय का सुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने उपस्थित होकर विधि विधान से पूजन अर्चन कर किया । साथ में लोकसभा प्रत्यासी डॉ आनन्द गोंड़ व विधायक प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह गोलू उपस्थित रहे। सभी ने भाजपा के जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री लोकसभा संयोजक डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी, जिला मंत्री रामनिवास जायसवाल, डिंपल जैन, मंडल अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा संजय त्रिवेदी, सर्वजीत सिंह ,प्रदीप सैनी जी एवं सभी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सांसद की बैठक आज

**जरवलरोड, बहराइच :** कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह क्षेत्र पंचायत जरवल के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को बैठक करेंगे। जिसके लिए जिला पंचायत सदस्य,प्रधान, बीडीसी को आमंत्रित किया जा रहा है। जरवल के युवा ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर चुनाव संबंधी बैठक का आयोजन किया गया है। ब्लॉक प्रमुख जरवल बिपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद कैसरगंज सिंह क्षेत्र के समस्त पंचायत प्रतिनिधि गण एवं गणमान्य लोगों प्रबुद्ध नागरिक से से रूबरू होकर व्यापक विचार विमर्श करेंगे।

### अज्ञात युवक का मिला शव

**रूपईडीहा, बहराइच :** रूपईडीहा थाना क्षेत्र के राम लीला चौराहा के पास खाली स्थान पर एक अज्ञात युवक का शव मंगलवार को बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र 25 वर्ष के आसपास है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान के लिए शव को मार्चुयुरी में रखवा दिया गया है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच :** खैरीघाट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। जांच और गश्त के दौरान पुलिस टीम ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया। उनके विरुद्ध कोर्ट ने वारंट जारी किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि श्याममनोहर पुत्र उदयराज सिंह निवासी रायपुर और भीखु पुत्र वसीर उम्र करीब मटेरा कला थाना खैरीघाट को जेल भेजा गया है।

# ड्रोन से सीमा पर अपराधियों की निगहबानी करेगी पुलिस

## सीमावर्ती थानों को उपलब्ध कराए जाएंगे ड्रोन, शासन ने भेजा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में पुलिस की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सीमावर्ती थानों की ओर से की जाएगी। सीमा क्षेत्र में पड़ने वाले पांच थानों को शासन की ओर से ड्रोन उपलब्ध कराया गया है। इस ड्रोन से पुलिस अपराधियों पर नजर रखेगी। इतना ही सुरक्षा व्यवस्था में कोई खलल न हो, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय और जिला स्तरीय 34 बैरियर भी पुलिस लगाएगी।

जिले में नेपाल की खुली सीमा अपराधियों के लिए बेहतर साबित होती है। लेकिन भारत नेपाल सीमा से राष्ट्र विरोधी तत्व प्रवेश न कर सकें। इसके लिए जिले की पुलिस की ओर से सुरक्षा को हाईटेक बनाया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के पत्र पर शासन की ओर सीमा से लगे पांच थानों को ड्रोन उपलब्ध कराया गया है। इस ड्रोन के द्वारा पुलिस भारत से नेपाल और नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने वाले अपराधियों पर नजर रखेगी। एएसपी ने बताया कि ड्रोन का संचालन पुलिस द्वारा किया जायेगा। इसके लिए दो दिन में पांच थानों की पुलिस को प्रशिक्षण जिला मुख्यालय पर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले में मोतीपुर, मुर्तिहा, सुजौली, नवाबगंज और रूपईडीहा थाना नेपाल सीमा से सटा हुआ है। ऐसे में इन क्षेत्र से अपराधी और राष्ट्र विरोधी तत्व देश में प्रवेश न कर सकें, इसके लिए शासन की ओर से ड्रोन उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा सभी पांच थानों के क्षेत्र में मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा भी लगवाया जायेगा। सीसीटीवी फुटेज से भी चुनाव भर पुलिस नजर रखेगी।


अपर पुलिस अधीक्षक।

### पुलिस द्वारा इतने बनाए जाएंगे बैरियर

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस की ओर से लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिले में जनपद स्तरीय 21और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 13 बैरियर का भी निर्माण होगा। इनके द्वारा ही नेपाल और भारत से आने वाले नागरिकों को प्रवेश दिया जाएगा।

### 15 हजार पर हुई शांतिभंग की कार्रवाई

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जिले के 23 थानों की पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। इनमें 15 हजार लोग शामिल हैं। इसके अलावा एक दर्जन लोगों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है।


चैत्र नवरात्र पर प्रभात फेरी में शामिल छात्र और सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी।

## हिंदू नव वर्ष पर निकली प्रभात फेरी

रुपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार :** नगर पंचायत रुपईडीहा में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों की ओर से नव संवत के मौके पर प्रभात फेरी निकाली गई। संघ प्रचारक सर्वेश ने बताया कि नववर्ष के शुभ अवसर पर ब्रह्मा द्वारा सृष्टि की रचना तथा प्रभु राम का राजभिषेक सम्राट विक्रमादित्य द्वारा विक्रम संवत की शुरुआत हुई थी ।

चैत्र नवरात्र की शुरुआत शक्ति की आराधना भगवान झूलेलाल का जन्म दिवस राष्ट्रीय स्वयं संघ के संस्थापक डॉ. केशव राम बलिराम हेडगेवार के साथ इसी दिन मनाया जाता है। आपको बताते चलें भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल से सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोगों के साथ स्कूल के बच्चे एवं स्कूल के आचार्य संघ के प्रचारक व खंड प्रचारक संघ के कार्यकर्ता बैंड बाजे के साथ रैली निकाली। रुपईडीहा थाने के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल का काफी सहयोग रहा। हाईवे रोड 927 एच एन से एस,एस,बी, 42वीं होते हुए नेपाल बॉर्डर तक जाकर वापस सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वापस समापन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य अनुज सिंह और अनिल शर्मा द्वारा नवरात्र के अवसर पर बच्चों एवं आए हुए सभी संघ के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस पावन पर्व पर पर कृष्ण चंद्रखंड प्रचारक अरुण पाठक, विवेक शुक्ला एडवोकेट, बृजेश श्रीवास्तव, शेर सिंह कसौधन, समाजसेवी आशीष कुमार, खंड प्रचारक दीपक शर्मा, मनीष, अनिल शर्मा, कमलेश पाठक, संजय वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, राजेश वर्मा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रतिबंधित पशु के वध से नाराजगी, बाजार बंद कर प्रदर्शन


प्रदर्शनकारी लोगों से वार्ता करते एसडीएम और कोतवाल।

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के बदरौली गांव में मंगलवार को प्रतिबंधित पशु का किसी ने वध कर दिया। इससे लोगों में नाराजगी फैल गई। लोगों ने दुकान बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पाकर एसडीएम, सीओ और कोतवाल पहुंच गए। जिनसे हिंदू संगठन के सदस्यों की नोकझोंक हुई। एसडीएम के आश्वासन के बाद सभी शांत हुए। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदरौली बाजार से 200 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में प्रतिबंधित पशु का वध कर दिया गया। इसकी जानकारी होने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लोगों ने कोतवाली के एक उप निरीक्षक पर साक्ष्य छिपाने का आरोप लगाया। इसके बाद सभी बाजार बंद कर नारेबाजी शुरू कर दी। दुकान बंद कर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए। सीओ रूपेंद्र गौड़ मौके पर गए, लेकिन कुछ देर बाद वह वापस चले गए। इससे आम लोग और नाराज हो गए। हिंदू संगठन के श्रवण सिंह बिसेन, अमर शुक्ला, मरकंडेश्वर शुक्ला, धीरेंद्र सिंह गोलू,हनुमानत पाठक, रुद्रांश सिंह प्रिंस, शेखर सिंह, अंश सिंह, किशन सिंह, शिवम सिंह, आनंद गौड, ललित यादव की अगुवाई में लोगों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी होने पर एसडीएम पंकज दीक्षित, सीओ रूपेंद्र गौड़, कोतवाल राजनाथ सिंह हेलमेट लगाकर पहुंचे। एसडीएम और सीओ के समझाने के बाद लोगों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

### ईवीएम से मतदान करने के तरीके बता रहे शिक्षक

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** पेपर चार्ट पर ईवीएम बैलेट बॉक्स का डमी तैयार कर अभिभावकों को ईवीएम से मतदान करने के लिए परिषदीय विद्यालयों के बच्चे जागरूक कर रहें है।मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में विकास क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालय अरकापुर,बन कटा,पैतौरा,सोहेलवा,महापुरवा,गंगापुर,पर सिया आलम,कंजेभरिया सहित विभिन्न विद्यालयों में बच्चों द्वारा पेपर चार्ट पर ईवीएम वैलेट बॉक्स का डमी तैयार किया जा रहा है।जिसमे बच्चे काफी रुचि ले रहे है।बच्चों द्वारा पेपर चार्ट पर तैयार किये गए राजनीतिक पार्टियों के इतर सिंबल से बने नमूने से शिक्षक बच्चों के अभिभावकों को ईवीएम मशीन( बैलेट बाक्स) से मतदान करने के तौर तरीकों की जानकारी दे रहें है।मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय अरकापुर में शिक्षक असीम चंद बाईन ने दर्जनों अभिभावकों को ईवीएम से मतदान करने के तौर तरीके बताये।खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने बताया कि सभी विद्यालयों के शिक्षकों को ईवीएम का डमी तैयार कर अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए है। शिक्षक रुचि पूर्वक बच्चों द्वारा तैयार किये गए ईवीएम बैलेट बाक्स के डमी को अभिभावकों को दिखाकर उससे मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे है।


ईवीएम से मतदान के लिए जानकारी देते शिक्षक। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ राम कथा की शुरुआत


कलश यात्रा में नदी से जल भरती महिलाएं। अमृत विचार

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार :** महसी तहसील क्षेत्र करेहना माधवपुरवा गांव में दुर्गा शक्ति स्थान पर साप्ताहिक श्री राम कथा का आयोजन का शुभारंभ हुआ। काफी संख्या में शामिल महिलाओं ने जल भरकर पूजित स्थल पर स्थापित किया। कथा के पहले दिन मंगलवार को गाजे बाजे के साथ 251 महिलाओं व कन्याओं ने कलश यात्रा निकाल कर सरयू घाट पहुंचीं, जहां पर वेद पाठी ब्राह्मणों द्वारा पूजन अर्चन करवाया महिलाओं ने जल भरा और पुन : कथा स्थल पर पहुंची। करेहना माधवपुरवा गांव में आयोजित श्रीराम कथा के मुख्य यजमान पन्ना लाल मिश्रा ने बताया कि कलश यात्रा के बाद सात दिन तक श्रीराम कथा चलेगी। कथा व्यास उत्तम दास तिवारी ने कहा श्री राम कथा अत्यंत दुर्लभ है, समस्त ग्रंथों का निचोड़ श्री रामचरितमानस में ही है सभी शास्त्रों का रस श्री रामचरित मानस है। व्यास ने बताया कि कथा शाम 7 बजे से हरि इच्छा तक चलेगी। इस मौके पर जीवन लाल मिश्रा, ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार पांडेय,अरविंद, मस्त राम, उमाशंकर,सर्वेश कुमार, शोभाराम आदि शामिल रहे।

## झगड़ा होने पर भाई पर चाकू से हमला

**बहराइच, अमृत विचार :** भोजन मांगे जाने पर दो भाइयो में कहासुनी मारपीट मे बदल गई। भाई भाभी ने हमला कर युवक की जमकर धुनाई कर दी। घायल युवक ने बड़े भाई भाभी पर चेहरे पर चाकू से हमले का आरोप लगाया है। कोतवाली लाए जाने पर पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। देहात कोतवाली के श्याम पुर नदौना निवासी 35 वर्षीय संतोषी पुत्र राम चरन रविवार रात लगभग साढ़े दस बजे घर पहुंचा। उसने अपनी भाभी ननकई देवी पत्नी बबलू से भोजन मांगा। जिस पर भाई से नाराज बबलू का अपने भाई संतोषी से कहासुनी मारपीट मे बदल गई। बबलू व ननकई ने संतोषी पर डंडो से ताबड़तोड़ वार किए। मारपीट मे कमजोर पड़ रहे बबलू ने भाई के चेहरे पर चाकू से हमला कर दिया। जिसके चलते वह लहुलुहान हो गया। आनन फानन में घायल का पिता रामचरन उसे ई रिक्शा पर लाद कर कोतवाली लाया। घायल की हालत देख पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन फानन में मे घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## अज्ञात वृद्ध की हुई पहचान

**बहराइच,अमृत विचार :** खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम गोडियनपुरवा में सोमवार को अज्ञात वृद्ध का शव मिला था। मिले शव की पहचान राम दुलारे उम्र ( 75 ) राम चरण लोध निवासी उड़रा पुरवा मुनीमपुर कला के रूप में हुई है। फोटो वायरल होने के बाद गांव निवासी लेखराज गुप्ता ने पहचान करते हुए थाने की पुलिस को सूचना दी। लेखराज ने बताया कि यह जय गुरुदेव में गुरुभाई थे। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि वृद्ध ने शादी नहीं की थी, परिवार में कोई नहीं था। जिस पर गांव के लोगों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

## बनते ही उखड़ने लगी डामरीकृत सड़क

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** सरकार जनता को सुगम मार्ग से जोड़ते हुए जहाँ हर तरफ सड़कों का जाल बिछा रही है वहीं क्षेत्र में सड़को के मरम्मत कार्य में हो रही लीपापोती जनमानस को काफी भारी पड़ रही है। मानकों को दरकिनार कर हो रहे गुणवत्ता विहीन सड़क मरम्मत के कार्य से ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। गोण्डा–बहराइच मार्ग पर पैतौरा से मिश्नपुरवा को जाने वाले संपर्क मार्ग पर जो लगभग ढाई किलोमीटर की दूरी का है,जिस पर मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। हालात यह है कि मरम्मत के नाम पर सिर्फ सड़क की पुताई कर दी गई है। सड़क पर अभी से जगह जगह गड्ढे साफ नजर आ रहे हैं, जिसमें ठेकेदार द्वारा गिट्टियो की भराई नही की गई है। बनी सड़क के किनारे की गिट्टियां जगह जगह से उजड़ने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की सफ़ाई किए बिना ही पेंटिंग का कार्य रात में ही कर दिया गया है, जिसमें मानक से कम व घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।नतीजन सड़क जगह जगह से उजड़ने लगी है। कार्यदायी संस्था लोकनिर्माण विभाग के अवर अभियंता लालमणि प्रसाद ने कहा कि सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण किया गया है, कहीं कोई कमी नहीं है। जिमेदार के इस कथन से स्पष्ट प्रतीत है कि सड़क मरम्मत में हुई अनियमितता में सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया गया है। ग्रामवासी रामू ,लालिन्दर, ओमप्रकाश, दीपक,शानू आदि ने कहा कि जिलाधिकारी को पत्र देकर सड़क के मरम्मत कार्य मे हुयी अनियमितता की जॉच कराई जाएगी।


पयागपुर में बनने के दौरान उजड़ रही सड़क। अमृत विचार

# ईवीएम में एरर आने के तरीकों को सीखें कर्मचारी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम पॉली में कोड संख्या 2501 से 3750 तक तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 3751 से 5000 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/ मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने अन्य अधिकारियों के साथ महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षणीय अधिकारियों तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सीडीओ रम्या आर ने मतदान कार्मिकों को निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ईवीएम में एरर आने पर उसे दूर करने के तरीकों को भली प्रकार से सीख लें। इसके अतिरिक्त एसएमएस और पंजिका को भरने के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त की जाए। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया गया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है। प्रशिक्षण देते समय एक-एक मतदान कार्मिक पर विशेष ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित किया जाय कि उन्हें मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने की जानकारी हो गयी है। उन्होंने पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निरन्तर अन्तराल पर प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा प्रशिक्षार्थियों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम सुरेश वर्मा, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एसके तिवारी सहित अन्य अधिकारी, डीआरडीए के सहा. अभि. आफताब हुसैन सहित अन्य अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, पीडी डीआरडीए राज कुमार, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, डीएसओ नरेन्द्र देव, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


किसान डिग्री कॉलेज में प्रशिक्षण को संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

मनमानी — जमकर खुले में कचड़ा फेंक रहे संचालक,मेडिकल बायोबेस्ट से बीमारियों के संक्रमण का खतरा

# स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा दिखा रहे प्राइवेट व सरकारी हॉस्पिटल

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार:** मिहींपुरवा नगर पंचायत में अप्रैल माह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा साफ सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक कर लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचने का अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन स्वयं के कचरे का निस्तारण नहीं किया रहा है, अपनी कमियों को दरकीनार कर संचारी रोग से बचाव की जागरूकता फैलाई जा रही है। मिहींपुरवा में अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल बायोबेस्ट खुले में फेंक कर जानलेवा बीमारियों का संक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं।

मिहींपुरवा नगर पंचायत में जैव चिकित्सकीय कचरे (बायोवेस्ट मेडिकल वेस्ट) के निस्तारण का समुचित व्यवस्था नहीं है। मिहींपुरवा आदर्श नगर पंचायत में प्राइवेट अस्पतालों और निजी चिकित्सालय भी मनमाने तरीके से खुले में इस खतरनाक कचरे को फेंक रहे हैं जिससे बीमारियों के फैलने की आशंका है। सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों से कचरा उठान एवं निस्तारण के लिए जिम्मेदार संस्था महज भुगतान लेने में ही रुचि दिखा रही है शासन ने किसी भी हालत में अस्पताल के कचरे को खुले में न फेंकने का निर्देश दिया है। निस्तारण के नियम भी तय किए गए हैं। बावजूद इसके मिहींपुरवा के अधिकांश अस्पतालों में इसका पालन नहीं हो रहा है। अस्पताल खुले में कचरा फेंक रहे हैं यहां तक सीएचसी का भी वही हाल है यहां से प्रतिदिन निकलने वाला कूड़ा कचरे के ढेर में फेंक दिया जाता है बायोमेडिकल वेस्ट उठाने के लिए अस्पतालों के संचालक कोई अहम कदम नहीं उठा पाते हैं। जरूरी है सही निस्तारण अस्पतालों में उपयोग की जाने वाली इंजेक्शन, दवाइयां की सीसी, और ऑपरेशन से निकले रक्त एवं मांस आदि के बीमारियों के संक्रमण का खतरा रहता है अगर इसका सही समय पर निस्तारण न किया गया तो इस कचरे से आसपास के लोगों में बीमारियां हो सकती है।

चिकित्सालय एवं सभी सीएससी व पीएचसी से कचरा उठाने के लिए जिले की एक संस्था नामित किया गया है। लेकिन मिहींपुरवा क्षेत्र में आज तक कभी भी कचरे को सही स्थान पर नहीं फेंका जाता है जिससे आम जन मानस पर गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।



नगर पंचायत मिहीपुरवा में इस तरह फेंके जा रहे मेडिकल वेस्ट। अमृत विचार

### सभी को दिए हैं निर्देश

सरकारी अस्पताल का कचरा उठवाने और एक स्थान पर डंप करने के लिए सीएचसी अधीक्षक के निर्देश हैं। प्राइवेट अस्पताल के संचालकों को भी दिशा निर्देश हैं। इसके बाद भी अगर कहीं नियम के विपरीत काम किया जा रहा है तो जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

–डॉ.राजेश कुमार, सीएमओ






एकः पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजनः।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते।।

मनुष्य अकेला पाप करता है और बहुत से लोग उसका आनंद उठाते हैं। आनंद उठाने वाले तो बच जाते हैं, पर पाप करने वाला दोष का भागी होता है।

## संपादकीय

# मतदान बढ़ाने की कोशिशें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को गारंटी दे रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। ऐसे में भारत को उन देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की भी आकांक्षा करनी चाहिए, जहां लोकतांत्रिक चुनावों में 80 प्रतिशत मतदान होता है। लेकिन कम मतदान की समस्या भारत के निर्वाचन आयोग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग ने 266 ऐसे संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है, जहां पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा था। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से वास्तव में यह चिंताजनक है। देश के शहरी नागरिकों पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि वे चुनावी प्रक्रिया में दिलचस्पी तो रखते हैं, लेकिन शामिल नहीं होते। यानि मतदाताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राजनीति और चुनावों के प्रति उदासीन रहता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग में इस बात को लेकर लगातार मंथन हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। चुनाव आयोग के मुताबिक कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नगर निगमों के आयुक्तों और बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि 'एक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है' वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा। वास्तव में विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की जरूरत है। ऐसे में जानना जरूरी है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की मतदान कार्यान्वयन योजना (टीआईपी) क्या है। यह एक लक्षित मतदाता पहुंच पहल है। टीआईपी का लक्ष्य चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत से आगे बढ़ाना है।

यह मतदाताओं की उदासीनता का मुकाबला करने और युवा और शहरी मतदाताओं जैसे उदासीन समूहों को शामिल करने के लिए विशिष्ट संचार प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर देता है। गौरतलब है कि चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप भारत ने 2014 के चुनावों में मतदान का रिकॉर्ड बनाया। 2009 में, मतदान 58 प्रतिशत था, जो 2014 में 66.4 और 2019 में 67.6 प्रतिशत हो गया। आयोग को इसे 70 प्रतिशत से बढ़ने की उम्मीद है। मतदान में बढ़ोतरी के लिए चुनाव आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य हैं। जरूरी है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# ईद, सीएए और बदला हुआ शाहीन बाग



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है।

रमजान के महीने के अंत के बाद आज ईद मनाई जा रही है। इस बार की रमजान पर राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग में जिस तरह का खुशगवार माहौल बना रहा उससे सारे देश और दुनिया में एक संदेश तो साफ तौर पर चला गया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) अब मुसलमानों के लिए कोई मुद्दा नहीं रहा।

याद करें कि इसी शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा, पर यह नहीं हुआ। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा, पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे, लेकिन हैरानी की बात है कि किसी भी दल ने इसे मुद्दा नहीं बनाया।

दरअसल लोकसभा चुनावों का एजेंडा इस बार कुछ बदला-बदला सा है। आम तौर पर कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियां मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी बताकर सेकुलर एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरती हैं, पर इस बार मुद्दा ईडी, सीबीआई और तानाशाही को बनाया जा रहा है। कांग्रेस भी उन मुद्दों को चुपचाप किनारे रखकर आगे बढ़ रही है, जिन पर भाजपा को घेरती रही है। सीएए, एनआरसी और धारा-370 जैसे मुद्दे कांग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल की सलाखों के पीछे वाली तस्वीर को अपनी चुनावी कैंपेन में प्रमुखता से पेश कर रही है। आपको याद होगा कि पिछली बार विधान सभा के चुनाव से पहले दिल्ली में सीएए से संबंधित चर्चाएं, विरोध प्रदर्शन या हिंसा की घटनाएं सबसे ज्यादा हुईं। केवल भारत से संबंध रखने वाले समुदायों के भीतर ही सीएए या एनआरसी के बारे में ही चिंताएं व्यक्त नहीं की गई, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी यही के कुछ ताकतों ने भारत के विधेयकों के खिलाफ, रैलियां, सेमिनार या विरोध प्रदर्शन आयोजित करवाए। उनका उद्देश्य सीएए और उससे जुड़ी नीतियों के पक्ष या विपक्ष में केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं था, बल्कि यह दिखाना भी था कि मोदी सरकार मुसलमानों के विरुद्ध काम कर रही है। उन प्रदर्शनों में अराजकता साफ दिखी। यह साबित करने की भी कोशिश हुई कि इस अधिनियम के माध्यम से मुसलमानों की नागरिकता का दोहन किया जाएगा।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम, 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

> सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

राजधानी दिल्ली में शाहीन बाग और कुछ हद तक खुरेजी के धरने देश के लिए सबक थे। सीएए के विरोध के नाम पर मंच सजते थे, जहां पर दिए जाने वाले सांप्रदायिक भाषण बहुत परेशान करने वाले थे। ओखला निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं से लेकर जामिया विश्व विद्यालय के छात्र नेता तक ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक वर्ग के लोगों को यहां तक कहा गया कि मोदी मुसलमानों को डिटेंशन कैंप में भेज देंगे। अब उसी दिल्ली में सीएए का कोई विरोध नहीं है, क्योंकि अब दिल्ली के मुसलमान इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते। प्रख्यात लेखक और इतिहासकार फिरोज बख्त अहमद कहते हैं कि सीएए में केवल सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख है, जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि अहमदिया मुसलमान भी पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। यदि वे भी चाहे तो पुराने कानून के अनुसार अन्य गैर भारतीयों की तरह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली में बड़ी संख्या में बांग्ला और पाक 'शरणार्थी' जिनमें काफी संख्या में मुसलमान हैं, पिछले 20-30 सालों से आ रहे हैं। उनमें से अधिकतर के पास अब मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट भी हैं। जाहिर है इसका काफी कुछ श्रेय कांग्रेस को जाता है।

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है। इसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मुसलमानों को भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है। जेल में जाने से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यदि सीएए से अधिक लोगों को नागरिकता दे दी जाएगी तो बेरोजगारी के आंकड़े ऊपर की ओर बढ़ जाएंगे। हालांकि अभी कोई सरकारी आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन एक अनुमान बताया जा रहा है कि 30 से 40 हजार लोगों को नागरिकता दी जाएगी। 4 करोड़ अवैध घुसपैठियों के मुकाबले 40 हजार लोगों को नागरिकता हमारे रोजगार पर कितना असर डाल सकती है, समझा जा सकता है। रमजान के महीने के जुमा अलविदा के मौके पर शाहीन बाग में बहुत सारे नौजवान एक आइसक्रीम पार्लर में आइसक्रीम खा रहे थे। वहां उनसे सीएए को लागू करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर सब एक जैसी प्रतिक्रिया थी- "सीएए के लागू होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार कह तो रहे हैं।"

## प्रसंगवश

# चर्चित समय का इतिहास



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

क्या आप जानते हैं कि जर्मनी अपने देश के इतिहास में हिटलर को नहीं पढ़ाता। जबकि अगर कहा जाए तो वो ही उस देश के सबसे चर्चित समय का इतिहास है। रोमन लोग डेन्यूब नदी के नार्थ की तरफ रहने वाले कुछ खूंखार कबीलों को जर्मनिया कहते थे हिंदी में गेर्मानिया, जो बाद में जर्मनी हुआ। इसलिए ही शायद आप विश्व इतिहास पढ़े तो जर्मन ज्यादातर खलनायक ही मिलेंगे, पर आज वहां ये सभी किस्से उनके यहां मैमोरियल, म्यूजियम और लाइब्रेर में मिलेंगे पर स्कूली किताबों में नहीं। आज का जर्मनी अपने बच्चों को लोकतंत्र पढ़ाना चाहता है वो सभ्य हो गया है। बच्चों के लिए उनका इतिहास वीमर रिपब्लिक से शुरू होता है, जो कि लोकतांत्रिक सरकार थी और पहले विश्वयुद्ध के बाद बनी थी, हालांकि ये सरकार हिटलर को उभरने से रोक नहीं पाई, पर वो लोकतांत्रिक थी इसलिए बच्चों को बताना जरूरी समझा गया। वे लोग अब सभ्य और सफल हैं, वे लोकतंत्र में सम्मानजनक आस्था रखते हैं। इसलिए उन्होंने इसे बताना जरूरी समझा। बच्चों को ज्यूस की डायरियां और कविताएं पढ़ाई जाती हैं और मीन काम्फ भी। ताकि लोग हिटलर की कथनी और करनी में अंतर समझ सकें। उस दौर का प्रमुख व्हाइट रोज संगठन जो कि नाजियों के खिलाफ खड़ा था, उसे या जो भी और नाजियों के खिलाफ थे सभी हीरो हैं वहां। वे युद्ध में नाजियों की जीत नहीं बताते, बल्कि उनके द्वारा किए अत्याचार बताते हैं। यहां तक की जर्मनी की बर्बादी भी नाजियों के सिर ही मढ़ी गई है, जोकि नाजियों ने एलाई फौजों को रोकने के लिए पुल और इमारतें वगैरह तोड़ी थीं। हिटलर हों या गोयबल्स सभी की सुसाइड को कायरों की तरह समझा जाता है और सार्वजनिक रूप से उनके बारे में बात तक नहीं की जाती है वहां पर। यहां तक कि नाजियों से जुड़ा कोई भी स्मृति चिन्ह या साहित्य सभी कुछ बैन है। लगातार नाजियों के खिलाफ माहौल बनाकर दशकों बाद जर्मनी की दीवार तोड़ी गई। और ये सब हेल्मेट कोल जैसे नेताओं की मेहनत का फल था। कोई भी देश अपने लिए विकास और विनाश के रास्ते खुद बनाता है। बस समय कुछ महान लोगों के हिस्से ही ये जिम्मेदारी सौंपता है।

# लोक, जनसभा, रैली और भीड़



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं।

जनसभा जनसभा होती है और भीड़ भीड़ होती है। दोनों में अंतर है। जनसभा में विचार केन्द्र में होता है, जबकि भीड़ में उत्तेजना होती है, संवेग होता है, उन्माद होता है। हालांकि उसे अब रैली कहने लगे हैं। उस भीड़ का बौद्धिक-स्तर लुप्त-प्राय होता है या निम्नस्तर का होता है। इसलिए भीड़ सामूहिक-विचार नहीं कर सकती, भीड़ तालियां बजा सकती है, जय जयकार कर सकती है और अपने नेता को सुन सकती है। अनेक मनोवैज्ञानिकों ने तो भीड़ को तर्क के विरुद्ध अबौद्धिक की पूजा कहा है। उस पर अपने नेता की मामूली दलीलों का भी असर होता है।

नेता का निर्देश ही भीड़ का नियामक होता है। नेता समूह के साथ अपनेपन का भाव जगाता है, लोक प्रचलित उपमाओं का, कहावतों का, मुहावरों का प्रयोग करता है और इस प्रकार से किस्से सुनाता है, नारे लगाता है, भीड़ को कहीं हंसाता है तो कहीं उसमें क्रोध और घृणा का भाव जगाता है। कहने को तो हम भीड़ को जनता ही कहते हैं, किंतु जनता शब्द की अवधारणा बहुत व्यापक है। क्राउड और पब्लिक दोनों में अंतर है। झुंड किसी खास उद्देश्य से इकट्ठा किया गया है, जबकि जनता में सभी के समन्वय का भाव होता है, एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया होती है।

भीड़ का उद्देश्य बहुत सीमित होता है। जनता में क्षणिक उत्तेजना नहीं होती जबकि भीड़ क्षणिक उत्तेजना से ही परिचालित होती है। भीड़ जुटाने पर बहुत धन खर्च किया जाने लगा है। सुनने में तो यहां तक आया है कि भोजन के साथ ही पांच-पांच सौ रुपया देकर दिहाड़ी मजदूरों को भेड़ों की तरह हांक कर लाया जाता है। हांकने वालों का पेमेंट अलग से होता है। भीड़ में विवेक नहीं होता। किसी ने पीछे से कह दिया कि पुल का पिलर गिर रहा है, भागो और भगदड़ मच गई, दस आदमी कुचल गए। किसी ने कह दिया कि यह बच्चा चोर है, लोग उसे मारने लगे।

पिछले बरसों में भीड़तंत्र के ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं। भीड़ का कोई आकार-प्रकार और मूड निश्चित तो होता नहीं। विवेक ही नहीं, तो कोई विध्वंसक नारा दिया जा सकता है और कितना ही बड़ा विध्वंस कराया जा सकता है। विवेक ही नहीं है, तब कारण-परिणाम के सोचने समझने का सवाल ही नहीं उठता। भीड़ क्या है? यूथ। बड़ा झुंड। यूथ जानवरों के भी होते हैं। जानवरों के यूथ में भी भय और क्रोध का संचार बिजली की तरह होता है। मनोविज्ञान वाले इसे मिलनसार वृत्ति कहते हैं।

भीड़ को हम न तो समाज कह सकते हैं, न जनता कह सकते हैं और न लोक ही कह सकते हैं। भीड़ के लक्षण हैं, असहनशीलता का विस्फोट होना, उत्तरदायित्व का अभाव, सब कुछ कर सकने का नशा और अपने किसी आदमी की बात पर विश्वास। जन-समूह की मानसिकता में छिपी हुई अशांति, असंतोष, अव्यवस्था और अस्थिरता का नाम भीड़ है। इन भावनाओं को कोई सुलगा देता है, भाव का विस्फोट कर देता है और फिर उस बवंडर में छिप जाता है। भीड़ में सभी पहचान गुम हो जाती हैं, भीड़ में व्यक्तिचेतना सम्मोहित हो जाती है। इसलिए उत्तरदायित्व की बुद्धि भी समाप्त हो जाती है। इस स्थिति में कोई कुछ भी सही गलत कर सकता है, क्योंकि वह समझता है कि उसे कोई पकड़ नहीं पाएगा, पहचान ही नहीं पाएगा।

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं। भीड़-मत को उभारना पशुता को उभारने जैसा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। लोकतंत्र को भीड़तंत्र में परिवर्तित करना आज की बात नहीं है, इसको कई दशक हो चुके हैं, हां, अब वह खतरे के निशान के आस-पास पहुंच चुका है।

## सोशल फोरम

# जनसंख्या को दक्ष नहीं बनाया



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारे देश में मानव श्रम बहुत है। जापान मानव श्रम से ही विकसित राष्ट्र बन, मानव को संसाधन बनाने से बना। आपदाओं से भरा देश, जहां कृषि कभी फायदे का धंधा नहीं रही, जहां कृषि उत्पाद आयात किए जाते है, वहां मानव ही पूंजी है, मानव ही संसाधन है। बच्चा पैदा करने पर खूब पैसा मिलता है। हम रोना रोते हैं कि हमारे पास जनसंख्या बहुत है, पर इसका प्रमुख कारण है कि हमने अपनी जनसंख्या को संसाधन बनाया ही नहीं, उन्हें दक्ष बनाया ही नहीं। कभी आईआईटी संस्थाएं बनी थी तो दुनिया में उनसे निकले स्नातकों की धाक थी, पर उनके लिए हम काम नहीं दे पाए। रिसर्च पर खर्च बहुत कम था। आज का युवा मारा-मारा फिर रहा है, कोई पूछने वाला नहीं है। शिक्षा व्यवस्था भी ऐसी है कि डिग्री और व्यावसायिक ज्ञान का कोई संबंध नहीं है। डिग्री ऐसी कि ग्रेजुएट हो गए हैं, पर दो लाइनें भी लिख नहीं सकते। आज शिक्षा संस्थाओं से क्वालिटी पैदा ही नहीं हो रही। डिग्री वाला संख्या बल टहल रहा है। पढ़ने वाला भी सुस्त, पढ़ाने वाला भी सुस्त। युवा हैं, डिग्री है, मोबाइल है, खाना खिलाने की मां बाप की जिम्मेदारी है, चप्पलें घिसने के लिए सड़क हैं। बेरोजगार युवाओं को कोई चिंता नहीं। यही हमारे भारतीय समाज का वास्तविक चेहरा है। जापान में सड़कों पर पुरुषों से ज्यादा महिलाएं दिखती हैं। लगता है वे शत प्रतिशत संसाधन बनी हुई हैं। जबकि हमारी आधी आबादी का मात्र 10-15 प्रतिशत ही संसाधन के रूप में काम कर रहा है। कल हरीशंकर परसाई जी को पढ़ रहा था। उन्होंने लिखा है-विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है। लड़की के बिछुड़ने के कारण नहीं, उसके बाप की हालत देखकर लगता है, इस कौम की आधी ताकत लड़कियों की शादी करने में जा रही है। पाव ताकत छिपाने में जा रही है-शराब पीकर छिपाने में, प्रेम करके छिपाने में, घूस लेकर छिपाने में, बची हुई पाव ताकत से देश का निर्माण हो रहा है तो जितना हो रहा है, बहुत हो रहा है। आखिर एक चौथाई ताकत से कितना होगा?

-फेसबुक वॉल से

# मौसम का बदलता मिजाज और उत्तर भारत में लू



डॉ. पवन कुमार सिंह
सहायक प्रोफेसर, बरेली।

> भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है।

"मौसम की तरह तुम बदल तो नहीं जाओगे!" भारतीय जनमानस में गूंजती यह संगीत की धुन आज कितना यथार्थ परिलक्षित हो रही है। आजकल मौसम का मिजाज बहुत तीव्र गति से बदल रहा है। जैसे आम में असमय बौर का लगना, विश्व का सबसे खतरनाक मच्छरों का अचानक जनसंख्या विस्फोट आदि-आदि। वैसे परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है, परंतु असमय परिवर्तन प्रकृति की असंतुलित अवस्था का परिणाम है। मार्च महीने से ही भीषण लू का चलना प्रारंभ हो गया है। उत्तर भारत में गर्मी के दिनों में पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली गर्म, धूल भरी, उष्ण एवं शुष्क हवाओं को लू कहा जाता है, परंतु अभी मार्च महीने में ही इसका चलना हमारे लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों एवं उत्तर प्रदेश सरकार को अभी से ही बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर लोगों को सचेत करना पड़ रहा है। ताकि लोग जागरूक रहें और जानमाल की कोई अधिक क्षति न हो।

लू क्या है? क्यों चलती है? शायद सर्वविदित है। परंतु लू का स्वरूप भीषण एवं विकराल क्यों हो रहा है? एक ज्वलंत प्रश्न है। इसका जिम्मेदार कौन है? शायद इंसान स्वयं है। मानवीय क्रियाकलापों एवं प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन का परिणाम ही है कि वातावरण में तापमान अत्यधिक बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही वायुमंडल का तापमान बढ़ता जा रहा है। वो दिन दूर नहीं जब विश्व के बड़े-बड़े ग्लेशियरों का पिघलना तीव्र गति से प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में समुद्र के किनारे बसे देश समुद्र में डूब जाएंगे। अर्थात् मानव अस्तित्व के विलुप्त होने का खतरा बढ़ रहा है। वाह रे मानव!! अपने सर्वश्रेष्ठ होने के बौद्धिक खिताब पाने के मद में भूल गया है कि प्रकृति का अत्यधिक दोहन विनाशकारी सिद्ध होता है। सृष्टि एवं प्राकृतिक संसाधन स्वयं मानव के भोग के लिए ही सृजित है जिसका संतुलित भोग एवं उपयोग ही मानव की पीढ़ी दर पीढ़ी खुशहाल जिंदगी के लिए उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगी। मानव प्रकृति का हिस्सा है प्रकृति का भोग मानव को आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। आज मानव द्वारा हद से ज्यादा कार्बन का उत्सर्जन मानव सृष्टि को ही खतरे में डाल रही है।

आज वैश्विक राष्ट्राध्यक्षों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने हेतु विभिन्न सम्मेलनों में भाग तो लिया जाता है, परंतु जिस वातानुकूलित साधनों का प्रयोग वह करते हैं, यही ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण भी सिद्ध हो रहा है। मानव मन सुख की अनंत कामना की चाह लिए विकास की जिस अंधी दौड़ लगा रहा है, निस्संदेह भावी पीढ़ी को अपंग एवं असहाय बना देगा। मानव जीवन खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, जरूरी है प्रकृति सदृश आचरण करें। मानव सृष्टि की कार्य कुशलता मानवीय कार्य व्यापार पर आधारित होता है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत सत्यमेव जयते, वसुधैव कुटुंबकम्, सर्वे भवंतु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, अधर्म का नाश, धर्म की स्थापना आदि आदि सूत्र वाक्यों से अलंकृत एवं विभूषित है, परंतु फिर भी मानव प्रकृति के प्रति उदासीन दिखता है। आज लू जैसी कई समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। मानव का पुनीत कर्तव्य है कि जीवन को "जियो और जीने दो" की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए प्रकृति का संरक्षण करे और सृष्टि संतुलन की अनमोल विचारधारा को आत्मसात कर प्राकृतिक नियमों का पालन करे।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है। आज जरूरत है एक कठोर एवं सार्वजनिक कदम उठाने की। बदलते मौसम और बढ़ते तापमान को प्रमुखता से विश्व समुदाय के समक्ष उठाना चाहिए और कठोर से कठोर नीति बनाने की सर्व सम्मति होनी चाहिए। अभी दिल्ली का हाल देखकर आंखे खुली की खुली रह गई। मानव प्रजाति को बचाना है तो मानव को संयम से काम लेना होगा। आइए हम सभी मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को कम करें। प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें। प्रकृति इंसानों का अपना घर है। अतः पर्यावरण सुरक्षित रखें तभी हम सभी खुशहाल एवं सुरक्षित हो सकेंगे।

# शिव भी निःशक्त हैं जिनके बिना



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवो के भी देव महादेव यानी शंकर जी भी जिस शक्ति से अनुप्राणित होते हैं और जिसके बिने स्पंदनहीन होते हैं, वह परम शक्ति भगवती दुर्गा हैं, जो सबसे ऊपर हैं। 'सौंदर्य लहरी' के प्रथम श्लोक में ही आदि शंकराचार्य भी ऐसा ही कहते हैं, "शिवः शक्त्यायुक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्। न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि'। यही नहीं उनके अति घोर काली रूप की उग्रता शांत करने के लिए तो भगवान शिव को उनके पैरों के नीचे आना पड़ा था। धोखे से पति पर पड़े पैर से काली मां एकदम ठिठक गईं, दांतों तले जीभ दबा ली, उग्रता शांत हो गई और तब देवताओं और दुनिया ने चैन की सांस ली, अन्यथा वे असुरों पर हुए क्रोध के कारण प्रलयकारी रूप में आ गई थीं।

भगवान विष्णु से भी वार्ता करते हुए, देवी भागवत में जब नारद ने उन्हें त्रैलेक्य में सर्वोपरि बताया, तो वे बोले 'नहीं नारद! मैं सबसे बड़ा नहीं हूं। मैं तो उन आदि शक्ति देवी के अधीन कार्य करता हूं, जो भुवनेश्वरी हैं और त्रिभुवन संचालन करती हैं। राम जब रावण से युद्ध हेतु तत्पर हुए तो नारद ने उन्हें शारदीय नवरात्र व्रत रखने और देवी पूजने की सलाह दी। राम ने वैसा ही किया और नौमी तक व्रत रखकर दशमी को विजय प्रयाण किया तथा अंततः उन्हें सफलता हासिल हुई। उन मां के नाना रूप, भेद, वर्गीकरण और ध्यान मुद्राएं हैं जिनका सम्यक वर्णन करने की सामर्थ्य शेष और शारदा में भी नहीं है। फिर भी वे चिद्रूपिणी महासरस्वती, सद्रूपिणी महालक्ष्मी और आनंद रूपिणी महाकाली रूपा हैं जिनके सिद्ध बीज मंत्र क्रमशः "ऐं ह्रीं क्लीं" हैं। वे आठ मातृकाओं के रूप में भी जानी जाती हैं।वे हैं, ब्राह्मी, वैष्णवी, माहेश्वरी, ऐन्द्री, कौमारी, वाराही, चामुंडा और नारसिंही।

माता के नौ रूप वाला वर्गीकरण ज्यादा लोक प्रचलित है और नवरात्र इन्हीं में से हर एक रूप के पूजन हेतु रखा जाता है। ये श्रीविग्रह हैं- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री। इनके अतिरिक्त वे दस महाविद्याओं के रूप में भी अर्चनीया हैं। इनका तंत्र में भी बड़ा महत्व है तथा हिन्दू धर्म के दशावतारों से भी जोड़कर देखी जाती हैं। ये हैं- काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वर, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला। शुंभ दैत्य ने युद्धकाल में जब देवी के अनेक रूपों पर आपत्ति उठाई, तब वे बोलीं 'एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्टमय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः।। यानी अरे दुष्ट! मैं सृष्टि में अकेली ही हूं, मेरे समान भला कौन है? देख! ये सब मेरी ही विभूतियां हैं और मुझ में प्रविष्ट हो रही हैं'। फिर सभी विग्रह उन अंबिका में प्रवेश कर गए। उन अनेक रूपा एक की महिमा अपरंपार है।



30वां रोजा

शिया
सहरी : 04.12 बजे
इफ्तार : 06.38 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.21 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# विजय हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पैर में लगी गोली, मेडिकल कॉलेज में कराया गया इलाज, दो दिन पहले कोतवाली नगर के दरियापुर इलाके में गोली मारकर की गई थी विजय की हत्या

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** प्रॉपर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। घटना के मुख्य आरोपी महरुआ अंबेडकर नगर के अजय सिंह को कोतवाली नगर और बंधुआ कला पुलिस ने दूबेपुर में मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया है। उसके पैर में गोली लगी है। इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसके पास से बिना नंबर की बाइक और पिस्टल बरामद हुई है।

अजय सिंह व उसके साथियों ने रविवार की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे पल्लवी होटल में नरायनपुर के विजय नारायण सिंह की पार्टी के दौरान विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में शास्त्री नगर निवासी अनुज शर्मा भी घायल हुआ है, जिसका इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि घटना के राजफाश के लिए पुलिस ने छह टीमें गठित की है। मृतक विजय नारायण सिंह चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सह अभियुक्त था। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### कोर्ट ने अजय को 22 तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जेल

**सुलतानपुर :** कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के दरियापुर तिराहे पर बीते रविवार को प्रापर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकांड में कोतवाली नगर व बंधुआकला पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लोढ़वा हरिनाथपुर महरुआ अम्बेडकर नगर के मुख्य आरोपी अजय सिंह सिलावर को गिरफ्तार कर लिया। जिसे उपचार के बाद सीजेएम बटेश्वर कुमार की अदालत में नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय की अभिरक्षा में बड़ी संख्या में पुलिस सुरक्षा के बीच पेश किया गया। सीजेएम ने आरोपी अजय सिंह की रिमांड मंजूर कर उसे 22 अप्रैल तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।



दीवानी न्यायालय में पेशी पर लाया गया बदमाश अजय सिंह। अमृत विचार

### एसपी से विवेचक हटाये जाने की मांग

विजय नारायन सिंह हत्याकांड में शामिल आरोपियों पर विवेचक पर अनुचित लाभ व संबंध दर्शाते हुए विवेचक नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय से विवेचना स्थानांतरित कराये जाने की मांग मृतक विजय नारायन के भाई सतीश नारायन सिंह ने एसपी व पुलिस महानिदेशक से मांग की है। आरोप है कि नगर कोतवाल अभियुक्तगण के अनुचित प्रभाव में हैं। जो अभियुक्तगणों के साथ उठते-बैठते हैं। जिसे सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है। यह भी आरोप लगाया है कि विवेचना अधिकारी अभियुक्तों को अनुचित लाभ प्रदान कर सकते हैं।

### बाइक से आया और विजय पर दाग दीं ताबड़तोड़ गोलियां

**सुलतानपुर :** प्रापर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में देखा जा सकता है कि कैसे विजय नारायण की हत्या करने वाला बदमाश अजय सिंह सिलावर अकेले ही बाइक से पल्लवी होटल एवं बार के सामने पहुंचता है। शास्त्रीनगर गली से पहुंचा अजय बार के सामने खड़ी कार के पास रोड पर ही बाइक खड़ी की। फिर पिस्टल निकालकर विजय के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिस वक्त गोली चली विजय अपने साथियों संग खड़े होकर बात कर रहा था। इस हमले में विजय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसका साथी अनुज शर्मा घायल हो गया। जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। विजय नारायण की हत्या करने के बाद अजय सिंह अकेले ही अपनी बाइक पर बैठकर मौके से फिर दरियापुर तिराहे की तरफ फरार हो गया।

## एक नजर

### जेल में निरुद्ध आरोपी को कोर्ट से राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** तमंचा व कारतूस बरामदगी के मामले में जेल में बन्द आरोपी को राहत देते हुए सीजेएम बटेश्वर कुमार ने जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील अभय तिवारी के मुताबिक कमरौली थाने के उप-निरीक्षक रामनाथ बौद्ध ने महराजगंज रायबरेली निवासी आरोपी धर्मेंद्र को तीन अप्रैल की घटना बताते हुए तमंचा व कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया था।

### चर्चित मौनी मंदिर को ढहाने का आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मानचित्र को आधार बनाकर एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद की तरफ से मौनी मन्दिर ढाहने का आदेश दिया है। तुलसी उद्यान की तस्वीर एक बार फिर उभरने की उम्मीद बढ़ी है। प्रशासनिक आदेश से अवैध अतिक्रमण करने वालों को झटका लगा है। जिलाधिकारी कार्यालय के सामने तिकोनिया पार्क पर स्थित मौनी मंदिर से मामला जुड़ा है। एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद ने बताया कि प्रारंभिक नोटिस जारी की गयी है।

### वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राममणि निलम्बित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन की गरिमा धूमिल करने के आरोप में बार के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राममणि मिश्र को अध्यक्ष अरविंद पांडेय ने तीन माह के लिए निलम्बित कर दिया है। नोटिस का जवाब तीन पेशियों पर नहीं देने पर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्यवाही संघ करेगा।

### आग से छह बीघा गेहूं जला

**धनपतगंज, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र बल्दीराय के देहली बाजार ( शंकर उपाध्याय पुरवा ) में अज्ञात कारणों से देर शाम गेहूं के खेत में आग लग गयी। जिसमें गांव निवासी गौरी शंकर ,दया शंकर, हरी शंकर का लगभग 6 बीघे गेहूं जल कर रखा हो गया।

# धोपाप ब्रांड से सशक्त हुईं महिलाएं

- सांसद ने जनसभाओं व कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने 10 दिवसीय चुनावी दौरे के 9वें दिन मंगलवार को सदर विधानसभा में जनसभाओं व कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

मंगलवार को उन्होंने विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी के साथ पटना सोनौरा, अहिबरनपुर,कालीगंज बाजार,चौहानपुर, मैरी रंजीत व खरगपुर समेत एक दर्जन जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की योजनाओं ने गरीबों की तकदीर बदली है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए 6 करोड़ की लागत से पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम का कायाकल्प हो रहा है। मैंने बिना सरकारी मदद के तीर्थराज धोपाप का कायापलट किया है। इसको रामायण सर्किट से जोड़कर देश का नंबर एक धार्मिक केंद्र बनाया जाएगा। मैंने धोपाप ब्रांड के प्रोडक्ट से समूह की हजारों महिलाओं को जोड़ा हैं। इससे महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर बन रही है। अगले पांच साल में सुलतानपुर को यूपी का नम्बर एक जिला बनाएंगे। श्रीमती गांधी ने कूरेभार, सेमरी, गोसैसिंहपुर, मोतिगरपुर एवं जयसिंहपुर मंडल में कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।



सांसद मेनका गांधी के साथ महिलाओं ने ली सेल्फी। अमृत विचार

# पूर्व थानाध्यक्ष तोमर की बढ़ी मुश्किलें, कोर्ट में तलब

- महिला सिपाही से दुष्कर्म और धनदोहन का है आरोप

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** महिला आरक्षी से दुराचार करने के आरोपी हलियापुर के पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर की मुश्किलें फिर बढ़ी हैं । सीजेएम कोर्ट ने नीशू तोमर को विवेचक के राहत देने वाली रिपोर्ट खारिज कर दुराचार तथा अन्य आरोपों में मुकदमा चलाए जाने के लिए संज्ञान ले लिया है तथा पूर्व थाना अध्यक्ष को 30 अप्रैल जरिए सम्मन तलब किया है।

साल 2021 में हलियापुर थाने में तैनात रही महिला आरक्षी ने तत्कालीन थानाध्यक्ष नीशु तोमर पर मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार दुराचार करने का आरोप भी लगाया । पुलिस ने निशु तोमर को दीवानी कोर्ट के बगल से गिरफ्तार किया था लेकिन पूछताछ के बाद महिला थाने से छोड़ दिया गया इसके बाद से नीशू तोमर का पता नहीं चल सका इससे संबंधित हाई कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई लेकिन उसके बारे में ठोस जानकारी पुलिस नहीं दे सकी इस बीच विवेचक ने मामले की जांच पूरी कर बीते साल नीशु तोमर पर अपमानित करने तथा धमकी देने के आरोपों में चार्जशीट देते हुए आईटी एक्ट दुराचार और अन्य आरोपी से क्लीन चिट दे दी थी जिसके बाद पीड़ित महिला आरक्षी ने अधिवक्ता संतोष पांडेय के जरिए में कोर्ट में याचिका दाखिल कर लगाए गए आरोपों में संज्ञान लेने की मांग की थी। सीजेएम बटेश्वर कुमार ने पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर को तलब कर 30 अप्रैल को सुनवाई नियत की है।



### गृहमंत्री अमित शाह के मामले में तलबी बहस आज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में मंगलवार को को तलबी बहस नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 10 अप्रैल नियत की है। मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

# शक्तिपीठों पर रही 'जय माता दी' की गूंज

- श्रद्धालुओं ने कलश स्थापित कर की मां शैलपुत्री की आराधना

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र व भारतीय नववर्ष के शुभारंभ पर मंगलवार की सुबह से ही कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। अलसुबह से ही देवी मंदिरों पर भक्तों की भीड़ मां के दर्शन को उमड़ी। घरों में कलश स्थापित किए गए। श्रद्धालुओं ने मां भगवती को प्रसन्न करने के लिए दिनभर उपवास रखा। पहले दिन भक्तों ने माता रानी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की और मां से सुख-समृद्धि एवं शांति का वरदान मांगा।

शहर के पल्टनबाजार स्थित काली माता मंदिर, माल गोदाम रोड स्थित नैना माता मंदिर, लोहराऊ स्थित सिद्धपीठ मां भगवती धाम, सीताकुंड धाम, मुरारीदास गली स्थित दुर्गा मंदिर व सुदर्शनपार्क के बगल स्थित मां दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों पर सुबह से ही भक्त उमड़ पड़े। हर कोई माता के दर्शन को आतुर दिखा। विधि-विधान से मां की पूजा कर अम्बे मां से धन वैभव की कामना की। जय माता दी के जयकारे लगते रहे। मां शैलपुत्री का आराधना से मनोवांछित फल और कन्याओं को उत्तम वर की प्राप्ति होती है।



नयना माता मंदिर रूद्रनगर में शाम की आरती में शामिल भक्तगण। अमृत विचार

### लोहरामऊ धाम पर नौ दिनों तक होंगे विविध अनुष्ठान

शहर से पांच किमी की दूरी पर लोहरामऊ स्थित सिद्धपीठ दुर्गा देवी मंदिर में सुबह चार बजे से भक्तों का जो रेला मां के दर्शन के लिए उमड़ा वह देर शाम तक जारी रहा। जिले ही नहीं वरन फैजाबाद, जौनपुर, आजमगढ़, बाराबंकी, अमेठी आदि जिलों से भी श्रद्धालु मां के दर्शन को यहां पहुंचे। लागों ने देवी मां से मन्नतें मांगी। जय माता दी के जयकारों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने परिसर में कढ़ाई चढ़ाई।

## ई-रिक्शा और कार में भिड़ंत, एक रेफर

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के भीखपुर गांव के पास रायबरेली-टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की दोपहर ई रिक्शा व कार में भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन चालकों को गंभीर चोटे आई हैं। ई रिक्शा चालक की पहचान राम सहाय निवासी सदरपुर, कोतवाली जयसिंहपुर और कार चालक की पहचान सलीम निवासी होटल सारस जनपद रायबरेली के रूप में हुई । सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। जहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के दौरान ई रिक्शा चालक राम सहाय की गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### विपणन गोदाम क्रय केंद्र पर गेहूं की खरीद शुरू

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार विकास खंड में खोले गए चार गेहूं क्रय केन्द्रों पर एक माह बीत जाने के बाद विपणन गोदाम क्रय केन्द्र पर खरीद शुरू हुई। अन्य क्रय केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। किसानों के गेहूं खरीद के लिए विपणन गोदाम कुड़वार, उत्मानपुर, भण्डरा व नरही सहित चार क्रय केंद्र खोले गए हैं। यह क्रय केंद्र एक मार्च से चालू किया गया है। गेहूं की कटाई भी शुरू हो चुकी है। हालांकि, किसानों का रूझान राजकीय क्रय केन्द्रों की तरफ नहीं दिख रहा है। अबकी बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रूपया प्रति कुंतल रखा गया है। बाजार भाव भी इसी रेट के इर्द-गिर्द ही है। इसके चलते किसान राजकीय क्रय केन्द्रों पर कम पहुंच रहे हैं। केन्द्रों के प्रभारी पुराने किसानों से सम्पर्क बनाने में जुटे हैं। कुड़वार केन्द्र के प्रभारी विपिन पटेल ने बताया कि मंगलवार को प्रतापपुर के किसान अभिरंजन सिंह से दस क्विंटल गेहूं की खरीद की गयी है। विपणन सहायक बृजेश कुमार ने बताया कि किसानों से सम्पर्क किया जा रहा है। एक सप्ताह में खरीद शुरू हो जायेगी। उत्मानपुर की प्रभारी समारजा ने बताया कि किसानों से बराबर सम्पर्क किया जा रहा। उन्हें खतौनी के शीघ्र पंजीकरण के लिए कहा गया है। आशा है कि शीघ्र गेहूं खरीद शुरू हो जायेगी।

### अचानक छाए बादल, तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को तेज हवा व बूंदाबांदी होने से मौसम अचानक बदल गया। बारिश होने से गेहूं की फसल के प्रभावित होने का डर किसानों को सताने लगा है। तेज हवा के कारण कई क्षेत्रों में टीनशेड उड़ गए। बिजली सप्लाई भी प्रभावित हो गई है। बादलों की गड़गड़ाहट के साथ देर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। गेहूं की कटाई करने वाले किसानों की फसल खेत में बिखर गई। मौसम में बदलाव होने से तैयार गेहूं की फसल को नुकसान होने का डर किसानों को सताने लगा है। धूलभरी आंधी के कारण सड़क पर चलने वाले लोगों को काफी समस्या हुई। कृषि वैज्ञानिक डा. एके सिंह ने बताया कि अगर बारिश हुई तो गेहूं की फसल का रंग काला हो सकता है। मौसम में बदलाव होने से अधिकतम तापमान 39 डिग्री व न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस हो गया है। जिससे आर्द्रता अधिकतम 89 व न्यूनतम 48 फीसदी रिकॉर्ड किया गया।

### अचानक आई आंधी, शार्ट सर्किट से लगी आग

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय क्षेत्र के हलियापुर के आस पास लगभग पांच बजे तेज आंधी आई, जिससे हलियापुर कुड़वार रोड पर विद्युत पोल गिरने से सड़क जाम हो गया। विद्युत विभाग के कर्मचारी पोल व पेड़ हटाने में लगे रहे। लगभग एक घंटे बाद यातायात चालू हो सका। हलियापुर में शेर बहादुर पासी के घर में उसी आंधी के समय उनके घर के बगल लगा नीम का पेड़ गिर गया। जिससे चलती लाइन में विद्युत तार टूटने से शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे उनकी सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। हलियापुर बाजार में रेवना का पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से हलियापुर के अवधेश कुमार सिंह (60) घायल हो गए। जिन्हें परिजन इलाज के लिए पिठला हॉस्पिटल ले गए है। हलियापुर थाना क्षेत्र के बड़ाडांड निवासी राम अवध व संतोषी के घर में उसी आंधी के समय आग लग गई, जिसमें विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। दोनों परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।

### एमजीएस में चलेगी जेईई, नीट के लिए स्पेशल क्लास

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमजीएस इंटर कालेज में शैक्षिक उन्नयन एवं विकास के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि ठाकुर संजय सिंह, अध्यक्ष क्षत्रिय शिक्षा ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों की समस्या के निस्तारण के लिए वरिष्ठ शिक्षकों का एक ग्रीवांश सेल बनाया जाय। जिसके द्वारा शिक्षकों की समस्या का समन्वयात्मक तरीके से समाधान किया जा सके। विद्यालय में सह शिक्षा के प्रारंभ होने से अनुशासन समिति का दायित्व एवं कार्य बढ़ गया है। वर्तमान सत्र कक्षा 9 और 11 में इंग्लिश मीडियम कक्षा भी संचालित हुई है। जिसमे प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। विद्यालय में जेईई, नीट और सामान्य ज्ञान से संबंधी आदि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं बाह्य विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर स्पेशल कक्षाएं संचालित की जाएगी। यहां प्रधानाचार्य महेश सिंह,राकेश कुमार सिंह, दीपक सिंह, श्यामलाल, सर्वादीन पांडेय, डॉ अम्बरीष सिंह, उप प्रधानाचार्य विचित्र वीर सिंह, राजेश कनौजिया, डा. अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्कूल चलो अभियान के तहत विद्यालय में हुई कवि गोष्ठी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के तहत स्कूल चलो विषय पर रामरती इंटर कालेज में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन कर की गई। कवियों, साहित्यकारों ने शिक्षा के प्रति जागरूक करती कविताएं और विचार व्यक्त किया। गुड्डू ने चला गुरु की नगरिया तो राज बहादुर राना ने पढ़ा एबीसीडी कखगघड. शिक्षा के प्रति प्रेरित करती कविता पढ़ी। संजय कुमार ने एक सूत्र में पिरोई माला, बृजेश वर्मा ने हमें बनते बनते बिगड़ना पड़ा है, कमल नयन तिवारी ने तूने कैसा किया कमाल, सुनीता श्रीवास्तव ने तूझे गीत सुनायी या गीता, रमेश चंद्र नंदवंशी ने करबद्ध निवेदन है पानी राखिए, केशव प्रसाद सिंह ने अरि की आंखें चुंधियाती थी, रोहित राय ने सच बताऊं अब तुम याद नहीं आते, जया सिंह ने मैं नारी हूं। जीवन सजाना जानती हूं। सर्वेश कान्त वर्मा सरल ने आवा मुन्ने मुनियां चलइके बा स्कूल, जहवां से महके जिन्दगी हो जइसे गेंदा के फूल, स्कूल चलो को प्रेरित करती कविता पढ़ी। अध्यक्षता शिक्षक केशव प्रसाद सिंह ने किया।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शुरू की जांच

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मझवारा गांव में सोमवार की रात घर में कमरे के अंदर एक युवक की छत के हुक में फंदे से लटकती लाश मिली है। मृतक बचपन से ननिहाल में रह रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच पड़ताल शुरू की है। मझवारा गांव निवासी सुनील कुमार (30) व कल्पू रात खाना खाने के बाद घर के बाहर स्थित एक कमरे में सोने चला गया। सुबह जब कुछ देर तक दरवाजा नहीं खुल तो घर वालों को चिंता हुई। दरवाजा खोलेने का प्रयास किया गया, पर दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ कर जब परिवारी जन अंदर गए तो युवक अंदर छत के हुक में फंदे से लटक रहा था। उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिवारी जनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें मृतक इसी थाना क्षेत्र के पाठक पुरवा गांव का मूल निवासी था। जो बचपन से अपने ननिहाल मझवारा मे अपने मामा संतलाल के साथ रहता था।



सुनील की फाइल फोटो।

मृतक की ससुराल थाना.क्षेत्र महरुआ के आदमपुर तिलोनी में है। जंहा वह 5 अप्रैल को अपनी बीमार पत्नी सीमा को इलाज के लिए साथ लेकर गया था। सीमा को उसके मायके में छोड़ वह सोमवार को सुबह मझवारा लौट आया था। मंगलवार को सुबह उसकी लाश छत के हुक मे फंदे से लटकी मिली।

थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी बताया कि युवक ने किस कारण से फांसी लगाई इसकी जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद कोई कार्रवाई की जाएगी।

# छप्पर में लगी आग, चार बकरियां मरीं

- बिजली का शार्ट सर्किट बना कारण, लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के किठावां में मंगलवार दोपहर को बिजली की शॉर्ट सर्किट से लगी आग में छप्पर के नीचे बंधी चार बकरी जलकर मर गई। थाना क्षेत्र किठावां निवासी अल्लारहम ने छप्पर के नीचे अपनी बकरियां बांध रखी थीं। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मंगलवार दोपहर को घर में खींचे गए बिजली के तार से शॉर्ट सर्किट हो जाने से छप्पर में आग लग गई। जब तक ग्रामीण निजी संसाधनों से आग पर काबू पाते है। छप्पर के नीचे बंधी चार बकरी जलकर मर चुकी थीं। सूचना पर हल्का लेखपाल दिनेश कुमार ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी। वहीं कूरेभार पशु चिकित्सालय की टीम ने बकरियों का पोस्टमार्टम किया है।



गोसाईगंज में आग से जलता हुआ छप्पर। अमृत विचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में लगी आग

द्वारिका गंज चौकी के महमूदपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में आग लग गई। जिससे दासु पुत्र रामदास और रामनाथ पुत्र रामदास के घरों में आग लग गई। जिसके चपेट में झुलसने के कारण दो मवेशियों की मौत हो गई। घर में रखें अन्य सामान भी आग के चपेट में आ गए। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। चौकी प्रभारी अमित सिंह घटना का निरीक्षण करते हुए बताया कि आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया।

लोकसभा चुनाव | जिलाधिकारी ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# बिना प्रमाणित न कराएं विज्ञापनों का प्रकाशन : डीएम

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्टैडिंग कमेटी की चौथी बैठक की। डीएम ने नेताओं को आयोग का पाठ पढ़ाया और आदर्श आचार चुनाव संहिता का पालन करने की हिदायत दी।

डीएम ने कहा कि मतदान पूर्व विज्ञापन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि आयोग के दिशा निर्देशानुसार किसी भी राजनितिक दल या उम्मीदवार या किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व यानी 24 व 25 मई को प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य अथवा जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति (मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी) से पूर्व प्रमाणित कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने अवगत कराया कि आवेदकों को विज्ञापन के प्रकाशन के प्रस्तावित तिथि न्यूनतम 2 दिन पूर्व एमसीएमसी समिति के समक्ष आवेदन करते हुए विज्ञापन प्रमाणित कराया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि परमीशन के ऑनलाइन आवेदन/परमीशन प्राप्त होने में यदि कोई समस्या आए तो उन्हें अवगत कराए। डीएम ने कहा कि आप लोग स्वयं बीएलओ या अपने कार्यकर्ता के माध्यम से यह सुनिश्चित कर लें कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से वंचित तो नहीं है। 26 अप्रैल मतदाता बनने के लिए आवेदन लिया जाएगा।




राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करतीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना।

### मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक में की तैयारियों की समीक्षा

**सुलतानपुर :** जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, एआरओ के साथ बैठक की। चुनाव तैयारियों के समीक्षा के दौरान डीएम ने सभी को निर्देशित किया कि आप सभी अपने अन्तर्गत आने वाले बूथों का निरीक्षण व रूट प्लान का अध्ययन कर लें। उन्होंने सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि आप अपने क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली सभी पोलिंग पार्टियों का मोबाइल नम्बर अपने पास रखें या व्हाट्सएप ग्रुप बना लें। आयोग द्वारा जारी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट से सम्बन्धित हैण्डबुक, चेक लिस्ट 'क्या करें, क्या न करें' एमसीसी गाइड लाइन बुकलेट आदि का अध्ययन सावधानी पूर्वक समय से कर लें। जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिया।

## शिकायत करने पर घर में घुसकर पीटा, केस

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के भटौता तुलसी पट्टी गांव निवासी राम अचल निषाद ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी जगदीश निषाद राम आसरे, सुरेखा, मिलकर सहन की जमीन में लगे हुए हरे आम, जामुन, अमरूद, शहतूत के पेड़ों को जबरन काट दिए। उसके द्वारा विरोध करने पर लोग गाली देते हुए मारने पीटने के लिए दौड़ा लिए। जब वह किसी तरह जान बचाकर अपने घर भाग गया तो वह लोग उसके घर में घुसकर उसको मारे पीटे और घर में रखी हुई गृहस्थी के समान को तोड़ दिए। जाते वक्त पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी दिए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।



30वां रोजा

शिया
इफ्तार : 06.33 बजे

सुन्नी
इफ्तार : 06.23 बजे

### पैग़ाम ए रमज़ान

ऐ रोज़ेदारों ख़ुशियों का पैग़ाम ईद है, बख़्शा है रब ने जश्न का ही नाम ईद है। सारे जहाँ को दिल से कहें ईद मुबारक! रब की तरफ़ से रोज़ों का ईनाम ईद है।।

नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

# पढ़ाई के साथ देश के लिए पदक जीतने को पसीना बहा रहे युवा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट स्टेडियम में प्रतिदिन युवा एथलीट जमकर पसीना बहा रहे हैं। प्रतिदिन 50 से अधिक युवा स्टेडियम में दौड़ लगा रहे हैं। कोच के मार्गदर्शन और खुद के परिश्रम के कारण ही पिछले डेढ़ वर्ष में यहां के पांच खिलाड़ियों की नेशनल खेल तक राह आसान हो सकी है।

युवाओं में एथलेटिक्स के प्रति दीवानगी बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि युवक और युवती दोनों ही अकादमी का हिस्सा बनकर प्रशिक्षण ले रहे हैं। पढ़ाई के साथ-साथ अपने देश के लिए पदक जीतने की चाह में गर्मी और धूप में भी युवा खिलाड़ी मेहनत कर रहे हैं। यही कारण है कि कोच के डेढ़ साल के प्रशिक्षण में नेशनल व स्टेट लेबल तक खेल का हिस्सा बन रहे हैं। जबकि दोपहर तक ही विद्यालय चलने से शाम के समय खिलाड़ियों की संख्या बढ़ गई है। यह खिलाड़ी 100, 200, 400, 800, 1500 मीटर की दौड़ के साथ ऊंची और लंबी कूद में भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिले की मोनिका विश्वकर्मा का स्टेट प्रशिक्षण के लिए चयन भी हो गया है। वहीं कई खिलाड़ियों ने स्टेट लेवल पर खेलकर जिले का मान बढ़ाया है।



महिला खिलाड़ी तृप्ति मिश्रा व करिश्मा



जिला स्पोर्ट स्टेडियम में तैयारी करते युवा खिलाड़ी। अमृत विचार

अंडर 16 की खिलाड़ी तृप्ति मिश्रा सौ मीटर की रेस में यूपी स्टेट गेम में एक बार व स्कूली स्टेट में तीन बार गोल्ड हासिल कर चुकी हैं। इससे अन्य खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ रहा है। इस बारे में उदीयमान एथलीट तृप्ती मिश्रा बताती हैं कि उन्हें स्टेट लेवल की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में चार मेडल प्राप्त हुए हैं। जबकि जिला स्तर की प्रतियोगिता में अब तक 10 गोल्ड मेडल हासिल किया है। वह 100 और 200 मीटर की दौड़ का प्रैक्टिस करती हैं। इन दोनों प्रतियोगिताओं में भी सफलता हासिल की है। जबकि एक अन्य युवा खिलाड़ी करिश्मा बताती हैं कि कोच का प्रशिक्षण मिलने से स्टेडियम में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ गई है। प्रशिक्षण पाकर मैंने स्टेट लेवल तक प्रतियोगिता में भाग लिया है। मंडल स्तर के 1500 मीटर और 300 मीटर में मैंने गोल्ड मेडल हासिल की हैं। प्रशिक्षण मिलने से गोल्ड लाने की जिज्ञासा बढ़ती जा रही हैं।

> खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। प्रतिदिन लगभग 50 खिलाड़ी स्टेडियम में एथलेटिक्स का प्रैक्टिस करने के लिए आते हैं। अब तक 10 से अधिक खिलाड़ी स्टेट व नेशनल तक खेल चुके हैं। जबकि अधिकतर खिलाड़ी गोल्ड भी लाते हैं।
> –सुमन सिंह, कोच खेलो इंडिया

## सड़क चौड़ीकरण कार्य के बारे में ली जानकारी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** जाम से छुटकारा दिलाने के लिए सरकार द्वारा चौड़ीकरण कराया जा रहा है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने राजस्व कानूनगो और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ तहसील कार्यालय में बैठक कर सड़क चौड़ीकरण के कार्यों की जानकारी ली। कहा कि जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराया जाए। बता दें कि पैडलेगंज चौराहे से बेतियाहाता चौराहे तक सड़क पर रोजाना जाम की समस्या बनी रहती है। इस सड़क से गुजरना हो तो लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाकर यातायात सुगम बनाने का प्रयास भी किया गया। लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली।

### एक नजर

### वार्डों में हो रहा फॉगिंग व साफ-सफाई का कार्य

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत बढ़नी बाजार के विभिन्न वार्डों में फागिंग व नालियों की साफ–सफाई का कार्य कराया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में नालियों की सफाई, मार्गों की सफाई, चूने का छिड़काव व फाकिंग आदि कराया जा रहा है। इससे लोगों को मच्छर और नालियों के गन्दगी व कीड़ों से कोई दिक्कत न हो।

### पुलिस जवानों ने थाना क्षेत्रों में किया पैदल गश्त

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपदीय पुलिस ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन, ईद–उल–फितर, चैत्र नवरात्र व अम्बेडकर जयंती को लेकर क्षेत्रों में पैदल गश्त की। पुलिस ने चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर लोगों से संवाद किया। नेपाल बार्डर के आस–पास पैदल गश्त और चेकिंग अभियान चलाया गया। आमजनमानस से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने और मतदान में निर्भीक होकर प्रतिभाग करने की अपील की गई। इस दौरान पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मतदाता सूची में होना चाहिए हर युवा का नाम

## एसडीएम सदर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, बीएलओ को दिए आवश्यक निर्देश

गोरखपुर

**अमृत विचार।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने मंगलवार को जंगल कौड़िया, अहिरौली, बलुवा, सिंहोरवा, जिंदापुर, चीयूटी जाम, डीहाघाट सहित अन्य मतदान बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

एसडीएम सदर ने बूथों पर बिजली एवं प्रकाश व्यवस्था, रैंप, शौचालय और पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का सत्यापन किया। विद्यालय परिसर में मौजूद बीएलओ से भी मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में बातचीत की। उन्होंने बीएलओ से फार्म-6 और फार्म-7 भरे जाने की स्थिति के साथ-साथ घर-घर सर्वे के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा सर्वे के दौरान मतदाताओं की शिकायतों और समस्याओं के बारे में बीएलओ से पूछा। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ की यह जिम्मेदारी है कि उनके क्षेत्र के अंतर्गत 7 मई को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा कोई भी युवक अथवा युवती मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने से वंचित न रहे। निर्धारित बिंदुओं पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर जरूरी जानकारी एवं मोबाइल नंबर अंकित होने चाहिए, ताकि मतदाताओं को यह जानकारी हो सके कि उन्हें किस बूथ पर अपना मतदान करना है तथा मतदाताओं को कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर वे अपने बीएलओ एवं अन्य उच्चाधिकारियों से संपर्क कर सकें। कहा कि आयोग के निर्देशानुसार बड़े बूथों वाले मतदान केंद्रों को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में तैयार कराया जाए, और वहां मतदाताओं के लिए आकर्षक माहौल हो। इस दौरान कानूनगो सत्य नारायण मिश्रा, क्षेत्रीय लेखपाल चंद्रमणि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



मतदान केन्द्र का निरीक्षण करती एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी।

### दो सदस्यीय जिला शिकायत समिति गठित

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने दो सदस्यीय जिला शिकायत समिति गठित की है। जिला शिकायत समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य (मो–8765923629) तथा परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी (मो– 9454464744) समिति के सदस्य बनाये गए हैं। जिला शिकायत समिति द्वारा निर्वाचन के दौरान जब्त की गयी नगद धनराशि व सामग्री को अवमुक्त करने का निर्णय लिया जायेगा।

## जीजीआईसी में 9वीं व 11वीं के लिए प्रवेश परीक्षा 16 को

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शहर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में कक्षा नौ और 11 की प्रवेश परीक्षा 16 अप्रैल को आयोजित होगी। प्रवेश के लिए छात्र प्रवेश फार्म भरने में जुटे हुए हैं।

बताया गया कि कक्षा नौ में 200 व कक्षा 11 में 150 छात्रों का प्रवेश होना है। जबकि कक्षा नौ में प्रवेश के लिए विद्यालय के ही 160 पूर्व छात्र हैं। लेकिन, विद्यालय व बाहरी छात्रों का प्रवेश होना है। वहीं, अब तक दोनों कक्षाओं में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं का प्रवेश फार्म आ चुका है। इसके बाद भी छात्रों का प्रतिदिन प्रवेश के लिए फार्म भरना जारी है। विद्यालय में जीव विज्ञान का म्यूजियम बना हुआ है। जबकि छात्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहा है। इससे छात्रों का राजकीय विद्यालय के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। विद्यालय में कक्षा समाप्त होने के बाद अभ्युदय की निशुल्क कोचिंग भी संचालित होती हैं। इस कारण भी छात्र राजकीय विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए उत्सुक हैं। प्रवेश परीक्षा को लेकर छात्र तैयारी भी कर रहे हैं।

> विद्यालय में कक्षा नौ और 11 में प्रवेश के लिए परीक्षा फार्म भरा जा रहा है। 16 अप्रैल को प्रवेश के लिए परीक्षा कराई जाएगी। उसके बाद सफल अभ्यर्थियों का कक्षा नौ और 11 में प्रवेश लिया जाएगा।
> – दयाशंकर यादव, प्रधानाचार्य

# घरों व देवी मंदिरों में शुरू हुई शक्ति की उपासना

गोरखपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता दुर्गा के स्वरूपों की पूजा अर्चना की। घरों में कलश स्थापना कर लोगों ने भक्ति भाव से मां की आराधना पूजा शुरू की।

गोलघर काली मंदिर में दर्शन के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। मां काली को लोगों ने नारियल, चुनरी, फल, फूल आदि अर्पित कर मनोवांछित फल की कामना की है। आवास विकास नगर कॉलोनी बीना मिश्रा ने बताया कि नवरात्र आते ही मन में एक खुशी की लहर दौड़ जाती है। मां दुर्गा की 9 दिन उपासना पूजा करने से मन को बहुत शांति मिलती है। इसी क्रम में सुधा गौड़ ने कहा कि नवरात्र का महीना आते ही घर में शांति का माहौल रहता है। बताते चलें कि आवास विकास कॉलोनी में महिला मंडली द्वारा नवरात्र के पर्व पर भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी किया जाता है।



नवरात्र के पहले दिन घर पर सजाया गया माता दुर्गा का मंदिर। अमृत विचार

### जिले के प्रमुख देवी मंदिरों पर रही श्रद्धालुओं की भीड़

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के मौके पर जनपद के सभी देवी मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए उचित प्रबंध किए गए हैं। लोगों ने घरों में कलश स्थापना के शक्ति की आराधना शुरू कर दी है। जनपद में स्थित पलटा देवी मंदिर, बांसी के महामाया मंदिर, जनपद मुख्यालय पर स्थित सिंहेश्वरी देवी मंदिर, बिलिया में स्थित मां दुर्गा मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्तों ने नारियल, चुनरी, फूल, फल आदि पूजन सामग्री लेकर मां के दरबार में पूजा अर्चना की। सिंघेश्वर मंदिर पर भक्तों की काफी भीड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रमुख मंदिरों पर पुलिस भी मौजूद रही। इसके अलावा उसका बाजार कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में माता दुर्गा के स्वरुपों की पूजा अर्चना की गई। उसका–नौगढ़ मार्ग पर स्थित समय माता मंदिर परिसर में शुबह से ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था। प्राचीन काली मंदिर रेहरा, श्री दुर्गा मंदिर केवटलिया श्री दुर्गा मंदिर मोगलहा, काली मंदिर उडवलिया, दुर्गा मंदिर केवटलिया आदि देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।


# आरपीएफ ने रेल यात्रियों का सामान बरामद कर सौंपा

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मिराशाह कठिरॉव रोड पिंडरा, वाराणसी स्थित दुकान से रेलवे ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त दुकान संचालक को 5 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया। सीवान स्टेशन से 16 वर्षीय लड़के को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया।

आरपीएफ मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, इज्जतनगर से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, इज्जतनगर द्वारा गाड़ी संख्या-15074 से यात्री का छूटा एक मोबाइल बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर मोबाइल को उसे सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, लखनऊ द्वारा यात्री का छूटा सामान बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर सामान को उसे सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, गोण्डा ने यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### सार-संक्षेप



डुमरियागंज महोत्सव 2024 कार्यक्रम में शामिल अतिथि। अमृत विचार

### डुमरियागंज महोत्सव 2024 कार्यक्रम आयोजित


**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् 2081 हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सोमवार को राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में डुमरियागंज महोत्सव 2024 कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर भारत माता की आरती व बाला जी सरकार के भव्य श्रृंगारकर पूजा अर्चना से किया गया। कार्यक्रम में आए हुए कलाकारों ने अपने भक्ति गीतों व भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। पंकज निगम के बाला जी आएंगे..., जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे.... आदि भजनों के माध्यम से माहौल राम मय हो गया। इस दौरान विशाल भण्डारा भी चलता रहा जिसमें श्रद्धालु क्रमबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करते रहे। कार्यक्रम के समापन में आरती व छप्पन भोग के प्रसाद वितरण का हुआ। कार्यक्रम के अंत में धर्म रक्षा मंच के संरक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने घाटा मेंहदीपुर बालाजी सेवक मण्डल बस्ती के महेंद्र मद्धेशिया, विवेक गीरोत्रा, संजय गडिया, पंकज नन्दा, संजीव सिंह, विनय बरनवाल, ज्ञान प्रताप सिंह, दीपक मोदनवाल, सिंगर पंकज निगम, कुमार आदर्श, यूएसए द बैंड गोण्डा टीम के शिवम, उपेंद्र, अंकित कीबोर्ड को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, डॉ दशरथ चौधरी, लवकुश ओझा, धर्मराज वर्मा, चंद्रप्रकाश चौधरी, फतेह बहादुर सिंह, मधुसूदन अग्रहरि, पप्पू श्रीवास्तव, रमेश लाल श्रीवास्तव, शत्रुहन सोनी, दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, लालजी शुक्ला, राहुल सिंह, कमलेंद्र त्रिपाठी, राजू अग्रहरि, नीरा दुबे, प्रियंका श्रीवास्तव, चंद्रभान, राजन अग्रहरि, अमरेंद्र त्रिपाठी, रमेशधर द्विवेदी, नीरजमणि त्रिपाठी, विनय पाठक, संतोष पासवान, कृष्ण कुमार पाण्डेय, दरोगा, रोहित, अतुल सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

### इफ्तार पार्टी में जुटे सैकड़ों रोजेदार

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत रमवापुर खास के टोला धिमरौली में रमजान माह के 28वें रोजे पर सोमवार को ब्लाक अध्यक्ष शोहरतगढ़ जफर आलम ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष शोहरतगढ़ जफर आलम ने कहा कि ग्राम पंचायत रमवापुर खास के टोला धिमरौली गांव में इफ्तार पार्टी का आयोजन पुरानी परम्परा रही है। पूर्व में मास्टर साहब जनाब अब्दुर्रहमान पूर्व प्रधान व उनके बेटे जफर कार्यक्रम का संचालन करते रहे हैं। अजीज अहमद व मो. आसिम उर्फ नैय्यर ने कहा कि भारत की असली खूबसूरती यह है कि आज हम सभी बिना किसी भेदभाव के एक साथ इफ्तार कर रहे हैं। सभी धर्मों के लोगों की संस्कृति और सभ्यता की रक्षा करना हम सभी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और यही भारत की खूबसूरती है। इफ्तार पार्टी में लगभग 650 रोजदार शामिल हुए। इस दौरान डा. सरफराज अंसारी, ई. एजाज अंसारी, प्रधान प्रतिनिधि शिव शंकर चौधरी, मुश्तन शेरुल्लाह खान, जनाब अब्दुर्रहमान पूर्व प्रधान, सबरे आलम, शकील अहमद, अख्तर हुसैन, कलीमुजजफर, जुबेर अहमद, मोहम्मद सईद, मोहम्मद रफीक, अजय भारतीय, नितिन, अनिल, शिव शंकर प्रधान, रामदास प्रधान, सुबास यादव प्रधान, ओमप्रकाश प्रधान, अजय प्रधान, पिंटू पटेल प्रधान, धीरेन्द्र चौधरी पूर्व प्रधान, विक्रम यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य, सूर्यभान यादव, संदीप चौरसिया, दिनेश यादव, मोहम्मद गौरी, आसिफ़, फारूक कोटेदार, पवन गिरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



### संपर्क मार्ग बदहाल

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के सीमाई इलाका रमवापुर तिवारी से इटवा भाट होते हुए डोहरिया खुर्द जाने वाला संपर्क मार्ग पूरी तरह से बदहाल हो चुका है। सड़क के किनारे बह गए हैं और बीच में बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 15 वर्ष पूर्व बनी इस सड़क तब से लेकर आज तक मरम्मत तक नहीं कराया गया। जिसके चलते बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं।

# गबन के 44 लाख रुपये बरामद, दरोगा गिरफ्तार

गोरखपुर

**अमृत विचार।** गाड़ियों की चेकिंग के दौरान 50 लाख रुपए की हेराफेरी के आरोप में दरोगा आलोक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि दरोगा के पास से 44 लाख रुपए बरामद हो गए हैं। गोरखपुर पुलिस के उच्चाधिकारी सोमवार से ही इस मामले की जांच में जुटे थे। अधिकारियों को 50 लाख रुपए की हेराफेरी की आशंका थी।



हवाला कारोबारी के पास से बरामद किए थे 85 लाख

जानकारी के अनुसार शाहमारूफ में दुकान चलाने वाला एक व्यापारी हवाला के धंधा से जुड़ा है। वह नेपाल बॉर्डर पर किसी को 85 लाख रुपए देने के लिए निकला था। इस दौरान जरिए मुखबिर पुलिस को सूचना मिली कि गाड़ी से 85 लाख रुपये लाया जा रहा है। इस सूचना पर बेनीगंज चौकी प्रभारी आलोक सिंह ने चेकिंग की और एक कार से रुपया बरामद भी कर लिया। लेकिन, उन्होंने इसकी सूचना न तो अपने थानेदार को दी और न ही किसी अन्य अफसर को और 50 लाख रुपये अपना अगला हेराफेरी कर लिया।

अधिकारियों को बाद में पता चला कि बरामद 85 लाख में से 50 लाख रुपये दरोगा ने रख लिए और एनकाउंटर की धमकी देते हुए 35 लाख रुपये लौटाकर व्यापारी को भगा दिया। इसके बाद एसपी सिटी की टीम की गोपनीय जांच में आरोप सही पाये गए और दरोगा आलोक सिंह के पास से 44 लाख रुपए बरामद कर लिए। आरोपी दरोगा के खिलाफ कोतवाली थाने में गबन और भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। दरोगा की हेराफेरी का ये मामला गोपनीय जांच से पकड़ा गया है। इसी जांच के दौरान 24 घंटे के अंदर मामला सुलझ गया और दरोगा आलोक सिंह अपने ही जाल में फंस गया।

प्रोत्साहन

**इंटरैक्शन ऑफ़ गर्ल्स एंड यूथ ग्रुप विद सब डिविजनल मजिस्ट्रेट कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी ने युवाओं को किया प्रेरित**

# सफलता कभी एक बार में नहीं मिलती, बार-बार प्रयास करते रहिए

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** समाज में युवाओं को उचित मार्गदर्शन देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हम सभी की पहली प्राथमिकता है। सफलता कभी एक बार में नहीं मिलती, इसके लिये बार बार प्रयास करना पड़ता है, मैंने भी कई प्रयास कर सफलता हासिल की है।

यह बातें उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ कमेन्द्र कुमार ने तहसील सभागार में प्लान इंडिया द्वारा आयोजित इंटरैक्शन ऑफ़ गर्ल्स एंड यूथ ग्रुप विद सब डिविजनल मजिस्ट्रेट कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में बॉर्डर क्षेत्र के 30 चेंज एजेंट्स, किशोरी, लड़कियों और युवाओं ने प्रतिभाग किया।



प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ कार्यक्रम में मौजूद युवक-युवतियां। अमृत विचार

प्लान इंडिया के जिला समन्वयक प्रसून शुक्ला ने उपजिलाधिकार का स्वागत करते उन्हें प्लान इंडिया के कार्य के बारे में बताया। बताया कि प्लान इंडिया सिद्धार्थनगर में बॉर्डर क्षेत्र में बाल संरक्षण और बालिका सशक्तिकरण मुद्दे पर काम कर रही है। उपजिलाधिकारी ने युवाओं के साथ संवाद शुरू किया। जिसमें सबसे पहले बगहवा की नीतू भारती ने पूछा कि आपने एसडीएम की पोस्ट कैसे प्राप्त की और क्या क्या चुनौतियां सामने आईं।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि सबसे पहले तो हमे यह पता होना चाहिए कि क्या और कितना पढ़ना है। मैंने भी कई प्रयास करके ये सफलता पायी है। इसके बाद अन्य लड़कियों सोनिया, पूजा, लक्ष्मी संगीता और ज्ञानमती ने कॅरियर से सम्बंधित सवाल पूछे। इसके बाद अमन शर्मा, लकी पांडेय, दुर्गालाल और रजत मिश्रा ने भी उपजिलाधिकारी से व्यवसाय और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए सुझाव मांगे। उपजिलाधिकारी ने हर युवा के सवाल का जवाब देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। अमन शर्मा ने अभ्युदय कोचिंग शोहरतगढ़ में चालू करनवाने का अनुरोध किया। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने 45 दिन का कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग प्रशिक्षण प्लान इंडिया के सामुदायिक सशक्तिकरण केंद्र बगहवा से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रमाणपत्र वितरित किये। अंत में उपजिलाधिकारी ने युवाओं को आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान वोट देने के लिए भी प्रेरित किया। प्लान इंडिया के द्वारा चलायी जा रही लाइब्रेरी की प्रशंसा की और इस तरह की गतिविधियों में सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्लान इंडिया से जिला समन्वयक प्रसून शुक्ल, विजयशंकर यादव, रूपा उमर, शत्रु विजय सिंह और माधुरी पांडेय, कल्पना, अंकिता यादव, पूजा भारती आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### श्रीराम कथा के शुरू होने से पूर्व निकली शोभायात्रा

**बलरामपुर।** जनकपुर स्थित श्री मुक्तेश्वर नाथ महादेव मंदिर में गत वर्षों की भांति इस सनातन नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री राम कथा का आयोजन बलरामपुर नगर पालिका चेयरमैन डॉ .धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नवरात्र के प्रथम दिवसपर देवी पाटन महंत मिथलेश नाथ योगी द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कर हजारों माताओं बहनों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसका नेतृत्व युवा संत सर्वेश जी महराज ने किया। 09 दिनों तक सायं छ बजे से रात्रि दस बजे तक श्रीराम कथा उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, सर्वेश सिंह, सुजीत शर्मा, गौरव मिश्र आदि सैकडों लोगों ने भाग लिया।

### बिजली के तार की चपेट में आने से झुलसी बच्ची

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विद्युत सब स्टेशन हरैया बेलभरिया में कटकुइंया गांव के पास टूटकर गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मैशर झुलस गई। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है, जहां हालत नाजुक बनी है। पिता सलीम ने बताया कि बेटी मैशर खाना लेकर मवेशी घर जा रही थी। रास्ते में 11 केवी मुख्य लाइन का तार टूटा पड़ा था। करंट की चपेट में आने से मैशर झुलस गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। अवर अभियंता हरिओम प्रसाद ने बताया कि पुराना एवं जर्जर तार होने के कारण रात में अचानक टूट गया है। तार को बदला जा रहा है। परिजनों व ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### सपा के प्रदेश सचिव बने नित्यानंद यादव

**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के युवा और तेजतर्रार नेता नित्यानंद यादव को पार्टी का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम, पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, लोरिक यादव, गौहर अली खान, रमेश यादव, राम दरश यादव, कोमल यादव, आलोक यादव उर्फ सोनू, राहुल यादव बादल समेत तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दिया है।



### अस्पताल सील

**बलरामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर के मार्गदर्शन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव ने गैंसड़ी ब्लॉक के जरवा में स्थित एच ओ पाली क्लीनिक बालापुर को सील कर दिया। इसी क्रम में अहमद क्लीनिक बालापुर, डॉक्टर संदीप लाइन बालापुर जरवा को नोटिस जारी किया गया। मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरविंद कुमार एसएचओ थाना जरवा एके पांडेय, पटल सहायक राजेश कुमार हंस आदि उपस्थित रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान सदाचार और अनुशासन का बड़ा महत्व होता है। आम जनता में पुलिस के प्रति बेहतर छवि का भाव जागृत करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# दिव्यांगों के लिये होंगे विशेष इंतजाम

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** आयुक्त बस्ती अखिलेश सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के साथ मंगलवार को खलीलाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र भुजैनी, टेमा रहमत और बड़गों बूथ पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश भी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने बूथों का निरीक्षण करते हुए बूथों पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के बारे में की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की संख्या के हिसाब से आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कर लिया जाय।

उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि जनपद के हर मतदान केन्द्र पर दिव्यांग मतदाताओं के लिये चुनाव प्रक्रिया को आसान किये जाने हेतु देय सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायं।



मंडलायुक्त ने डीएम के साथ मतदान केंद्रों का किया स्थलीय निरीक्षण। अमृत विचार

# अब प्रचार के लिए ऑनलाइन लें अनुमति

बलरामपुर

**लोकसभा चुनाव 2024**

- जनसभा के लिए 48 घंटे पहले करें ऑनलाइन आवेदन
- अनुमति के लिए अब नहीं लगाना होगा चक्कर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी सभी अनुमतियों के लिए सुविधा पोर्टल/मोबाइल एप विकसित किया गया है। इसके माध्यम से प्रत्याशी/राजनैतिक दल ऑनलाइन आवेदन कर जनसभा, रैली, लाउडस्पीकर, नुक्कड़ सभा, वाहन, हेलीकॉप्टर, हेलीपैड, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, अस्थाई पार्टी कार्यालय आदि की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं।

डीएम अरविंद सिंह ने बताया कि इसके लिए अब प्रत्याशियों/राजनैतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। उपरोक्त सभी प्रकार की अनुमति के लिए आरओ व डीईओ को निर्धारित प्रोफार्मा में सुविधा पोर्टल पर अथवा निवार्चन आयोग की वेबसाइट पर मौजूद सुविधा लिंक https//suvidha.eci.gov.in/pc/public/login के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।



उन्होंने बताया कि उक्त सभी अनुमतियों के लिए उन्हें सुविधा एप पोर्टल पर 48 घंटे पूर्व निर्धारित प्रारूप पर संलग्नकों सहित ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके अलावा प्रत्याशियों द्वारा इन सेवाओं के लिए ऑफलाइन आवेदन भी किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न अनुमतियों हेतु निर्धारित प्रारूप, अनुलग्नक एवं साथ में दिए जाने वाले दस्तावेजों की चेक लिस्ट दी जा चुकी है। बिना अनुमति के आयोजन किए जाने पर संबंधित प्रत्याशी/राजनैतिक दल के विरुद्ध उचित धाराओं एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही राजनैतिक पार्टी के स्टार प्रचारकों के आने व चुनाव प्रचार करने की अनुमति भी ली जाएगी। यदि अनुमति नहीं ली जाती है तो वह आरपी एक्ट की धारा 77(1) के अंतर्गत आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# चाक-चौबंद रहेगी देवीपाटन राजकीय मेले की व्यवस्था

## जिलाधिकारी ने संयुक्त प्रांत मेला अधिनियम के तहत जारी किया आदेश, पहली बार मेले के लिए शासन से दो एसडीएम की हुई तैनाती

**बलरामपुर, अमृत विचार।** इस बार के चैत्र नवरात्र एवं राजकीय देवीपाटन मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीएम द्वारा विशेष प्रबन्ध किये गये हैं। ऐसा पहली बार है जब संयुक्त प्रान्त मेला अधिनियम के तहत प्रदत्त कानूनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए डीएम अरविंद सिंह ने विभिन्न विभागों को आदेश जारी किया है। मेले के सकुशल और सफल आयोजन के लिए दो एसडीएम की तैनाती शासन से की गई है।

मेले में कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात, पेयजल, भीड़ प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं के सुचारू आवागमन के लिए वैकल्पिक निकास/प्रवेश द्वार का प्रबंध, मेले में मनोरंजन के लिए लगे झूला इत्यादि से कोई दुर्घटना न घटे तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ पुलिस बल का व्यवहार मधुर, कुशल, सौहार्दपूर्ण एवं संवेदनशील रहे इसका आदेश डीएम ने जारी किया है। इसके साथ मित्र देश नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत एसएसबी, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों व स्थानीय अभिसूचना इकाई को तत्काल और पूरी सक्रियता के साथ काम करते हुए गोपनीय सूचनाएं संकलित कर समय से उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाने के साथ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आपराधिक गतिविधियों एवं षड्यंत्रों को रोकने एवं वन विभाग, एसएसबी, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई को आदेश दिए गए हैं। प्रभागीय वनाधिकारी सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग बलरामपुर तथा श्रीराम लला मन्दिर से मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ बलरामपुर और यहां से श्री राम लला मन्दिर अयोध्या को जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग गोण्डा की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए कानूनी शक्तियों के तहत मेले में आने वाले श्रद्धालुओं पर किसी भी वन्य जीव द्वारा हमला न होने पाए इसके लिए सख्त आदेश निर्गत किये हैं। इसके साथ ही मेले में साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था के लिए डीपीआरओ और ईओ तुलसीपुर का दायित्व तय किया गया है।

मेले में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए रेलवे विभाग को भी जिला मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त प्रान्त मेला अधिनियम के तहत आदेश जारी कर निर्देशित किया है कि स्टेशन पर रेल से आने वाले श्रद्धालुओं के उपयोगार्थ स्टेशन पर शौचालय, शुद्ध पेयजल तथा साफ-सफाई तथा दुर्घटना रहित आवागमन का प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज को आदेश दिया गया है कि वे बसों में ओवरलोडिंग, श्रद्धालुओं से निर्धारित किराये से अधिक किराया न लिये जाने के आदेश दिये हैं तथा बस स्टाप तुलसीपुर एवं बलरामपुर दोनों स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि का समुचित प्रबन्ध करने के साथ ही चालक एवं परिचालक द्वारा श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित कराने के आदेश दिये हैं। प्राइवेट बस मालिकों को भी संवेदनशील करने तथा श्रद्धालुओं से अधिक किराया वसूलने की शिकायत पर उनकी परमिट निरस्त करने के लिए एआरटीओ द्वारा संस्तुति सहित पत्रावली जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।


इसके अतिरिक्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बलरामपुर प्रतिदिन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आम जनमानस के आवागमन का मूल्यांकन करेंगे तथा इस हेतु आवश्यक कार्यवाही के सम्बन्ध में उच्चाधिकारी को सूचित करेंगें। विदित हो कि बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं द्वारा आवागमन के लिए ट्रैक्टर-ट्राली का भी प्रयोग किया जाता है जिससे उनकी सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगता है। इसके लिए पुलिस और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी समुचित कार्यवाही अनिवार्य रूप से करेंगें।

जिला आबकारी अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री कदापि न होने पावे। उनके द्वारा नियमित रूप से इसकी चेकिंग की जाएगी। मेले के दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हों इसके लिए जिला मजिस्ट्रेट द्वारा वृहद आदेश जारी किया गया है जिसके अन्तर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि अस्पताल प्रत्येक दशा में 24 घण्टे खुले रहेंगे। यथा आवश्यक एम्बुलेंस भी मेला परिसर में लगायी जायेगीं जिसमें चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ एवं पर्याप्त दवाओं की व्यवस्था रहेगी। 24 घण्टे 108 एवं 102 नम्बर की एम्बुलेंस सेवा चालू रहेगी।



### नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** वासंतिक नवरात्र के पहले दिन घरों व देवी मंदिरों में मां भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई ।लोगों ने घरों में कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू किया। विदित हो कि वासंतिक नवरात्र से हिंदू नव वर्ष का प्रारंभ होता है। इस दौरान शुरू के 9 दिनों में जगत जननी मां जगदंबा के 9 स्वरूपों की पूजा श्रद्धालु विधि विधान से करते हैं ।कई लोग 9 दिन का व्रत भी रखते हैं। पहले दिन मंगलवार को घरों तथा देवी मंदिरों में माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की कलश स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना शुरू की गई ।भोर पहर से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई ।डीएम बलरामपुर अरविंद कुमार सिंह ने देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर पहुंचकर परिवार सहित मां पाटेश्वरी का दर्शन पूजन किया ।साथ ही साथ वह वहां पर लगने वाले राजकीय नवरात्र मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने माता को मेले की व्यवस्था चाक चौबंद रखने का निर्देश भी दिया।



देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी का दर्शन पूजन करते श्रद्धालु।

# ट्रॉली में घुसे 3 बाइक सवार, तीनों की मौत

**दुर्घटना**

- देहात कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे 730 पर हुआ हादसा
- परिजनों में कोहराम, गांव में फैला मातमी सन्नाटा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** देहात कोतवाली क्षेत्र में गिधरैया तहसील के पास एनएच 730 पर तेज रफ्तार तीन बाइक सवार युवक बालू लदी ट्रॉली से टकरा गए। मौके पर तीनों की मौत हो गई। बाइक ट्रॉली में फंस गई। हड़बड़ाहट में चालक वाहन लेकर भागने लगा। ट्रॉली में फंसी बाइक करीब एक किलोमीटर तक घिसटती रही। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बालू लदी ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकवा निवासी अशोक मिश्रा ने बताया कि उनके गांव के तीन युवक अंकित पांडे (24), विशू पांडे (18) तथा विजयपाल उर्फ छोटू वर्मा (17) गत सोमवार रात श्रावस्ती थाना अंतर्गत खरगूपुर गांव में मड़ाई के बाद गेहूं का भूसा आदि रखने गए थे। रात करीब 12:00 बजे तीनों काम खत्म कर बाइक से गांव लौट रहे थे। गिधरैया तहसील के पास तेंदुआ मोड़ पर एक बालू लदी ट्रॉली खड़ी थी। बताया जा रहा है कि उसका चालक चाय पी रहा था। इसी बीच तीनों बाइक सवार ट्रॉली से टकरा गए। आसपास के लोगों ने तीनों युवकों को जिला मेमोरियल चिकित्सालय पहुंचाया। परीक्षण के बाद डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह पुलिस ने तीनों मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ट्रॉली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। देहात कोतवाल दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। उधर तीनों युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।



बलरामपुर के चकवा गांव में रोते-बिलखते मृतकों के परिजन। अमृत विचार

# एआरपी ने शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

**मगहर, संतकबीरनगर।** विकास खण्ड खलीलाबाद क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर उर्फ निचौरा में मंगलवार को प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह की देखरेख में बीआरसी खलीलाबाद से आए एआरपी शरदेंदु प्रकाश पांडेय ने विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षण कार्य की बारीकियों से रूबरू कराने के साथ ही विद्यालय के बच्चों को शिक्षण कार्य के माध्यम से विभिन्न विषयों को कैसे आसानी से पढ़ व समझ सकते हैं इसकी बारीकियां समझाया। इस दौरान विद्यालय में शुरू हुए स्मार्ट क्लासेज से बच्चों को रूबरू भी कराया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि शैक्षिक अनुसमर्थन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये आवश्यक तैयारी के साथ ही नवीन नामांकन हेतु घर घर जाकर लोगों से सम्पर्क किया जाय। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षण योजना तैयार करने तथा शिक्षण सहायक सामग्री के प्रयोग से शिक्षण कार्य को कैसे प्रभावी बनाया जा सकता है इसके लिये उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी भी दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार, किरन चौधरी, शशि प्रभा सिंह, संजय कुमार, अनुदेशक और रसोइया समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


### मां समय जी मंदिर पर भक्तों ने किया दर्शन और पूजन



ब्राह्मणों में दान दक्षिणा वितरित करते डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी।

**संतकबीरनगर।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंगलवार को वातावरण देवी दुर्गा मय हो गया। प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना में लीन भक्तों के जयकारों और घंटे घड़ियालों से वातावरण गूंज उठे। विभिन्न मंदिरों और गांवों में श्रीराम कथाओं का भी आयोजन शुरू हो गया है। नौ दिनों तक व्रत रखने वाले भक्तों ने अपने घरों पर कलश स्थापना कराकर स्वयं या विद्वान ब्राह्मणों के माध्यम से दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू कराया। भक्तों की सर्वाधिक भीड़ खलीलाबाद स्थित मां समय जी मंदिर पर देखी गई। मंगलवार की दोपहर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ समय माता का दर्शन करने पहुंचे समाजसेवी और सूर्या समूह के प्रबन्ध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर के पुजारियों, ब्राह्मणों और गरीबों में वस्त्र, फल और नगदी वितरण कर सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### देश को लेबर कंट्री बनाना चाहती है मोदी सरकार : टिकैत



मगहर में पत्रकारों से बातचीत करते राकेश टिकैत। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी राकेश टिकैत ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी पं. जनार्दन मिश्र के मगहर स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए राकेश टिकैत टिकैत ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश को लेबर कंट्री बनाना चाहती है। किसानों की बेशकीमती जमीनें बेहद सस्ती दरों पर उद्योगपतियों को उपहार में दे दी जा रही हैं। देश के किसानों को एमएसपी की गारंटी नहीं दी जा रही है। बिचौलिए किसानों की खून पसीने की कमाई पर डाका डाल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। लेकिन देश के किसानों के बर्बादी की कीमत पर विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसान भारत की आत्मा है और देश की आत्मा पर चोट किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। श्री टिकैत ने कहा कि देश और प्रदेश में सड़कों और उद्योगों के लिए किसानों की जमीनें अधिग्रहित की जा रही हैं और किसानों को मुआवजा तक नहीं दिया जा रहा है। संतकबीरनगर जिले में भी सैकड़ों किसानों को जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। ऐसी स्थितियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन शीघ्र ही आंदोलन का बिगुल बजाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन का चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है। इस मौके पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी पं. जनार्दन मिश्र, सुभाष चन्द्र किसान, गोरखनाथ, विश्वनाथ, केशरी नन्दन समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**तैयारी** 40 .5 हेक्टेयर जमीन किसानों से एयरपोर्ट के लिए की जाएगी अधिग्रहित

# एयरपोर्ट विस्तार के लिए 11 किसानों ने जमीन का किया बैनामा

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** बलरामपुर के समेकित विकास के लिए नवरात्र के पावन पर्व पर विगत 10 माह से चल रहे प्रयासों में एक और सफल कड़ी जुड़ गई है। मेडिकल कॉलेज, रिंग रोड, विश्वविद्यालय की सफलता मिलने के बाद सोहेलवा ईको टूरिज्म, टाइगर रिजर्व, सांस्कृतिक एवं धार्मिक टूरिज्म तथा जनपद को देश-विदेश से कनेक्ट करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में एक और कामयाबी की इबारत मंगलवार को लिखी गई। श्रावस्ती-बलरामपुर कॉमन एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए जनपद बलरामपुर में जमीन के बैनामे का कार्य मंगलवार को प्रारम्भ हो गया।



बलरामपुर में एयरपोर्ट विस्तार के लिए बैनामा करने वाले किसानों के साथ मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

मंगलवार को बैनामे का शुभारंभ हुआ जिसमें पहले दिन ग्राम प्रधान सहित 11 कृषकों से उनकी जमीन का बैनामा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की उपस्थिति में कराया गया तथा बैनामें की धनराशि उनके बैंक खाते में भेज दी गई। बैनामा होते ही जनपद का विकास की मुख्य धारा से जुड़ना चरितार्थ हो गया।

अब शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी देवी मन्दिर तुलसीपुर आने वाले श्रद्वालु भी हवाई सफर का आनन्द ले सकेगें। चूंकि श्रावस्ती-बलरामपुर कॉमन एयरपोर्ट कलेक्ट्रेट, जिला मुख्यालय और निर्माणाधीन यूनिवर्सिटी से मात्र कुछ ही दूरी पर है, इसलिए मुख्यालय से कनेक्टिविटी का भरपूर लाभ जनपदवासियों एवं मां पाटेश्वरी देवी मन्दिर आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा ।एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए लगभग 350 कृषकों से 40.5 हेक्टेयर जमीन का बैनामा कराया जाना है ।डीएम अरविंद सिंह ने अपर जिलाधिकारी सेसमस्त आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण कराते हुए कृषकों से बैनामा शुरू कराने का निर्देश दिया है।

श्रावस्ती-बलरामपुर कॉमन एयरपोर्ट चालू हो जाने से जहां एक ओर बौद्ध तपोस्थली आने वाले पर्यटकों व अनुयायियों को हवाई सेवा मिलेगी वहीं प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मन्दिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी हवाई सेवा का लाभ मिल सकेगा। श्रावस्ती एयरपोर्ट का बलरामपुर में विस्तार होने से जनपद में धार्मिक पर्यटन को वृहद स्तर पर बढ़ावा मिलेगा तथा होटल इत्यादि निर्माण के साथ विकास के नये द्वार भी खुलेगें।

# बदली अयोध्या तो बदल गया सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित

## मंदिर आंदोलन के विरोध ने बढ़ाई सपा की ताकत, अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग ने दिखाई बसपा को नई राह


राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** अयोध्या बदलने लगी तो सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित भी बदल गया। लगभग डेढ़ दशक से दोनों दलों के वोटों में गिरावट लगातार जारी है। इस चुनाव में क्या होगा यह तो समय बताएगा लेकिन दोनों दलों के प्रदर्शन पर सबकी निगाहें है।

उत्तर प्रदेश में दोनों दलों को ऊर्जा अयोध्या से मिली। समाजवादी पार्टी का जन्म ही अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से हुआ। विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद 1992 में सपा का गठन हुआ। जैसे-जैसे विरोध के स्वर तेज हुए अल्पसंख्यकों का साथ बढ़ता गया। जातीय सियासत और आंदोलन के विरोध ने सपा को फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता से देश में 36 सीटें जीतने का रिकॉर्ड बना दिया। सीटों की दृष्टि से सपा लोकसभा चुनाव 2004 में अपने शीर्ष पर रही, जब उसने महज 4.32 फीसदी वोट के साथ 36 सीटें जीती।

बसपा की स्थापना तो 14 अप्रैल 1984 में ही हो गई थी, लेकिन अयोध्या (अविभाजित फैजाबाद) में नब्बे के दशक से शुरू हुई बसपा की सोशल इंजीनियरिंग ने उसे भी प्रदेश की सत्ता शीर्ष तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता में तो वह बाद में आई लेकिन अपनी ताकत का अहसास कराना 2004 से ही शुरू करा दिया था। सन् 2004 के लोकसभा चुनाव में 5.33 फीसदी वोट के साथ बसपा ने 19 सीटें जीती। यह दौर बसपा और सपा का था। सन् 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। सन् 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 21 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। बसपा को इस चुनाव अब तक के सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी वोट प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश की सत्ता के साथ ही बसपा की ताकत घटने का दौर भी शुरू हो गया।





सन् 2009 के चुनाव में सपा अपना सन् 2004 के लोक सभा चुनाव का पुराना प्रदर्शन तो नहीं दोहरा पाई लेकिन लगभग 5.8 फीसदी वोटों के साथ उसने 22 सीटें जीती। 2012 का विधानसभा चुनाव आते-आते सपा की ताकत चरम पर पहुंच गई। सपा ने बसपा से सूबे की सत्ता छीन ली और यूपी की सत्ता पर काबिज हो गई। वोटों के लिहाज से इक्कीसवीं शताब्दी के पहले 12 साल प्रदेश में इन्ही दोनों दलों को सिक्का चला। कभी साथ चले तो कभी एक-दूसरे को पटकनी देने के लिए चरम के वाकयुद्ध तक पहुंच गए। इस दौर में वोटों का ध्रुवीकरण कुछ इस तरह हुआ कि यूपी में सत्ता संघर्ष के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर आमने-सामने रहीं। सन् 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली सपा और 2009 में अपना बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा के शताब्दी के दूसरे दशक से फिर उसे दोहराने का प्रयास ही करती रह गई। इनके वोटों में गिरावट का दौर थमा नहीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा अपने 4.2 फीसदी वोट को सीट में नहीं तब्दील कर पाई लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 3.66 फीसदी वोट को ही उसने 10 सीटों में तब्दील किया, लेकिन सपा उछाल नहीं भर पाई। वह इन दोनों चुनावों में 3.44 फीसदी और 2.55 फीसदी वोट पाने के बावजूद पांच ही सीटों पर स्थिर रह गई।

इसके पीछे कारण राम मंदिर आंदोलन, ध्रुवीकरण और जातीय सियासत ही रही। सन् 2014 का लोकसभा चुनाव आते आते सियासी परिदृश्य बदलने लगा। सियासत की अंतरधारा में राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की बजाए अंदरखाने में मोदी के नेतृव में मंदिर निर्माण शुरू कराने की ऐतबार जागृत करने का प्रयास शुरू हो गया। भाजपा ने इसके जरिए सूबे में बसपा की सोशल इंजीनियरिंग की धार कुंद करनी शुरू कर दी। जातीय समीकरण छिन्न-भिन्न होने लगा। सपा का आंदोलन विरोध धीमा पड़ने लगा। सत्ता के दौरान कानून व्यवस्था मुद्दा बनने लगा तो उसके वोट भी तितर-बितर हो गए। परिणाम रहा कि सन् 2014 में भाजपा के सामने दोनों दल टिक नहीं पाए। सन् 2019 का लोक सभा चुनाव आते-आते फिर एक बार राम मंदिर पर लगातार सुनवाई और फैसले की सुगबुगाहट ने सियासी माहौल को बदले रखा। मशक्कत के बाद भी सपा-बसपा भाजपा की बढ़त को रोक नहीं पाए।

**सपा-बसपा को लोकसभा चुनावों में मिले वोटों का प्रतिशत**

| साल | बसपा | सपा |
|---|---|---|
| 1996 | 4.02 | 3.28 |
| 1998 | 4.67 | 4.93 |
| 1999 | 4.16 | 3.8 |
| 2004 | 5.33 | 4.32 |
| 2009 | 6.17 | 5.8 |
| 2014 | 4.19 | 3.4 |
| 2019 | 3.66 | 2.55 |

# मिलता-जुलता चुनाव चिन्ह बदला जाये : रालोद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**मांग**

- लोकसभा सीट बिजनौर में गैस सिलेंडर में निकले पाइप को लेकर आयोग को रालोद ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट बिजनौर में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में वितरित किये जा रहें बैलेट पेपर की डमी पर रालोद ने ज्ञापन देकर आपत्ति दर्ज कराई है। रालोद ने निर्वाचन आयोग से चुनाव चिन्ह हैंडपंप के ऊपर मिलता जुलता गैस सिलेंडर में पाइप चुनाव निशान का क्रम या चुनाव चिन्ह बदलने की मांग की गई है ।

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष मतदान कराने सम्बन्धित ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा है कि सर्वे हेतु बैलेट पेपर द्वारा जनमत भारत में अंकित हैंडपंप चुनाव चिन्ह के ऊपर जय समता पार्टी के चुनाव निशान गैस सिलेंडर, ठीक हैण्डपम्प से मिलता जुलता छापा गया है। उक्त सिलेंडर में पाइप निकाला गया है जिससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लोकसभा बिजनौर के बैलेट पेपर की क्रम संख्या-तीन के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर का क्रम बदलने व चुनाव चिन्ह सिलेंडर से पाइप हटाने के आदेश दिये जाने की मांग की है।

# नारी शक्ति का 'वंदन' नहीं दिख रहा चुनाव में

## पहले व दूसरे चरण के चुनाव में महिला प्रत्याशियों की संख्या कम, ज्यादातर दलों ने दी पुरुष प्रत्याशियों को तरजीह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव 2024 में राजनीतिक दलों ने महिला प्रत्याशियों को टिकट देने में ज्यादा रूचि नहीं दिखाई है। पहले व दूसरे चरण की आठ-आठ सीटों पर उतारे गये प्रत्याशियों में महिला प्रत्याशियों की संख्या केवल चार है। ज्यादातर सीटों पर दलों ने जातीय व क्षेत्रीय आधार पर प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं।

केंद्र सरकार ने बीते साल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने वाला नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पेश किया था, जिसे राष्ट्रपति से मंजूरी मिल चुकी है, पर तकनीकी वजहों से फिलहाल अभी यह लागू नहीं हो पाया है, पर महिलाओं में यह उम्मीद थी कि इस चुनाव में सभी राजनीतिक दल महिलाओं को प्रत्याशी बनाने में रूचि दिखाएंगे, पर किसी दल से ऐसा नहीं किया। ज्यादातर सीटों पर पुरूष प्रत्याशी लोकसभा में जाने के लिए अपनी किस्मत अजमा रहे हैं।

### पहले चरण की सीटें

रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना



**रामपुर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- घनश्याम सिंह लोधी
सपा- मोहिबुल्लाह नदवी
बसपा- जीशान खां

**सहारनपुर सीट के प्रत्याशी**
बसपा- माजिद अली
कांग्रेस-इमरान मसूद
भाजपा-राघव लखन लाल शर्मा

**पीलीभीत सीट के प्रत्याशी**
भाजपा-जितिन प्रसाद
सपा-भगवत शरण गंगवार
बसपा अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू

**नगीना सीट के प्रत्याशी**
बसपा- सुरेंद्र पाल सिंह
भाजपा- ओम कुमार
सपा- मनोज कुमार

**बिजनौर सीट के प्रत्याशी**
राष्ट्रीय लोकदल- चंदन चौहान
सपा-दीपक
बसपा-विजेंद्र सिंह

**मुरादाबाद सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- सर्वेश सिंह
सपा- रुचि वीरा
बसपा- इरफान सैफी

**मुजफ्फरनगर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- संजीव बालियान
सपा- हरेंद्र मलिक
बसपा- दारा सिंह प्रजापति

**कैराना सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- प्रदीप कुमार
सपा- इकरा हसन
बसपा- श्रीपाल सिंह

### दूसरे चरण की सीटें

अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा

**अमरोहा सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- कंवर सिंह तंवर
कांग्रेस- कुंवर दानिश अली
बसपा- मुजाहिद हुसैन

**मेरठ सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- अरूण गोविल
बसपा- देवव्रत कुमार त्यागी,
समाजवादी पार्टी- अतुल प्रधान

**बागपत सीट के प्रत्याशी**
सपा- मनोज चौधरी
बसपा- प्रवीण बंसल
रालोद- राजकुमार सांगवान


**गाजियाबाद सीट के प्रत्याशी**
बसपा- नन्द किशोर पुण्डीर
भाजपा- अतुल गर्ग
कांग्रेस- डाली शर्मा

**गौतमबुद्धनगर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- डॉ महेश शर्मा
सपा- महेंद्र सिंह नागर
बसपा- राजेंद्र सिंह सोलंकी

**बुलन्दशहर (अजा) सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- डॉ भोला सिंह,
बसपा- गिरीश चन्द्र
कांग्रेस- शिवराम वाल्मीकि


**अलीगढ़ सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- सतीश कुमार गौतम
सपा- बिजेन्द्र सिंह
बसपा- हितेन्द्र कुमार

**मथुरा सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- हेमा मालिनी
कांग्रेस- मुकेश धनगर
बसपा- सुरेश सिंह




# आईना : बाराबंकी लोकसभा सीट

**2019 चुनाव का लेखा जोखा**




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| उपेन्द्र सिंह रावत | 5,35,917 |
| राम सागर रावत | 4,25,777 |
| तनुज पुनिया | 1,59,575 |

**2014 में किसको कितने वोट**




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रियंका सिंह रावत | 4,54,214 |
| कांग्रेस | पन्ना लाल पुनिया | 2,42,336 |
| बसपा | कमला प्रसाद रावत | 1,67,150 |
| सपा | राज रानी रावत | 1,59,284 |

**निर्वाचित सांसदों की सूची**


| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | गंगा देवी | कांग्रेस |
| 1957 | राम सेवक यादव | निर्दल |
| 1962 | राम सेवक यादव | एसओसी |
| 1967 | आर एस यादव | एसएसपी |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | राम किंकर | बीएलडी |
| 1980 | राम किंकर | आईएनपी( एस) |
| 1984 | कमला प्रसाद | कांग्रेस |
| 1989 | राम सागर | जेडी |
| 1991 | राम सागर | जेपी |
| 1996 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | बैजनाथ रावत | भाजपा |
| 1999 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | कमला प्रसाद | बीएसपी |
| 2009 | डॉ .पीएल पुनिया | कांग्रेस |

**बाराबंकी के क्षेत्र**




| | | |
|---|---|---|
| 2014 | प्रियंका सिंह | भाजपा |
| 2019 | उपेंद्र सिंह रावत | भाजपा |

**2009 चुनाव के आंकड़े**




# 17 लोकसभा चुनाव, 7 बार 50 फीसदी से कम वोटर पहुंचे बूथ

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

- **2019 में बना कीर्तिमान, 1951 में सबसे कम हुआ मतदान**
- **स्थानीय प्रशासन ने 70 फीसदी से ज्यादा मतदान का बनाया लक्ष्य**

**अमृत विचार :** आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाराबंकी के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव पर ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वहीं 2019 में यहां के वोटरों ने अब तक के सबसे ज्यादा मतदान कर कीर्तिमान स्थापित किया।

इस बार भी प्रशासन 2019 का रिकार्ड तोड़ने के लिए भरपूर प्रयास में लगा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इस बार 70 फीसदी से ज्यादा मतदान कराने का लक्ष्य बनाया है। वर्ष 1951 के चुनाव में मात्र 34.10 प्रतिशत ही मतदाता बूथ पर पहुंचे थे। लेकिन दूसरे लोकसभा चुनाव में वर्ष 1957 में जरुर मतदान प्रतिशत बढ़ा और 44.91 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

1967 में वोटरों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। और 53.97 प्रतिशत मतदान कर अपने सांसद का चुनाव किया। वही अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में सात बार जिले के 50 प्रतिशत से कम लोग बूथ तक मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। वहीं सबसे अधिक मतदान वर्ष 2019 में हुआ था। इस चुनाव में 63.5 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों पर पहुंच कर मतदान किया था। जो कि अब तक का कीर्तिमान बना हुआ है।

> मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। 20 मई को घर से निकल अपने बूथ पर जाकर पहले मतदान करें इसके बाद कोई दूसरा काम करें।
>
> -सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

**लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत**

| चुनाव वर्ष | प्रतिशत | चुनाव वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1951 | 34.10 | 1989 | 52.59 |
| 1957 | 44.91 | 1991 | 51.19 |
| 1962 | 53.97 | 1996 | 46.23 |
| 1967 | 46.79 | 1998 | 52.59 |
| 1971 | 35.38 | 1999 | 57.93 |
| 1977 | 50.72 | 2004 | 44.47 |
| 1980 | 47.59 | 2009 | 52.30 |
| 1984 | 55.93 | 2014 | 62.00 |
| | | 2019 | 63.05 |

# सुलतानपुर में पंत व कैप्टन के पंजे से फिसल गई थी जीत

## स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे पर दोनों नेताओं को मिली थी शिकस्त, गनपत सहाय ने निर्दलीय के रूप में लहराया जीत का परचम


मनोज कुमार मिश्र

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** सुलतानपुर के मतदाताओं ने कई चुनावों में बेहद रोचक नतीजे दिए हैं। स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे ने जहां गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्णचन्द्र पंत को धूल चटा दी। वहीं कैप्टन सतीश शर्मा को भी शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

कृष्णचन्द्र पंत को जिले के मशहूर अधिवक्ता गनपत सहाय ने हरा दिया। कैप्टन सतीश शर्मा को मो. ताहिर खान से मुंह की खानी पड़ी। कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। बाहरी और स्थानीय उम्मीदवार की लड़ाई का सबसे दिलचस्प नजारा इस सीट पर 1961 के उपचुनाव में देखने को मिला था। उस उपचुनाव की चर्चा से पहले इस सीट की सियासी पृष्ठभूमि देखना होगा। अमेठी नाम से संसदीय सीट के सृजन से पहले सुलतानपुर जिले में दो संसदीय सीटें थीं। 1951-52 के पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट का नाम था सुलतानपुर जिला उत्तर साथ फैजाबाद जिला दक्षिण पश्चिम। अमेठी सीट पहले चुनाव में सुलतानपुर (दक्षिण) और 1957 के दूसरे चुनाव में मुसाफिरखाना संसदीय क्षेत्र कहलाई।



कृष्णचन्द्र पंत



कैप्टन सतीश शर्मा

कांग्रेस ने दोनों ही चुनावों में दोनों ही सीटों पर बाहरी उम्मीदवार दिए और वे जीते। पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट पर इलाहाबाद के एडवोकेट एमए काजमी कामयाब रहे। उन्हें 46,901 और सुरेंद्र प्रताप शाही (आरआरपी) को 27,324 वोट मिले थे।

1957 में इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार थे पंडित मदन मोहन मालवीय के पुत्र गोविंद मालवीय। उनके विरुद्ध भारतीय जनसंघ के भास्कर प्रताप शाही चुनाव लड़ें थे। सफल मालवीय को 72,227 और निकटतम प्रतिद्वंद्वी शाही को 49,394 मत प्राप्त हुए। इन दोनों मौकों पर अमेठी सीट (पहले सुलतानपुर दक्षिण और फिर मुसाफिरखाना) में कांग्रेस ने महाराष्ट्रवासी बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर को उम्मीदवार बनाया था। केसकर दोनों बार जीते और पंडित नेहरू कैबिनेट में भी शामिल किए गए और लम्बे समय तक सूचना प्रसारण मंत्री रहे। जिले की दोनों सीटों पर बाहरी प्रत्याशी थोपे जाने से खासतौर पर कांग्रेसी खेमे में असंतोष था। पंडित गोविंद मालवीय के असामयिक निधन के कारण 1961 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने फिर परंपरा दोहराई। इस बार उसकी ओर से उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और बाद में केंद्र में गृहमंत्री रहे पंडित गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्ण चंद्र पंत को उम्मीदवार बनाया गया। जिले के दिग्गज कांग्रेसी नेता और मशहूर एडवोकेट बाबू गनपत सहाय विद्रोही निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे। वह सुलतानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष, पालिकाध्यक्ष व विधायक रह चुके थे। अधिवक्ता भी थे और उनकी जनता में खासी पकड़ थी। यह पंडित नेहरू और कांग्रेस के वर्चस्व का दौर था, लेकिन कड़े मुकाबले में बाबू गनपत सहाय ने जीत दर्ज करके प्रदेश और केंद्र में हलचल मचा दी थी। इस उपचुनाव में बाबू गनपत सहाय को 37,785 और पंत को 36,656 वोट मिले थे। इस नतीजे का असर यह रहा कि 1962 के चुनाव और बाद के कुछ चुनावों में जिले की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवारों से परहेज किया। हालांकि, कुछ समय के बाद फिर से चुनावी सियासत उसी पुराने ढर्रे पर लौट गई। अब बात करते हैं नेहरू गांधी परिवार के खासमखास कैप्टन सतीश शर्मा की।

कांग्रेस ने 2004 में कैप्टन साहब को सुलतानपुर सीट पर उतारा। बड़े-बड़े दिग्गज यहां प्रचार को आए। कैप्टन की बेटी सारिका शर्मा से लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी कार्यकर्ताओं में दम भरा। खूब खर्चे भी हुए। पर, नतीजा आया तो कांग्रेसी खेमे में मायूसी छा गई। इस चुनाव में कैप्टन सतीश शर्मा तीसरे नंबर पर रहे। बसपा से चुनाव मैदान में उतरे स्थानीय चेहरे मो. ताहिर खां के सिर पर जीत का सेहरा सजा। मो. ताहिर 2,61,564 वोट पाकर सांसद बन गए। दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1,59,754 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा को 1,54,245 मत ही प्राप्त हो सके।

**सन- 1961 (उपचुनाव)**

| | | |
|---|---|---|
| बाबू गनपत सहाय | निर्दलीय | 37,785 |
| कृष्णचंद्र पंत | कांग्रेस | 36,656 |

**वर्ष : 2004**

| | | |
|---|---|---|
| मो . ताहिर | बसपा | 2,61,564 |
| शैलेंद्र प्रताप सिंह | सपा | 1,59,754 |
| कैप्टन सतीश शर्मा | कांग्रेस | 1,54,245 |
| वीणा पांडेय | भाजपा | 91328 |

## चुनावी गतिविधियां

- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट व पेपर वास्तविक यूनिट व पेपर से अलग होने चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने इस सिलसिले में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों से बनी हो सकती है, जो अधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है। उन्होंने बताया कि डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है।

नगीना लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश की 17 आरक्षित सीटों में शामिल है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह सीट वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अस्तित्व में आई थी। नगीना क्षेत्र बिजनौर जिले की तहसील है। पहले यह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा था। इस लोकसभा सीट के तहत आने वाले नजीबाबाद को 'गेटवे ऑफ हिमालय' पुकारा जाता है। नगीना की गिनती आज दलित राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में की जाती है। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद हुए तीन चुनावों में इस सीट पर किसी एक दल को जीत नहीं मिली है। 2009 में यहां से सपा जीती तो 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने कमल खिलाया था। 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ और यह सीट बसपा के खाते में आई तो बसपा ने भाजपा को हरा दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगीना के 16 लाख 38 हजार से अधिक मतदाता इस बार के चुनाव में 19 अप्रैल को किस राजनीतिक दल की अंगूठी की शोभा बढ़ाने के लिए मतदान करेंगे।

# किस दल की अंगूठी में सजेगा इस बार नगीना


मनोज त्रिपाठी


**अमृत विचारः** नगीना लोकसभा सीट इस बार बसपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। पार्टी यहां 2019 में मिली जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन उसके सामने भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों से बड़ी चुनौती भीम आर्मी चीफ तथा आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद हैं, जो उसके ही वोट बैंक पर ताल ठोंक रहे हैं। आजाद बीते एक साल से इस सीट से लोकसभा में पहुंचने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्हें वाई श्रेणी सुरक्षा मिली हुई है। आजाद की चुनौती से निपटने के लिए ही बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने तीन दिन पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज यहां से किया और पहली ही रैली में चंद्रेशखर आजाद पर दलित युवकों को गुमराह करने, झगड़ा करवाने, मदद से पीछे हटने और उनका करियर बर्बाद करने जैसे आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला। आकाश आनंद ने नाम लिए बिना कहा कि वो दलित युवकों को आंदोलनों, प्रदर्शनों और झगड़ों में ले जाते हैं, इसके चलते युवाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। बाद में नेता मदद के नाम पर गायब हो जाते हैं। युवकों को मुकदमों के कारण सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती। बहन जी इस तरह का कल्चर कतई पसंद नहीं करती हैं। दरअसल नगीना में मुस्लिम और दलित मतदाता कुल वोटरों के आधे से ज्यादा हैं। दलित के साथ मुस्लिम मतदाता पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर बसपा को पसंद करते हैं, उनमें नगीना प्रमुख है। ऐसे में नगीना सुरक्षित सीट पर सभी प्रत्याशी दलित वोटों की सेंधमारी में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह वोट जिधर मुड़ जाएंगे, उस पार्टी के प्रत्याशी की जीत आसान होने की संभावना है। दलित वोटों के इस घमासान के बीच बसपा और आजाद समाज पार्टी मुस्लिम मतदाताओं से भी अपने पक्ष में उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि सपा यह मानकर चल रही है कि मुस्लिम वोटर उसके प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेंगे। इन परिस्थितियों में नगीना सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने के आसार हैं।


**पिछले तीन चुनावों में जनता ने हर बार नया दल और नया सांसद चुना**


- सपा-बसपा की राह में बड़ा कांटा बनते नजर आ रहे हैं चंद्रशेखर आजाद
- मुस्लिम-दलित बाहुल्य सीट पर वोटों के बंटवारे से भाजपा के लिए मौका




**विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | पुरुष | महिलाएं | अन्य | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| नजीबाबाद | 186699 | 165469 | 19 | 352187 |
| नगीना (सु.) | 185663 | 164416 | 12 | 350091 |
| धामपुर | 161460 | 142520 | 18 | 303998 |
| नहटौर (सु.) | 162497 | 144680 | 04 | 307181 |
| नूरपुर | 172951 | 151912 | 09 | 324872 |

**पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज**

नगीना लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से नगीना, नजीबाबाद और नूरपुर सीट पर समाजवादी पार्टी काबिज है। जबकि धामपुर और नहटौर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

## प्रत्याशी प्रोफाइल

### ओम कुमार – भाजपा



भाजपा प्रत्याशी विधायक ओम कुमार नगीना लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नहटौर विधानसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। वर्ष 2012 में नहटौर सीट अस्तित्व में आई थी, तभी से वह इस पर काबिज हैं। एक बार बसपा तो दो बार भाजपा से विधायक चुने गए हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण इलाके में उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।



### चंद्रशेखर आजाद - आजाद समाज पार्टी

युवा चेहरा हैं। दलित युवाओं में अच्छी पैठ है। मुस्लिमों के बीच भी कुछ प्रभाव रखते हैं। जाटव बिरादरी से आते हैं। भीम आर्मी बनाकर शोषित-वंचित समाज की आवाज उठानी शुरू की। चार साल पहले आजाद समाज पार्टी बनाई थी, जिसके अध्यक्ष हैं। सहारनपुर के होने के बावजूद आजाद नगीना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। सपा से बात नहीं बनने के बाद अकेले मैदान में उतरे हैं।



### सुरेंद्र पाल सिंह – बहुजन समाज पार्टी

बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल इससे पहले पार्टी के टिकट पर पुरकाजी विधानसभा से 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. वह तीसरे नंबर पर रहे थे। लोकसभा का पहला चुनाव है। स्थानीय न होना कमजोरी माना जा रहा है। इस बार बसपा का किसी से गठबंधन नहीं होने से अकेले ही पार्टी कॉडर वोट के साथ अन्य वर्गों के वोट संभालने की चुनौती है।

### मनोज कुमार –समाजवादी पार्टी



सपा ने अनुसूचित जाति से आने वाले पूर्व जज मनोज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने न्यायिक सेवा से वीआरएस लेकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की है। वह बिजनौर में ही जज के पद पर कार्यरत थे। कांग्रेस से गठबंधन के बाद नगीना सीट इस बार सपा के कोटे में आई थी। जज का पद छोड़कर राजनीति में आने के सवाल पर मनोज कुमार का कहना है कि यह वह मंच है, जहां नीतियां बनाई जाती हैं।



**लोकतंत्र का पर्व** लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता खूब मेहनत कर रहे हैं। देहरादून में महिला कार्यकर्ताओं ने हथेली पर पार्टी मेहंदी से कमल का निशान बनवाया।

## महाराष्ट्र में किसका खेल बिगाड़ेंगी बसपा सुप्रीमो



- नागपुर में कल मायावती करेंगी जनसभा, राज्य में सभी 48 सीटों पर बसपा ने उतारे हैं उम्मीदवार

**नागपुर।** नामांकन के बाद शहर व जिले में केवल महायुति व महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार ही जोरों से नजर आ रहा था लेकिन अब बसपा के कार्यकर्ता भी उत्साह व जोश से भर गए हैं। इसकी वजह, पार्टी प्रमुख मायावती का चुनाव प्रचार के लिए आना है। बसपा सुप्रीमो की सभा 11 अप्रैल को उत्तर नागपुर के बेझनबाग मैदान पर होगी। बसपा ने राज्यभर की सभी 48 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

नागपुर जिले की दोनों सीटों पर नागपुर से योगेश लांजेवार और रामटेक से संदीप मेश्राम बसपा के उम्मीदवार हैं। दोनों ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में मायावती के आने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे अब पूरे जोश से प्रचार में जुट गए हैं।

पाटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तम शेवडे ने दावा किया कि मायावती की सभा से बसपा का सोया हुआ कैडर वोट जागने वाला है और जो वोट अन्य पार्टियों की ओर डायवर्ट होते रहे हैं वे भी वापस लौटेंगे। यूपी सहित पूरे देश में बसपा के वोट का प्रतिशत घटता जा रहा है। ऐसे में मायावती ने अपने भांजे को पार्टी के संभावित चेहरे के रूप में सामने किया है। महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर उम्मीदवार दिये हैं। पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए वे खुद प्रचार-प्रसार के लिए मैदान में उतर रही हैं। नागपुर की सभा में राष्ट्रीय समन्वयक व महाराष्ट्र प्रदेश मुख्य प्रभारी सांसद राम गौतम, नितिन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर गोणारे सहित उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे। बसपा के पूरे जोश से मैदान में आने से दूसरी पार्टियों का वोट प्रतिशत भी गड़बड़ा सकता है।



**मांगा समर्थन** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की साउथ चेन्नई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो किया तो भारी भीड़ मोदी...मोदी नारे लगाती रही।

## अखिलेश पीलीभीत से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार अभियान



अखिलेश यादव।

**पीलीभीत ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव की लोकसभा चुनाव के लिए पहली रैली ईद के अगले दिन पीलीभीत में 12 अप्रैल को होगी। भाजपा ने यहां वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व मंत्री भगवतशरण गंगवार को प्रत्याशी बनाकर सामाजिक समीकरणों पर नजर गड़ाई है। यहां कुर्मी वोटरों की बहुतायत है। वरुण की उदासीनता के बीच सपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है।

## बेटे को हराने में जुटे कांग्रेस नेता एके एंटनी



अनिल एंटनी।



एके एंटनी।

**नई दिल्ली।** केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा सीट भाजपा के उम्मीदवार अनिल एंटनी के लिए उनके पिता एके एंटनी ने ही मुश्किल खड़ी कर दी है। बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में जाने से आहत कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी उन्हें हराने की मुहिम में जुट गए हैं। कुछ माह पहले ही अनिल एंटनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने भी उन्हें उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया।

बेटे पर हमलावर पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे बेटे अनिल का चुनाव हारना जरूरी है। नाराज एंटनी ने कहा कि दक्षिण केरल से चुनाव लड़ने वाले एंटो एंटनी को चुनाव जीतना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को ही खुद का धर्म बताया।

**दलित वोट बैंक** 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर लहराया था जीत का परचम, पिछली बार बसपा ने झटक ली थीं दो सीटें

# भाजपा यूपी में आरक्षित सीटों से करेगी मिशन–80 को सुरक्षित

महेश शर्मा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस का कभी परंपरागत वोट कहा जाने वाला दलित (अनुसूचित जाति) सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते इतना समझदार हो गया है कि वह अब किसी दल का वोट बैंक नहीं रहा। लेकिन उत्तर प्रदेश में दलित वोटों का भाजपा की तरफ झुकना बसपा, सपा और कांग्रेस जैसे दलों के लिए चिंता का सबब नहीं, खतरे की घंटी है कि जल्दी ही राजनीति नहीं बदली तो एक बड़े सामाजिक आधार का समर्थन खो देना तय है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसकी बानगी नजर भी आ चुकी है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार दलितों का वोट किधर जाएगा। भाजपा ने मिशन -80 का लक्ष्य पूरा करने के लिए एक बार फिर सभी 17 आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने की रणनीति बनाई है।

वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत का परचम लहरा दिया था। लेकिन पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था। सपा के साथ गठबंधन के चलते बसपा ने नगीना और लालगंज उससे छीन ली थी। भाजपा के हाथ 15 सीटें लगी थीं। इस चुनाव में फिर से भाजपा ने सभी 17 सीटों पर जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि दलित वोटों का रुझान पार्टी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। 2014 की तरह इस बार भी सुरक्षित सीटों पर भाजपा का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत रहेगा।

सुरक्षित सीटों का महत्व अनुसूचित जाति के वोटरों की पर्याप्त उपस्थिति के कारम माना जाता है। यही राज्य की कुल आबादी का 21 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। सबसे ज्यादा करीब 11 फीसदी जाटव, 3.3 फीसदी पासी, 3.15 वाल्मीकि, 1.2 गोंड, धानुक, खटिक और 1.6 फीसदी अन्य में अनुसूचित जातियां बंटी हैं। इन्हें लुभाने के लिए भाजपा ने जयंत चौधरी की आरएलडी, ओपी राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) समेत छोटे जाति आधारित समूहों को शामिल करके एनडीए का विस्तार किया है। बीते दो चुनाव देखें तो पता चलता है कि भाजपा ने गैर जाटव अनुसूचित जातियों व गैर यादव ओबीसी और ऊंची जातियों पर जमकर फोकस किया है। आमतौर पर जाटव बसपा तो यादव सपा के पक्ष में रहते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लाक सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का दम भर रहा है, लेकिन भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे दलित वोटरों को लुभाना उसके लिए आसान नहीं दिखता। बसपा पहले ही इंडिया ब्लाक से दूरी बनाकर चुनाव लड़ रही है। विश्लेषक मानते हैं कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला पर सवारी गांठने के बावजूद सपा को उन दलितों को समझाना मुश्किल होगा जो सपा के पिछले शासनकाल को अपने शत्रुतापूर्ण व्यवस्था मानते हैं।

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेब साइट के अनुसार यूपी में 66 जातियां हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षित 17 सीटों में 6 जाटव, पांच पासी, दो दुसाध, दो खटिक व दो धोबी प्रत्याशी उतारे थे। सपा-बसपा व आरएलडी गठबंधन में 10 बसपा व 7 सीटें सपा-आरएलडी को मिली थीं जिसमें बसपा ने अपने हिस्से वाली सीटों में 9 पर जाटव व एक पर पासी प्रत्याशी खड़ा किया था। सपा ने 3 पासी, एक जाटव, एक वाल्मीकि, एक कोल व एक धानुक को टिकट दिया था। दूसरी तरफ भाजपा ने 17 आरक्षित सीटों में से 16 पर अपने प्रत्याशी लड़ाए थे। एक सीट अपना दल (एस) को दे दी थी। भाजपा ने 16 में 6 पासी, 3 खटिक, 2 जाटव, एक धानुक, एक वाल्मीकि, एक गोंड, एक कोरी व एक गडेरिया जाति का प्रत्याशी उतारा था।

इनमें भाजपा के 14 प्रत्याशी जीते थे। एक सीट सहयोगी दल अपनादल (एस) ने जीती थी। इस प्रकार 17 जीते उम्मीदवारों में 06 पासी, 03 जाटव, 02 खटिक, 01 धानुक, 01 वाल्मीकि, 01 गोंड, 01 कोरी, 01 कोल और 01 गडेरिया जाति से शामिल था।

**लोकसभा की आरक्षित सीटों पर दलीय प्रदर्शन**

| वर्ष | भाजपा | बसपा | सपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 2004 | 03 | 05 | 07 | 01 | 01 |
| 200 | 02 | 02 | 10 | 02 | 01 |
| 2014 | 17 | -- | -- | -- | -- |
| 2019 | 15 | 02 | -- | -- | -- |

### विधानसभा चुनाव में सत्ता की चाबी हैं सुरक्षित सीटें

- प्रदेश की विधान सभा में कुल 86 सीटें आरक्षित हैं। इनमें दो सीटें एसटी के लिए सुरक्षित हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 65 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 सीटें हासिल की थीं। दोनों ही बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसी तरह वर्ष 2012 के चुनाव में सपा ने 58 सुरक्षित सीटें जीती थीं और प्रदेश में सरकार बनाई थी। वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा ने 61 आरक्षित सीटें जीतकर सत्ता का दरवाजा खोला था।

### इन जिलों में एक चौथाई से ज्यादा दलित आबादी

- सोनभद्र –41.92, कौशांबी –36.10, सीतापुर –31.87, हरदोई– 31.36, उन्नाव –30.64, रायबरेली –29.83, झांसी –28.07, औरैया –27.69, जालौन –27.04, बाराबंकी –26.89

### ये हैं आरक्षित 17 लोकसभा सीटें

- यूपी में 17 सुरक्षित लोकसभा सीटें नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराइच, जालौन, मोहनलालगंज, कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछली शहर, राबर्ट्सगंज और बांसगांव हैं। ये सीटें पश्चिमी से पूर्वी यूपी तक फैली हुई हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक-1000 फ्लैग-1110 डीएमओ-890 बोल्ड-1170
**चन्दौसी**- शिवालिक-1010 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |

**चावल प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |

**दाल दलहन**

| | |
|---|---|
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 2000-12500 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूँगफली का दाना | 11000-12000 |

# जीएसटी वृद्धि दर में महाराष्ट्र और गुजरात से आगे निकला उत्तर प्रदेश

## राजस्व में देश की उपलब्धि 11.7 तो यूपी की यूपी की वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** जीएसटी वृद्धि दर में भी यूपी ने महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे प्रदेश को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया है। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार यूपी की जीएसटी वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंच गई है। जबकि 2023-24 में देश के जीएसटी राजस्व में भारत सरकार की उपलब्धि 11.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस बार शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अफसरों ने बताया कि आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से महाराष्ट्र में 15 प्रतिशत, कर्नाटक में 15 प्रतिशत, तमिलनाडु में 13 प्रतिशत, गुजरात में 10 प्रतिशत, राजस्थान में 12 प्रतिशत, हरियाणा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यही नहीं नियमित वास्तविक वैट संग्रह विगत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 5.4 फीसदी अधिक हो गई है। अफसरों ने बताया कि विभाग द्वारा राजस्व चोरी रोकने के लिए सचल दल इकाइयों को सख्त किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.93 करोड़ आरोपित कर एवं अर्थडंड जमा कराया गया, जो विगत वर्ष संगत अवधि तक 498.61 करोड़ आरोपित जमा अर्थदंड से 21 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय अनुशासन इकाइयों द्वारा 874.50 करोड़ जमा कराया गया है। जो गत वर्ष मार्चतक कजमा राजस्व 439.90 करोड़ से 98.8 प्रतिशत अधिक है।

- सचल इकाइयों को सख्त कर 21 फीसदी अधिक अर्थदंड वसूला




### 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य, 73.6 फीसदी वसूली

2023-24 के लिए विभाग को 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 73.6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित प्रदेश के सभी सकल कर राजस्व की औसत लक्ष्य पूर्ति 74.3 प्रतिशत है। राज्य कर विभाग का जीएसटी एवं वैट की सम्मिलित लक्ष्य पूर्ति भी इसके समकक्ष है। सम्मिलित रूप से राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी एवं वैट के नियमित राजस्व से गत वर्ष से तुलनात्मक रुपए 14,790 करोड़ अधिक अर्थात 16.2 प्रतिशत अधिक राजस्व जमा किया गया है।

# 240 लाख एमटी आलू का उत्पादन तेज भाव से निर्यात को हुआ नुकसान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में 2023-24 में 6.96 लाख हेक्टेयर में 240 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ है। इसमें 136 लाख मीट्रिक टन (77 फीसद) कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित हो चुका है। लेकिन, बाजार में आलू की उपलब्धता न होने के कारण भाव तेज है। इस वजह से कोल्ड स्टोर बंद नहीं हो पाए कि किसान आलू का भंडारण करने के साथ निकासी कर उत्तर प्रदेश के अलावा चेन्नई, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तिरुवनंतपुरम, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में बेचने लगे हैं। यहां अच्छे दाम मिलता देख निर्यात पर जोर नहीं है। बढ़े भाव की वजह इस बार आलू का कम उत्पादन होना और पिछले वर्ष कम दाम के कारण डंप न होना है। जबकि पिछले वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर में 242 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना है।



- दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना

### वर्तमान में आलू का भाव

थोक : 850-1100 रुपये (55 किलो पैकेट)
फुटकर : 20-25 रुपये किलो

### कानपुर, आगरा और अलीगढ़ में अधिक पैदावार

आगरा मंडल में 46 लाख, कानपुर मंडल में 32.24 लाख व अलीगढ़ मंडल में 18.91 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण हुआ है। इन मंडलों में अधिक पैदावार हुई है। जबकि सहारनपुर में 50,281, मेरठ 5,23,827, बरेली 6,42,284, मुरादाबाद 5,15,734, प्रयागराज 4,83,660, झांसी 11,172, चित्रकूट 1048, वाराणसी 2,37,764, मिर्जापुर 4,865 व आजमगढ़ मंडल में 65,620 एमटी भंडारण हुआ है।

आलू का भाव तेज है। इसलिए किसान शुरुआत से ही बिक्री में लगे हैं। पिछले वर्ष से कम उत्पादन हुआ है, जिससे पूरे वर्ष अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। **-कौशल कुमार नीरज**
उप निदेशक (आलू) उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 793 (अनुमानित) |

# मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग की नई भर्तियों की मंशा 3% गिरी

मुंबई, एजेंसी

- समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा में सालाना 6% की बढ़त

चालू साल की पहली छमाही में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में पढ़ाई कर निकले युवाओं को भर्ती करने की मंशा में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।

टीमलीज एडटेक की तरफ से जनवरी-जून 2024 के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं की भर्ती करने के मामले में अन्य उद्योगों के उलट रुझान दिखा रहा है। अगर समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा को देखें तो इसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह रिपोर्ट देश के 18 विभिन्न उद्योगों से संबंधित 526 छोटी, मझोली एवं बड़ी कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भर्ती के रुझान में भी शहरों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकताएं पाई गईं। वीडियो संपादन में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दिल्ली का दबदबा रहा जबकि बेंगलुरु 23 प्रतिशत के साथ उत्पादन सहायकों में आगे है।

# सेंसेक्स ने 75,000 अंक को किया पार, निफ्टी ने भी उच्चस्तर छुआ

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# विनिर्माण कंपनियों का सर्वे आरबीआई ने किया शुरू

**मुंबई।** आरबीआई ने विनिर्माण कंपनियों के तिमाही ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे का अगला दौर शुरू किया है। इस सर्वे से केंद्रीय बैंक को अपनी मौद्रिक नीति बनाने में मदद मिलती है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सर्वे का 65वां दौर जनवरी-मार्च, 2024 (2023-24 की चौथी तिमाही) के लिए है। रिजर्व बैंक 2008 से तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे आयोजित कर रहा है। सर्वे में जुटाई जानकारी में में मिले नए ऑर्डर, मौजूद ऑर्डर और तिमाही के अंत में लंबित ऑर्डर के आंकड़े हैं।

# जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 68% बढ़कर हुई 1.1 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से घरों की बिक्री 68% बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार इस दौरान प्रमुख शहरों में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से तेजी रही। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की तिमाही रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियलः जनवरी-मार्च 2024 में कहा कि मूल्य के लिहाज से आवास बिक्री इस साल जनवरी-मार्च में 1,10,880 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 66,155 करोड़ थी। आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के कारोबार प्रमुख विकास वधावन ने कहा, घरों की बिक्री में मात्रा और मूल्य, दोनों लिहाज से वृद्धि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि सीमेंट और इस्पात सहित 200 से अधिक सहायक उद्योग इस पर निर्भर हैं। पहली तिमाही में आवास बिक्री 63 प्रतिशत बढ़कर 16.2 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.9 करोड़ वर्ग फुट थी।

## राष्ट्रीय

# प्राथमिकी रद कराने कोर्ट पहुंची एनआईए

## भूपतिनगर मामलः प. बंगाल पुलिस के कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश

कोलकाता, एजेंसी

एनआईए ने विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गए अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची।

एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने कहा कि न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने एनआईए को दिन में भोजनावकाश के बाद सत्र में आवेदन दायर करने और अदालत में जाने की अनुमति दी। याचिका में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा एनआईए अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश की गयी है। शनिवार को पूर्व मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के एक विस्फोट मामले के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गयी थी। भूपतिनगर में एनआईए अधिकारियों की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। साथ ही, कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया। इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा एक महिला का शील भंग करने का आरोप लगाया है।



- ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा महिला का शील भंग करने का लगाया है आरोप

### एनआईए अधिकारी को जारी किया समन

**कोलकाता।** प. बंगाल पुलिस ने मंगलवार को एनआईए के उस अधिकारी को समन जारी किया है, जो पूर्व मेदिनीपुर जिले में पिछले हफ्ते छापेमारी के दौरान उनकी टीम पर हुए कथित हमले में घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिकारी को 11 अप्रैल को भूपतिनगर पुलिस थाने में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि भूपतिनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी ने एनआईए से शनिवार को हुए हमले के दौरान क्षतिग्रस्त वाहन को भी साथ लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि वे वाहन की फोरेंसिक जांच कराना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी ने एनआईए अधिकारियों पर हमले के संबंध में भूपतिनगर के तीन ग्रामीणों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। उस दौरान जांच एजेंसी के अधिकारी पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में साल 2022 में हुए विस्फोट के संबंध में दो मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गये थे, लेकिन लोगों ने टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया था। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गये थे। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि एनआईए के अधिकारी को पुलिस थाने में 11 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। हमने उस वाहन को भी लाने के लिए कहा है जो इस कथित हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था।

# द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर एवं अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी

**चेन्नई।** ईडी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मदद से धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसर की तलाशी ले रहे हैं। इस दौरान कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी की जा रही है।

# टीएमसी नेताओं ने 24 घंटे बाद दिल्ली में थाने के सामने प्रदर्शन किया समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर धरने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने 24 घंटे के बाद मंगलवार शाम को मंदिर मार्ग पुलिस थाने के समक्ष अपना धरना सामप्त कर दिया। सौरभ भारद्वाज और दिलीप पांडे समेत आप नेताओं ने तृणमूल नेताओं के साथ मुलाकात की और समर्थन दिया।

तृणमूल के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग की पीठ से मुलाकात की और मांग की कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदला जाए क्योंकि वे सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं ने बाद में घोषणा की कि वे आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठ रहे हैं।




### टीएमसी का धरना ध्यान भटकाने की कोशिश : भाजपा

कोलकाता। भाजपा ने टीएमसी नेताओं के दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय बाहर धरने को मंगलवार को 'नाटक' करार दिया और दावा किया कि यह लोकसभा चुनाव से पहले उसके नेताओं के 'कुकर्मों' से ध्यान भटकाने की कोशिश है। टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने धरने के दौरान हिरासत में ले लिया था। उन्होंने मंदिर मार्ग थाने में मंगलवार को सुबह अपना धरना जारी रखा। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, टीएमसी नेता असली मुद्दों से बचने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर तमाशा खड़ा कर रहे हैं। अगर उन्हें कोई शिकायत है तो वे अदालत का रुख कर सकते हैं।

## एक नजर

### नफरत भरे भाषणों पर प्राथमिकी दर्ज कर करें सूचित : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के विधायकों नीतीश राणे, गीता जैन और टी राजा के नफरत भरे भाषणों के रिकॉर्डिंग की व्यक्तिगत जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज होने पर अदालत को सूचित करने के लिए मुंबई और पड़ोसी मीरा भायंदर पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिये हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने सोमवार को पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया कि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर कोई सांप्रदायिक हिंसा न हो और कानून-व्यवस्था सामान्य रहे।

### लिव-इन में रहने वाले युवक ने खुदकुशी की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक ने 'पार्टनर' से हुए झगड़े के बाद कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गौर सिटी सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत का अपने 'पार्टनर' से सोमवार को झगड़ा हो गया जिसके बाद महिला फ्लैट से कहीं चली गई।

# कांग्रेस नेता सुरजेवाला को निर्वाचन आयोग का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को अभिनेत्री से नेता बनीं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ उनकी कथित अमर्यादित टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया।

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी जवाब मांगा है कि नेताओं द्वारा सार्वजनिक संवाद के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के बारे में दिए गए परामर्श का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। दोनों नेताओं को निर्वाचन आयोग को जवाब देने को कहा गया है।

सुरजेवाला से 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने को कहा गया है, जबकि खरगे को अगले दिन शाम तक का वक्त दिया गया है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने पिछले महीने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा किया और कांग्रेस नेता सुरजेवाला पर मथुरा सीट से पार्टी की उम्मीदवार हेमा मालिनी के खिलाफ 'अपमानजनक और महिला विरोधी' टिप्पणी करने का आरोप लगाया। बाद में भाजपा ने निर्वाचन आयोग से सुरजेवाला के खिलाफ शिकायत की थी। हालांकि, सुरजेवाला ने दावा किया था कि भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ ने झूठ फैलाने के लिए अभिनेत्री हेमा मालिनी से संबंधित टिप्पणी वाले उनके वीडियो में काट-छांट की। उन्होंने यह भी कहा था कि वह लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी का सम्मान करते हैं।



- सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी करने का मामला
- 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने का निर्देश

# मप्र : बैतूल से बसपा प्रत्याशी की मौत, चुनाव प्रक्रिया रुकी

बैतूल (मप्र), एजेंसी

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बसपा उम्मीदवार की मौत के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई है और 26 अप्रैल को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। रघुवंशी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले शाम को मध्यप्रदेश के बैतूल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी का मंगलवार को निधन हो गया है। निजी अस्पताल चलाने वाले डॉ. मनीष लश्करे ने कहा कि बसपा नेता को दिल का दौरा पड़ा और जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### द्रविड़ आंदोलन के अगुआ वीरप्पन का निधन

**चेन्नई।** द्रविड़ आंदोलन के शीर्ष नेताओं में एक और तमिल फिल्मों के दिग्गज निर्माता आरएम वीरप्पन का मंगलवार को निजी अस्पताल में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरप्पन, पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचन्द्रन और जानकी रामचन्द्रन व जे. जयललिता की सरकार में मंत्री पद पर रहे थे।

# भर्ती घोटाले में कोर्ट ने बंगाल सरकार से 23 तक फैसला करने के लिए कहा

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को राज्य में स्कूल नौकरी घोटाला मामले में कई आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के संबंध में 23 अप्रैल तक निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जो हाईकोर्ट के आदेश पर घोटाले की जांच कर रहा है, उसका मंजूरी देने के लिए आवेदन लंबित है। कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन एजेंसी को इसी परिस्थिति में काम करना है, तो क्या उसके पास समान अवसर होंगे? देरी पर नाखुशी व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मुख्य सचिव को 23 अप्रैल तक स्कूल नौकरी घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर 'स्वतंत्र और सकारात्मक' निर्णय लेने का निर्देश दिया।

# हरियाणा में कांग्रेस को मिली ताकत बीरेंद्र सिंह की घर वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भाजपा से एक दशक पुराना रिश्ता खत्म कर मंगलवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पार्टी में उनकी सिर्फ 'घर वापसी' नहीं है, विचारधारा की वापसी है। उनकी पत्नी व पूर्व विधायक प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हुईं।

बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, महासचिव रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और कुछ अन्य नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने कहा, मेरा कांग्रेस में शामिल होना न सिर्फ घर वापसी है, बल्कि ये विचारधारा की वापसी भी है। मैं ये बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने मान्यताओं को निभाया है। देश में नेताओं के लिए व्यावहारिक रूप से कुछ गरिमा व मान्यताएं हैं, जिन्हें निभाना चाहिए, क्योंकि मान्यताओं को निभाने से ही हमारा देश मजबूत होगा।



# चुनाव लड़ने वाले के लिए हर चल संपत्ति की घोषणा करना आवश्यक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा।

किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो।

गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर पीठ ने पिछले साल क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पलट कर दिया। क्रि ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। निर्दलीय उम्मीदवार श्री क्रि के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार नुनी तायांग ने चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि श्री क्रि ने अपने चुनाव नामांकन पत्र के साथ दिए गए हलफनामे में गलत घोषणाएँ की थीं।



## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 05 | 191 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 05 | 186 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स) | 05 | 08 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.344 |
| पंजाब किंग्स | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.196 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −1.370 |

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

जयपुर, एजेंसी

अब तक अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिये शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है।

कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। रॉयल्स के लिये इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होंगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। रविचंद्रन अश्विन का खराब फॉर्म हैरानी का सबब है जिन्होंने अभी तक चार मैचों में एक ही विकेट लिया है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाये हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पंजाब किंग्स के शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों के सामने वे कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## महिला पैराग्लाइडर की गिरकर मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ उपमंडल के अंतर्गत बीर बिलिंग फ्लाइंग रेंज में पैराग्लाइडिंग करते समय एक महिला पैराग्लाइडर की मौत हो गई। मृतक रितु चोपड़ा पत्नी भारतीय वायु सेना के पूर्व विंग कमांडर आशुतोष चोपड़ा निवासी सेक्टर 25 नोएडा, गौतमबुद्धनगर बीड में पैराग्लाइडिंग कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। पीड़िता ने अचानक क्राफ्ट पर नियंत्रण खो दिया और वह जमीन पर गिर गई।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने मैच जीता लेकिन पंजाब ने लोगों का दिल

### पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 46 और आशुतोष शर्मा ने नाबाद 33 रनों की पारी खेलकर अंत तक मैच का रोमांच बनाया

## नितीश के अर्धशतक और गेंदबाजों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को 2 रनों से हराया




अर्शदीप सिंह

मुल्लांपुर, एजेंसी

नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को दो रन से हरा दिया है।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत खराब रही और कमिंस ने जॉनी बेयरस्टो को शून्य पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह चार रन भुवनेश्वर का शिकार बन गये। कप्तान शिखर धवन भी 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 10वें ओवर में सैम करेन 29 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद उनादकट ने सिकंदर रजा को 28 रन पर आउट कर दिया। जितेश शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने नाबाद 46 रन बनाये। वहीं आशुतोष शर्मा 33 बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले। पैट कमिंस, थंगारसु नटराजन, नितीश कुमार रेड्डी और जयदेव उनादकट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया था। महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। हैदराबाद ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में ऐडन मार्करम भी बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हेनरिक क्लासेन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके। हर्षल पटेल और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले।




नितीश कुमार रेड्डी

### हैदराबाद 182/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड का धवन बो अर्शदीप सिंह | 21 | 15 | 4/0 |
| अभिषेक शर्मा का शशांक सिंह बो करेन | 16 | 11 | 2/1 |
| ऐडन मार्करम का जितेश बो अर्शदीप | 00 | 02 | 0/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी का रबाडा बो अर्शदीप | 64 | 37 | 4/5 |
| राहुल त्रिपाठी को जितेश शर्मा बो पटेल | 11 | 14 | 1/0 |
| हेनरिक क्लासेन का करन बो पटेल | 09 | 09 | 1/0 |
| अब्दुल समद का पटेल बो अर्शदीप | 25 | 12 | 5/0 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |
| पैट कमिंस बो रबाडा | 03 | 04 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार का बेयरस्टो बो करेन | 06 | 08 | 0/0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 06 | 01 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** कागिसो रबाडा 4-0-32-1, अर्शदीप सिंह 4-0-29-4, सैम करेन 4-0-41-2, हर्षल पटेल 4-0-30-2, हरप्रीत बरार 4-0-48-0

### पंजाब 180/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन स्टंप क्लासेन बो भुवनेश्वर | 14 | 16 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो कमिंस | 00 | 03 | 0/0 |
| प्रभसिमरन का नितीश बो भुवनेश्वर | 04 | 06 | 1/0 |
| सैम करेन का कमिंस बो नटराजन | 29 | 22 | 2/2 |
| सिकंदर का क्लासेन बो उनादकट | 28 | 22 | 2/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 46 | 25 | 6/1 |
| जितेश का अभिषेक बो नितीश | 19 | 11 | 1/1 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 33 | 15 | 3/2 |

**गेंदबाज :** भुवनेश्वर कुमार 4-1-32-2, पैट कमिंस, 4-0-22-1, थंगारसु नटराजन 4-0-33-1, नितीश कुमार रेड्डी 3-0-33-1, जयदेव उनादकट 4-0-49-1, शाहबाज अहमद 1-0-10-0

## खेल डायरी

### पाकिस्तान के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला के लिये अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालीन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है।

### तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जायेगी। श्रृंखला का पहला मैच क्राइस्ट चर्च में खेला जायेगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा। दोनों टीमों की टेस्ट श्रृंखला में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की श्रृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे।

### जोकोविच ने उम्रदराज खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं।

### भारतीय दौड़ में लेकिन नेपोम्नियाश्चि प्रबल दावेदार

**टोरंटो।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मुकाबले अभी ही शुरू हुए हैं लेकिन भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती का प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है। ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं।

### भारतीय महिला टेनिस टीम की विजयी शुरुआत

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3-0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में आज खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में पैसिफिक ओशिनिया की मेहेतिया बूसी और रूबी कॉफिन की जोड़ी को 6-1, 6-3 से हराया। भारतीय टेनिस टीम बुधवार को मेजबान चीन से भिड़ेगी। चीनी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मैच भी 2-1 से जीता।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में आमिर, इमाद की टीम में वापसी

लाहौर, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस श्रृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शाफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है।

**पाकिस्तानी टीम**

बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

## हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।

# ऐश्वर्या का चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

नयी दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।



पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तारीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, ''एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।'' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

# बॉलीवुड हलचल


## 'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर



**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवारा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।

**10 अक्टूबर को रिलीज होगा पहला भाग**

## 11 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार-टाइगर श्राफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' 11 अप्रैल को रिलीज होगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां में' अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म के रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। चूंकि भारत में 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी, इसलिए दर्शकों के लिए इसे खास बनाने के लिए निर्माताओं ने त्योहार के दिन ही फिल्म रिलीज करने का फैसला किया है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में स्टार अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख हैं।

## अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने भी उसके लिए अपनी स्वीकृति दे दी। फिल्म की कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसे एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्माताओं की योजना अगले महीने से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

